सूर्योदय 5:27 सूर्यास्त 7:07

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 19.4 न्यू | 30.0 अधि |
| धर्मशाला | 23.0 न्यू | 36.1 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 74005.94 |
| निफ्टी | 22502.00 |
| सोना 72,870 | चांदी 93,000 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार



इंपैक्ट खिलाड़ी के नियम ने खेल का संतुलन बिगाड़ा: कोहली

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | रविवार, 19 मई, 2024 | 6 ज्येष्ठ, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 151, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र अपील: समानता, न्याय और प्रगति के लिए वोट करें



## आज के मैच

सनराइजर्स हैदराबाद vs पंजाब किंग्स

समय: दोपहर 3:30 बजे (हैदराबाद)

राजस्थान रॉयल्स vs कोलकाता नाइट राइडर्स

समय: रात 7:30 बजे (गुवाहाटी)

## न्यूज शॉर्ट्स

### अफगानिस्तान में स्पेन के तीन पर्यटकों की हत्या

**काबुल।** अफगानिस्तान में लंबे समय से आपराधिक स्थिति में सुधार नहीं हुआ है। शुक्रवार रात अफगानिस्तान में भीषण गोलीबारी हुई। यह घटना अफगानिस्तान के बामियान शहर में हुई, जब कुछ लोगों ने अचानक से गोलीबारी शुरू कर दी। इस गोलीबारी में चार लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में तीन स्पेन के पर्यटक थे।

### छत्तीसगढ़ में मुठभेड़ में एक नक्सली ढेर

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के सुकमा में टेटराई तोलनाई के जंगल में आज सुबह पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हो गई। पुलिस ने मुठभेड़ में एक नक्सली को मार गिराया है। पुलिस ने भारी मात्रा में विस्फोटक व अन्य नक्सली सामाग्री भी बरामद की है। फिलहाल पुलिस टीम पूरे इलाके की तलाशी ले रही है।

### घुसपैठ करते पकड़ा भारतीय नागरिक

**कूचबिहार।** भारत-बांग्लादेश सीमा पर तैनात उत्तर बंगाल फ्रंटियर के जलपाईगुड़ी सेक्टर के अंतर्गत 6वीं बटालियन सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की बॉर्डर आउट पोस्ट (बीओपी) करण के सीमा प्रहरियों ने एक भारतीय नागरिक को घुसपैठ करते पकड़ा है। पकड़े गए भारतीय नागरिक का नाम दयाल दास (34) है। दयाल दास को उस समय पकड़ा गया, जब वह अवैध रूप से बांग्लादेश से भारत की सीमा पार करने की कोशिश कर रहा था।

### पतंजलि की दवाओं के लाइसेंस पर लगा बैन हटा

**नई दिल्ली।** पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड और दिव्य फार्मेसी की एक दर्जन से अधिक दवाइयों के विनिर्माण लाइसेंस निलंबित किए जाने संबंधी हाल के एक आदेश के क्रियान्वयन पर अंतरिम रोक लगा दी गई है। दरअसल, पिछले महीने बाबा रामदेव बाबा की पतंजलि के 14 प्रोडक्ट्स के मैन्युफैक्चरिंग लाइसेंस को सस्पेंड कर दिया गया था। इस मामले में एक हाई लेवल कमेटी ने सरकार को अपनी शुरुआती जांच रिपोर्ट पेश की, जिसमें कमेटी ने कहा कि प्रोडक्ट्स का लाइसेंस सस्पेंड करने का ऑर्डर अवैध था।

### लोकसभा चुनाव : 8889 करोड़ ड्रग्स-कैश बरामद

**नई दिल्ली।** देशभर में लोकसभा चुनाव के पांचवे चरण तक 8,889 करोड़ रुपए की नकदी और ड्रग्स बरामद की गई है। अधिकारियों द्वारा बरामद की गई वस्तुओं में सबसे बड़ा हिस्सा यानी 45 प्रतिशत हिस्सा प्रतिबंधित दवाओं का है। करीब 3,959 करोड़ रुपए की ड्रग्स जब्त की गई है। चुनाव अधिकारी ने कहा कि ड्रग्स, शराब, कीमती धातुएं, मुफ्त चीजें और नकदी अलग-अलग स्तर पर चुनावों को प्रभावित करते हैं।

## अनंत व्यंग्य




# पाकिस्तान के हाथों में पहले बम था, अब भीख का कटोरा : मोदी

## अंबाला में पीएम ने कहा-कश्मीर अब विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा

**एजेंसी, अंबाला**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरियाणा के अंबाला में शनिवार को चुनावी रैली को संबोधित किया। उन्होंने कांग्रेस पर अपना हमला तेज करते हुए कहा कि यह उनकी धाकड़ सरकार थी, जिसने अनुच्छेद 370 की दीवार को गिरा दिया। इसी के चलते कश्मीर अब विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है।

जब देश में धाकड़ सरकार होती है, तो दुश्मन कुछ भी करने से पहले 100 बार सोचता है। जिस पाकिस्तान के हाथों में पहले बम थे, अब उसके हाथों में भीख का कटोरा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस



का इतिहास भारत की सेनाओं और सैनिकों को धोखा देने का रहा है। उन्होंने जीप घोटाले का जिक्र किया, जोकि कांग्रेस शासन के दौरान पहला घोटाला था।

पीएम मोदी ने रैली को संबोधित करते हुए उपस्थित जनसमूह से सवाल किया। उन्होंने पूछा, 'क्या एक कमजोर सरकार जम्मू-कश्मीर में हालात बदल सकती थी?'

सशस्त्र बलों में हरियाणा की ओर से बड़ी संख्या में सैनिकों के योगदान का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस सत्ता में थी, तो हरियाणा में माताएं अपने बच्चों की सुरक्षा के बारे में सोचकर चिंतित थीं। मोदी ने वहां मौजूद लोगों से पूछा, 'क्या अब ऐसी चीजें बंद हो गई हैं या नहीं?' इस पर रैली में जुटे लोगों ने जोर से हां में जवाब दिया।

### देश की 140 करोड़ जनता मेरी वारिस

**मोदी** ने शनिवार को उत्तर पूर्वी दिल्ली में जनसभा की। उन्होंने कहा कि मेरा कोई वारिस नहीं है। देश के 140 करोड़ देशवासी मेरे वारिस हैं। मैं आपके लिए ही दिन-रात मेहनत कर रहा हूं। मेरा पल-पल आपके लिए है। जनता के सपनों के लिए मेरा जीवन कुर्बान है। पीएम ने कहा कि कांग्रेस की 4 पीढ़ियों ने दिल्ली पर राज किया, लेकिन आज इनमें दिल्ली की 4 सीट पर लड़ने की ताकत नहीं रही। कांग्रेस वहां भी नहीं लड़ पा रही है, जहां इनका 10 जनपथ का दरबार है।

# हरियाणा में चलती बस में लगी आग, 10 श्रद्धालु जिंदा जले

## चंडीगढ़, पंजाब के लोग मथुरा व वृंदावन से घर लौट रहे थे

**एजेंसी, नूंह (हरियाणा)**

शुक्रवार आधी रात के बाद श्रद्धालुओं से भरी बस में अचानक आग में 10 लोग जिंदा जल गए। हादसे में दो दर्जन से अधिक लोग झुलस गए। घटना की सूचना के साथ ही प्रशासन ने नूंह से लेकर गुरुग्राम तक सरकारी अस्पतालों को अलर्ट कर दिया। घायलों को अलग-अलग अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार नूंह के उपमंडल तावडू क्षेत्र में केएमपी एक्सप्रेस पर सुबह श्रद्धालुओं से भरी एक बस गुजर रही थी। बस में चंडीगढ़, पंजाब के लोग मथुरा व वृंदावन से दर्शन करके अपने घर लौट रहे थे। शुक्रवार-शनिवार रात करीब डेढ़ बजे जैसे ही उनकी बस तावडू क्षेत्र में पहुंची तो बस से आग की लपटें निकलने लगी। देखते ही देखते आग बस में फैलती चली गई। आनन-फानन में बस को



रोककर यात्रियों को उतारना शुरू किया गया। तब तक काफी यात्री आग की चपेट में आ चुके थे।

आग 10 लोगों की तो मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। करीब दो दर्जन आग से झुलस गए, जिन्हें आसपास के अस्पतालों में भर्ती कराया गया। आग की सूचना पाकर दमकल विभाग, आपदा प्रबंधन विभाग व प्रशासनिक अमला भी मौके पर पहुंचा।

# जवान और सरहदें मोदी राज में सुरक्षित : अनुराग

## केंद्रीय मंत्री ने कहा-फॉर्म दोबारा भरवाकर जनता को ठगने निकली कांग्रेस

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी**

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस राज में न हमारी सेना सुरक्षित थी, न हमारी सीमा, जबकि मोदी के शासनकाल में हमारी सेना मजबूत हुई, सेना का मनोबल बढ़ा और हमारी सीमा चाक-चौबंद हुई। हिमाचल में कांग्रेस ने पहले तो अपनी झूठी गारंटियां पूरी नहीं कीं, अब जनता को ठगने के लिए फॉर्म दोबारा भरवाते घूम रहे हैं।

अनुराग ने ये बातें शनिवार को चिंतपूर्णी और जसवां-प्रागपुर विधानसभा क्षेत्र में आयोजित दर्जनभर जनसभाओं में कहीं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का हाथ हमेशा विदेशी ताकतों के साथ रहता है। इन्होंने हजारों एकड़ भारतीय भूमि दुश्मनों के हवाले कर दी और उसके बाद भी आज जब हमारी सेना डोकलाम में अपनी वीरता का परिचय दे रही थी, तब राहुल गांधी चीनी अधिकारियों के साथ मीटिंग कर रहे थे। जब हमारी सेना ने आतंकियों को पाकिस्तान में घुसकर मारा, तब ये लोग सर्जिकल स्ट्राइक का सबूत मांग रहे थे। आज भी जब चुनाव सिर पर है, तब ये लोग कह रहे हैं कि भारत के परमाणु हथियारों को खत्म कर देना चाहिए। एक ओर यह लोग भारतीय परमाणु हथियारों को खत्म करने की बात कर रहे हैं और तो दूसरी ओर हमें पाकिस्तान के एटम बम का डर दिखा रहे हैं।



एक चुनावी सभा को संबोधित करते केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर।

उनके दौर में पाकिस्तान से आतंकी आकर भारतीयों को सरेआम मारते थे और कांग्रेस की सरकार हाथ पर हाथ धर कर बैठी रहती थी। सरहदों पर पाकिस्तान हमारे सैनिकों के सिर काट लेता था, मगर कांग्रेस की सरकार मौन धारण किए रहती थी। जब हमारे जवान अपने शौर्य को दिखाते हुए आतंकियों को मार गिराते थे तो कांग्रेस हमारे जवानों के शौर्य पर सवाल खड़ा करती थी और आतंकियों की मौत पर आंसू बहाते थे, मगर पिछले 10 वर्षों में मोदी ने हमारी सेना को इतना सशक्त और आत्मनिर्भर बनाया है कि आज हमारी सेना दुश्मनों के ईंट का जवाब पत्थर से देती है।

# ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा से दूर भाग रही है भाजपा : सीएम सुक्खू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, नादौन/हमीरपुर**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने नादौन में पत्रकारों के साथ बातचीत में कहा कि केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर दस साल से रेल लाइन का सिर्फ राग अलाप रहे हैं, केंद्र सरकार से वह रेल लाइन को आज तक मंजूरी नहीं दिला पाए।

कांग्रेस सरकार ने रेल लाइन के लिए बजट देने की कोई बात कभी नहीं कही। उन्होंने रेल लाइन की घोषणा खुद की, लेकिन अब दोष कांग्रेस सरकार पर मढ़ रहे हैं। उन्होंने रेलवे के नाम पर लोगों को बरगलाने का काम किया, बजट में हर साल मात्र 1000 रुपए बजट डलवाते रहे।

कांगड़ा, हमीरपुर, मंडी संसदीय क्षेत्र से ज्यादा युवा देश की सेवा के लिए सेना में जाते है। सवाल पैदा होता है कि सेना में जाने वाले युवाओं की रुचि कम क्यों हुई है। क्यों भाजपा अग्निवीर योजना लाई, चार साल की नौकरी युवाओं को सेना में क्यों मिल रही है। निश्चित तौर पर भाजपा ज्वलंत मुद्दों से दूर भाग कर अपनी राजनीति चमका रही है। उन्हें युवाओं को जवाब देना चाहिए कि उनके भविष्य से खिलवाड़ क्यों किया। मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा भाजपा चुनाव में हमेशा ध्यान भटकाने का कार्य करती आई है। मैंने मेडिकल कॉलेज को हमीरपुर में लाया है और कैंसर अस्पताल हमीरपुर के लिए स्वीकृत किया।

आपदा में कांग्रेस सरकार ने लोगों को राहत देने के लिए सराहनीय कार्य किया है। कर्मचारियों को पुरानी पेंशन दी गई। महिलाओं को 1500 रुपए देने की गारंटी भी कांग्रेस सरकार ने पूरी की है, लेकिन भाजपा चुनाव आयोग पर इस योजना को बंद करने का दबाव बना रही है। भाजपा चाहे जितना मर्जी दबाव बना ले, लेकिन चुनावों के बाद दो महीने की किस्त महिलाओं को जारी की जाएगी।

### कहा-आपदा में कांग्रेस सरकार ने लोगों को राहत देने के लिए सराहनीय कार्य किए



# हिमाचल में बनी सात दवाओं के सैंपल फेल, नोटिस जारी

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) की जांच में देश के विभिन्न राज्यों में निर्मित 50 दवाएं सब-स्टैंडर्ड पाई गई हैं। सीडीएससीओ द्वारा जारी अप्रैल माह के ड्रग अलर्ट में हिमाचल की सात दवाइयां सुरक्षा मानकों पर फेल हुई हैं, जिनमें जीवाणु संक्रमण, उच्च रक्तचाप, सूखी खांसी, अलता और रक्त जमाव जैसी सामान्य बीमारियों के उपचार की दवाएं शामिल हैं।

प्रदेश में बनी दवाओं में सेफिक्सिम डिस्पर्सिबल टैबलेट, कार्वेदिलोल, नियोस्टिग्माइन मेह्टीसल्फेट इंजेक्शन, एक्सएल ड्राई-डी कैप्सूल, स्टोमकूल डीएसआर कैप्सूल, टेल्मिसर्टन टैबलेट और यूकोइड-ए टैबलेट शामिल हैं।




सीडीएससीओ द्वारा जारी अप्रैल माह के ड्रग अलर्ट में खुलासा हुआ है कि इन दवाओं का निर्माण बद्दी, कालाअंब, मैहतपुर और नालागढ़ स्थित दवा उद्योगों में हुआ है। अब राज्य ड्रग विभाग ने संबंधित दवा उद्योगों को नोटिस जारी करते हुए दवाओं के स्टॉक को बाजार से रिकॉल करने के आदेश जारी कर दिए हैं।

### भाजपा अध्यक्ष के साथ तस्वीर लेने पर शिक्षक निलंबित

**नाहन।** सिरमौर में चुनाव प्रचार के दौरान एक शिक्षक को भाजपा अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल व शिमला संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी सुरेश कश्यप के साथ तस्वीरें लेना महंगा साबित हुआ। शिक्षक प्रशांत शर्मा को निलंबित कर दिया गया है। शिकायत चुनाव आयोग को शिमला भेजी गई थी।

शिकायत में आरोप लगाया गया कि शिक्षक प्रशांत शर्मा के फोटो सोशल मीडिया पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल और प्रत्याशी के साथ अपलोड किए गए है, जो चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन है। प्रारंभिक शिक्षा विभाग के उपनिदेशक राजीव ठाकुर ने मामले की पुष्टि की है।

# स्वाति मालीवाल से मारपीट के मामले में केजरीवाल के पीए बिभव गिरफ्तार

**एजेंसी, नई दिल्ली**



आम आदमी पार्टी (आप) की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल से मारपीट के मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निजी सचिव बिभव कुमार को दिल्ली पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। बिभव को गिरफ्तार करने के बाद पुलिस उन्हें सिविल लाइन थाने लेकर गई है।

बिभव कुमार के वकील करण शर्मा ने कहा कि अभी तक पुलिस से कोई जानकारी नहीं मिली है। हमने उन्हें एक ई-मेल भेजा है कि हम जांच में सहयोग करेंगे। वहीं, मेडिकल रिपोर्ट में स्वाति मालीवाल को चोट लगने की पुष्टि हुई है। इस संबंध में उनकी मेडिकल रिपोर्ट सामने आई है। इसमें दाएं गाल और बाएं पैर पर चोट के निशान पाए गए हैं।

मुख्यमंत्री आवास पर 13 मई को हुई मारपीट के मामले में एक सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। फुटेज में सुरक्षाकर्मी स्वाति को मुख्यमंत्री आवास से बाहर ले जाते हुए दिखाई दे रहे हैं।

### जमानत याचिका खारिज

बिभव कुमार की अग्रिम जमानत याचिका को तीस हजारी कोर्ट ने खारिज कर दी। सुनवाई के दौरान वरिष्ठ वकील एन हरिहरन ने दलील दी कि उनके मुवक्किल दोपहर 12 बजे से पुलिस स्टेशन में मौजूद है।

उनकी गिरफ्तारी की आशंका है क्योंकि उनके खिलाफ आईपीसी 308 समेत अन्य धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है और कोई ऐसी धारा नहीं लगी है जिसमें 7 साल से ज्यादा की सजा हो। इसका विरोध करते हुए एडिशनल पब्लिक प्रॉसीक्यूटर ने कोर्ट को बताया कि बिभव कुमार को गिरफ्तार किया जा चुका है। कोर्ट ने कहा, 'आरोपी पहले ही गिरफ्तार हो गया है। इसलिए इस पर सुनवाई का कोई मतलब नहीं बनता, याचिका निष्प्रभावी हो गई है।'

### टोंस नदी में डूबा पांवटा साहिब का युवक, मौत

**नाहन।** जिला सिरमौर के उपमंडल पांवटा साहिब का एक युवक कालसी थाना क्षेत्र केकोटी इच्छाड़ी मोटर मार्ग पर लालढांग के पास नहाते हुए टोंस नदी में डूब गया, जिस कारण उसकी मौत हो गई है। मृतक की पहचान अनुराग चौहान (18) पुत्र श्याम सिंह थाना पुरुवाला, किलौड़ गांव के रूप में हुई है। शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है।

जानकारी के अनुसार युवक अपने छह दोस्तों के साथ जन्मदिन की पार्टी मनाने टोंस नदी के किनारे आया था। इस दौरान सभी दोस्त नदी में नहाने उतरे और नहाते समय अनुराग नदी में बह गया। सूचना मिलते ही एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और युवक के शव को नदी से बाहर निकाला।

**अलर्ट** मई महीने में चार दिनों में गर्मी चरम पर, हमीरपुर का नेरी और ऊना रहा सबसे गर्म

# प्रदेश के सात जिलों में लू चलने की चेतावनी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में मई के महीने में गर्मी अपने चरम पर है और मैदानी इलाकों में पिछले चार दिनों से पारा 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर बना हुआ है। राज्य में शनिवार को भी तेज धूप खिली थी। आलम यह है कि मैदानी इलाकों के साथ पहाड़ी क्षेत्रों में भी गर्मी के तीखे तेवर हैं। शिमला, मनाली, धर्मशाला और डल्हौजी का रुख करने वाले सैलानियों को गर्मी से खास निजात नहीं मिल रही।

मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में शिमला समेत सात जिलों में लू चलने की चेतावनी दी है। सिरमौर बिलासपुर, हमीरपुर, कांगड़ा, ऊना, सोलन और शिमला में कुछ स्थानों पर लू चलने का अलर्ट जारी किया गया है।



मौसम विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि लू चलने की संभावना तब पैदा होती है जब किसी मौसम केंद्र का अधिकतम तापमान मैदानी इलाकों में कम से कम 40 डिग्री सेल्सियस, तटीय क्षेत्रों में 37 डिग्री और पहाड़ी क्षेत्रों में 30 डिग्री तक पहुंच जाता है।

### शिमला की रातें हमीरपुर से गर्म

**राज्य** के न्यूनतम तापमान में उछाल आने से रातें भी गर्म हो गई हैं। शुक्रवार रात राज्य के औसतन न्यूनतम तापमान में करीब 0.1 डिग्री का उछाल आया। शिमला का न्यूनतम तापमान मैदानी जिला हमीरपुर से भी अधिक पहुंच गया है। शिमला में न्यूनतम तापमान 19.4 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि हमीरपुर में 18.4 डिग्री, सुंदरनगर में 17.8, धर्मशाला में 23, ऊना में 21, नाहन में 22.1, पालमपुर में 21, सोलन में 18, कांगड़ा में 20.9, मंडी में 17.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### अधिकतम तापमान

डिग्री सेल्सियस में

| | |
|---|---|
| नेरी | 44.1 |
| ऊना | 43.6 |
| धौलाकुआं | 42.4 |
| बिलासपुर | 42.8 |
| बरठीं | 40.7 |
| सुंदरनगर | 39.8 |
| कांगड़ा | 39.8 |
| चंबा | 39.3 |
| हमीरपुर | 37.1 |

# लोकसभा चुनाव : पांचवें चरण के लिए चुनाव प्रचार थमा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

लोकसभा चुनाव-2024 के लिए पांचवें दौर का चुनाव प्रचार शनिवार को थम गया। 20 मई को होने वाले मतदान के दौरान छह राज्यों उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, ओडिशा, झारखंड और दो केंद्र शासित प्रदेशों जम्मू-कश्मीर और लद्दाख की कुल 49 सीटों पर मतदाता वोट डालेंगे। पांचवें चरण का मतदान पूरा होते ही देश की 543 लोकसभा सीटों में से 428 सीटों पर मतदान संपन्न हो जाएगा। पांचवें चरण की 49 सीटों पर कुल 695 प्रत्याशी मैदान में हैं।

### आठ राज्यों की 49 सीटों पर होगा मतदान

| | | | |
|---|---|---|---|
| बिहार | 05 सीटें | उत्तर प्रदेश | 14 सीटें |
| झारखंड | 03 सीटें | पश्चिम बंगाल | 07 सीटें |
| महाराष्ट्र | 13 सीटें | जम्मू-कश्मीर | 01 सीटें |
| ओडिशा | 05 सीटें | लद्दाख | 01 सीटें |

## प्रिय पाठकों के लिए

### वोट के लिए आपके मन की बात



लोकसभा चुनाव और विधानसभा उपचुनाव की गहमागहमी शुरू हो चुकी है। लोकतंत्र के इस महापर्व में हिमाचल प्रदेश में पहली जून को वोटिंग होनी है। युवा, महिलाएं, व्यापारी, पेशेवर, नौकरशाह, मजदूर और उद्योगपतियों सहित अन्य मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करते समय चुने जाने वाले नुमाइंदों और नई सरकार से क्या उम्मीद रखेंगे? इस विषय पर अपने विचार अधिकतम 50 शब्दों में लिखकर फोटो सहित 'अनंत ज्ञान' को भेजें। चयन के बाद आपके विचार प्रकाशित किए जाएंगे। ध्यान रहे, आरोपात्मक और नकारात्मक या व्यक्ति विशेष टिप्पणियों को स्थान नहीं दिया जाएगा।

आप अपनी राय हमें ई-मेल : editoranantgyaan @gmail.com पर भेज सकते हैं।

यदि आप व्यक्तिगत रूप से अपने विचार देना चाहते हैं तो व्हाट्सऐप नंबर: 8894521702 पर भी भेज सकते हैं।

## चुनावी चुटकी

### आंधी को देख रहे हैं



**किसी** नाम की आंधी आएगी और सीटें उड़ाकर ले जाएगी। आंधी चल पड़ी है, लंबी भी है और चौड़ी भी है। आंधी सुंदरता के मामले में भी बहुत अच्छी होगी। हिमाचल के लोग भी आंधी का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। वे चाहते हैं कि चुनावों के बीच ही आंधी आए और सबको उसके दर्शन भी हो जाएं। दक्षिण में आंधी का आसार लगाया था, लेकिन बताते हैं उसका जादू नहीं चल पाया था। अब पूर्व से होकर उत्तर की दिशा में आंधी आएगी और अपना प्रभाव दिखाएगी। केंद्र की सत्ता वाले इस आंधी पर ही अब आस लगाए बैठे हैं। उधर हिमाचल की जनता भी आंधी को पहाड़ पर चढ़कर देख रहे हैं। दूर दूर तक आंधी नजर नहीं आ रही है। हवा भी गर्म हो चुकी है और वह लूह बन गई है। अब आग बरसाती लूह में आंधी आई तो वह झुलस भी सकती है। उसकी शक्ल खराब हो गई तो आंधी को देखने वालों को आघात पहुंचेगा। आंधी दो बार पहले भी आई थी, सुनामी भी बन गई थी। अब जनता न जाने क्या समझ बैठी है। वह आंधी किसी ग्लैमर को मानने लगी है। रौनकी ताऊ ने भी इस आंधी को लेकर सफाई दी है। ताऊ की बात को कोई सुनने को ही तैयार नहीं हो रहा था। केंद्र की सत्ता वाले आंधी आने की बात करते हुए उसका गुणगान कर रहे हैं, तो विपक्ष वाले आंधी के लुप्त हो जाने की बात कर रहे हैं। आम जनता जिस आंधी का इंतजार कर रही है वह उनके सपनों की आंधी है। ताऊ मानते हैं कभी आंधी भी आई थी, तूफान भी बनी थी और सुनामी भी बनाई थी। इस बार न तो आंधी है और न ही तूफान, आंधी के सहारे बैठे लोगों का दिख रहा नुकसान। -राजेश शर्मा

### राणा जी मुझे माफ करना



**राणा** जी मुझे माफ करना, गलती म्हारे से हो गई। अब साल भर से जिसने नाक पर दम करके रखा हो, रातों को भी नींद खराब कर रखी हो। गलती से भी उसका नाम मुंह से निकलना कोई भूल नहीं हो सकता। इत्तेफाक की बात है कि अपने सियासी दुश्मन की तस्वीर आंखों के सामने रहती है। अब जिस राणा के लिए वोट मांगने गए थे, उस राणा का कभी नाम मुंह पर चढ़ा नहीं था और जिस राणा के पीछे पड़े थे, उस राणा का नाम तो मुंह पर रहेगा ही न। अब वोट राणा को देंगे न, यह बात बोली थी इसपर जनता का भी तो फर्ज बनता था कि वह मना कर देती। शायद नेता जी मंच से लोगों की परीक्षा ले रहे थे। ये मीडिया वाले हैं कुछ भी चला देते हैं। अब साहब ने तो मंच से परीक्षा ली थी। अब लोग चुप ही रहे तो क्या किया जा सकता है। रणजीत और राजेंद्र नामों में फर्क भी ज्यादा नहीं है। काम का बोझ भी असर कर देता है। सैकड़ों कारण हैं, लेकिन जनता मूर्ख थोड़े हैं। अगर गलती हो भी गई तो उनको भी पता है कि साहब वोट किसके लिए मांग रहे हैं। रौनकी ताऊ भी गांधी चौक से सब कुछ देख रहे हैं। ताऊ का कहना है कि सुजानपुर ऐसा विधानसभा क्षेत्र है, जहां गलतियां जनता और नेताओं से होती रहती हैं। कभी यहां मुख्यमंत्री पद के दावेदार को हार का मुंह देखना पड़ता है तो कई दफा उल्टफेर होता है। अब उल्टफेर की आदि क्षेत्र की जनता को देखते हुए कुछ ऐसा बोला गया हो। अब सुजानपुर की जनता क्या मतलब निकालती है यह चार जून बताएगी।

आम लोगों को मतदान के महत्व से अवगत करवाने के लिए 'स्वीप' के तहत मैराथन और साइक्लोथॉन का आयोजन

# मंडी में रन फॉर वोट, हमीरपुर में 'फिट मतदाता, देश का भाग्य विधाता'

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

लोकसभा चुनाव में जिला मंडी में शत प्रतिशत मतदान को लेकर स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत अनेक जागरूकता कार्यक्रम किए जा रहे हैं। शनिवार को मतदाताओं को जागरूक करने के लिए रन फॉर वोट मंडी मैराथन का आयोजन किया गया।

मैराथन को जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उपायुक्त ने मैराथन विजेताओं को पुरस्कृत भी किया। इससे पहले उन्होंने सभी को मतदान करने की शपथ दिलाई। 5 किलोमीटर की मंडी मैराथन सगे भाईयों रमेश कुमार और नगेंद्र पाल पुत्र नानक चंद ने क्रमश: 14 मिनट 47 सेकेंड और 14 मिनट 49 सेकेंड में तय कर प्रथम और दूसरा स्थान अर्जित किया। तीसरे स्थान पर सुरेश कुमार पुत्र रूप सिंह रहे। मैराथन में एसडीएम ओम कांत ठाकुर, एएसपी सागर चंद्र, सीएमओ नरेंद्र भारद्वाज सहित अन्य अधिकारी शामिल रहे।



मैराथन में शामिल हुए सभी धावक उपायुक्त मंडी के साथ समूहिक चित्र में।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

आम लोगों को मतदान के महत्व से अवगत करवाने तथा उन्हें मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए शनिवार को हमीरपुर में भारत निर्वाचन आयोग के मतदाता जागरूकता कार्यक्रम 'स्वीप' के तहत साइक्लोथॉन आयोजित की गई तथा 'फिट मतदाता, देश का भाग्य विधाता' की शुरुआत की गई। मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने शनिवार सुबह 6 बजे डीसी ऑफिस से साइक्लोथॉन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

यह साइक्लोथॉन उपायुक्त कार्यालय परिसर से शुरू होकर गांधी चौक, भोटा चौक, बाईपास रोड, नाल्टी चौक, गवर्नमेंट आईटीआई तथा नादौन चौक होते हुए वापस उपायुक्त कार्यालय परिसर में समाप्त हुई। इसमें बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लेकर मतदान का संदेश दिया। इसके बाद मुख्य सचिव ने बी-फिट जिम में 'फिट मतदाता, देश का भाग्य विधाता' कार्यक्रम का शुभारंभ भी किया। कार्यक्रम के दौरान हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधीश अमरजीत सिंह, भारत निर्वाचन आयोग के सामान्य पर्यवेक्षक श्याम लाल पूनिया, व्यय पर्यवेक्षक डॉ. कुंदन यादव, एसपी पदम चंद, एडीसी मनेश यादव आदि उपस्थित थे।



साइक्लोथॉन को हरी झंडी दिखाते मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना।

# परिवारवाद और भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने वाला है विपक्षी गठबंधन : नड्डा

## रैहन, चंबा और कुनिहार में आयोजित जनसभाओं में विपक्ष पर साधा निशाना

**टीम, रैहन/चंबा/सोलन**

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने शनिवार को अपने हिमाचल दौरे के दौरान कांगड़ा के नूरपुर, चंबा के चौगान और सोलन के कुनिहार में विशाल जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने विपक्षी गठबंधन और प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि यह गठबंधन परिवारवाद और भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने वाला है। इन लोगों का मकसद सिर्फ परिवारवाद और भ्रष्टाचार को ही देश में मजबूत करना है। आम लोगों से इनका कोई लेना-देना नहीं है।

उन्होंने कहा कि इस गठबंधन में जितने भी दल शामिल हैं, वह सिर्फ अपने परिवार से ही मुख्यमंत्री बनाने वालों में हैं। इन दलों के अधिकांश नेता जेल और बेल पर हैं। जेपी नड्डा ने शनिवार को हिमाचल दौरे के दौरान कांगड़ा संसदीय क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी डॉ. राजीव भारद्वाज के पक्ष में फतेहपुर के रैहन में और चंबा के चौगान में जनसभा को संबोधित करते हुए यह बात कही। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा ने कहा कि वहीं, दूसरी ओर मोदी ने पिछले 10 वर्षों के दौरान देश में सिर्फ विकासवाद की राजनीति की है। उन्होंने कहा कि मोदी के कार्यकाल में भारतीय राजनीति का चाल चरित्र, परिभाषा और संस्कृति सब बदल गया है। एक समय था जब लोगों की सोच होती थी कि भारत में जो जैसा चल रहा है वैसा ही रहेगा, लेकिन अब भारत बदल रहा है और लोगों की मानसिकता भी बदल रही है। मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए देश की जनता मन बना चुकी है। मोदी के राज में बदल रहे भारत की स्थिति विश्व भर में बेहतर हो रही है। विश्व भर के बड़े देशों अमेरिका, यूरोप, चीन, जापान और रूस जैसे देशों की अर्थव्यवस्था डगमगा रही है, वहीं भारत की अर्थव्यवस्था 11वें पांचवें स्थान पर पहुंच गई है। यही अर्थव्यवस्था आने वाले समय में मोदी के राज में तीसरे स्थान पर पहुंच जाएगी। कुनिहार में उन्होंने शिमला संसदीय सीट से पार्टी प्रत्याशी सुरेश कश्यप को जिताने की अपील की।



रैहन में शक्ति प्रदेर्शन करते राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा व भाजपा के नेता।

### डॉ. राजीव को सांसद बनाने का फैसला कर चुकी जनता

**जवाली।** शनिवार सुबह भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा कांगड़ा जिले के फतेहपुर के रैहन पहुंचे। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने जनसभा में जुटी भीड़ को देखकर कहा कि लगता है कि पार्टी के कांगड़ा-चंबा से कैंडिडेट डॉ. राजीव भारद्वाज को सांसद बनाने का जनता ने मन बना लिया है।



रैहन में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के संबोधन को सुनते स्थानीय लोग व भाजपा के कार्यकर्ता।

# सेब उद्योग को बचाने के लिए भाजपा को हराना जरूरी : रोहित ठाकुर



जनसभा को संबोधित करते शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर व विनोद सुल्तानपुरी।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भाजपा की जनविरोधी नीतियों के चलते सेब की बागवानी हाशिए पर आ गई है। 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने सेब पर आयात शुल्क 100 प्रतिशत करने की बात कही थी। इसके विपरीत भाजपा ने 70 प्रतिशत से घटाकर 35 प्रतिशत तक कर दिया।

आयात शुल्क घटने के बाद देश में लगभग 44 देशों से सेब आयात किया गया, जिसका खामियाजा बागवानों को आर्थिक तौर पर उठाना पड़ रहा है। यह बात शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कही। उन्होंने कहा कि सेब उद्योग को बचाने के लिए भाजपा को हराना जरूरी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने सत्ता में आने के बाद सेब बागवानी के ज्वलंत मुद्दों का हल करने का प्रयास किया है।

सेब की बिक्री किलोग्राम से करने, यूनिवर्सल कार्टन लागू करने जैसे कई निर्णय लिए गए। रोहित ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में बागवानी समृद्ध हो सके इसके लिए सरकार ने विभिन्न जगहों पर सीए स्टोर बनाने का निर्णय लिया है। हिमाचल प्रदेश देश का पहला राज्य है, जहां दूध पर एमएसपी लागू किया गया है। रोहित ठाकुर ने जुब्बल व कोटखाई में जनता से कांग्रेस प्रत्याशी विनोद सुल्तानपुरी के लिए वोट मांगे।

# कांग्रेस ने भाजपा कार्यकर्ताओं के पीछे लगाई पुलिस : सुधीर शर्मा

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**



धर्मशाला से भाजपा प्रत्याशी सुधीर शर्मा ने प्रदेश सरकार पर भाजपा कार्यकर्ताओं को डराने व धमकाने के गंभीर आरोप लगाए हैं। सुधीर शर्मा ने कहा कि सीएम सुक्खू के इशारे पर चुनावों के दौरान सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग हो रहा है। उन्होंने हैरानी जताते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार का स्तर इतना गिर गया है कि अब वह प्रचार को धर्मशाला पहुंच रहे बीजेपी कार्यकर्ताओं को डरा धमका कर चुनावों को प्रभावित करना चाह रहे हैं, लेकिन उनकी यह मंशा पूरी नहीं होने वाली है और जून माह में जनता उन्हें सत्ता से बेदखल कर देगी।

# 4 जून को कंगना का फिल्म शूट हो जाएगा पैकअप: विक्रमादित्य

## कांग्रेस प्रत्याशी ने मनाली, सोलंगनाला व जगतसुख में चुनावी सभाओं को किया संबोधित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मनाली**

मंडी लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि राजनीति में जनसेवा के लिए बहुत समय देना पड़ता है, जो कंगना के पास नहीं है। उन्होंने कहा कि 4 जून को कंगना का सारा फिल्म शूट पैकअप हो जाएगा। उन्होंने कहा कि आज वह अपने को हिमाचल की बेटी बताती हैं, पर पूर्व में मीडिया को दिए इंटरव्यू में उन्होंने खुद को कभी हिमाचल की नहीं बताया।

उन्होंने कहा कि मनाली में बेशक उनका एक बड़ा घर है पर, यहां के लोगों के प्रति उनका कोई भी प्रेम भाव नहीं है। आपदा के समय उन्होंने किसी की कोई भी मदद नहीं की।



कांग्रेस के मंडी लोकसभा प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह मनाली में कार्यकर्ताओं के साथ।

### मंडी संसदीय क्षेत्र को नंबर वन बनाना लक्ष्य

**मनाली** विधानसभा क्षेत्र के सोलंगनाला, जगत सुख, मनाली में अपनी चुनावी सभाओं को संबोधित करते हुए विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि मनाली पर्यटन के रूप में विश्व विख्यात है। यहां पर्यावरण सुरक्षित पर्यटन को बढ़ावा मिले इसके वह पूरे प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि सांसद बनने के बाद उनका लक्ष्य इस संसदीय क्षेत्र को देश का नंबर एक बनाने का है। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि कुल्लू जिला में एक मेडिकल कॉलेज व नर्सिंग कॉलेज खोलना उनकी प्राथमिकता में है।

# बड़सर की अनदेखी पर आवाज उठाई तो सदस्यता करवा दी रद्द: लखनपाल

**अनंत ज्ञान, बिझड़ी**



बड़सर विधानसभा उपचुनाव रोचक होता जा रहा है। मुकाबला कांग्रेस व भाजपा के बीच माना जा रहा है, लेकिन कांग्रेस प्रत्याशी के विरोध में बतौर आजाद उम्मीदवार चुनावी मैदान में उतरे विशाल शर्मा कांग्रेस के समीकरणों को बिगाड़ सकते हैं। पहले ही कांग्रेस से नाराज इंद्रदत्त लखनपाल भाजपा प्रत्याशी के तौर पर चुनाव में उतरे हैं।

कांग्रेस ने राजपूत कार्ड खेलते हुए सुभाष ढटवालिया को उपचुनाव में उतारा है। बड़सर उपचुनाव में तीनों प्रत्याशियों में से अभी तक भाजपा के इंद्रदत्त लखनपाल अपने चुनावी प्रचार में बढ़त बनाए हुए हैं। नुक्कड़ सभाओं में भाजपा कार्यकर्ता ही नहीं, बल्कि कांग्रेस पार्टी में रहते उनके चाहवान कार्यकर्ता भी भारी संख्या में शामिल हो रहे हैं। लखनपाल ने जनता के बीच बड़सर के विकास कार्यों को गिनाते हुए वोट की अपील कर रहे हैं। लखनपाल ने इस दौरान कहा कि मुख्यमंत्री ने सरकार बनने के बाद 14 माह तक बड़सर की अनदेखी की है, बड़सर के विकास में अड़ंगा लगाया, बल्कि अपनी बात रखने पर विधायकों को अपमानित व जलील भी किया। यहां तक कि मुख्यमंत्री और उनकी धर्मपत्नी फोन तक नहीं उठाते। इससे प्रदेश की जनता या अंदाजा लगा सकती है। मुख्यमंत्री जनता के कितने हितैषी होंगे। प्रदेश पर उपचुनावों का बोझ मुख्यमंत्री के तानाशाह रवैए के कारण पड़ा है, कांग्रेस ने सत्ता में आने के लिए जनता से जो वादे किए थे कुर्सी मिलने के बाद मुख्यमंत्री ने उन वादों पर पानी फेरने का काम शुरू कर दिया।

# हिमाचल में झूठे वादे कर सत्ता में आई कांग्रेस: अनुराग ठाकुर

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी अनुराग ठाकुर ने शनिवार को अमबेहड़ा तलमेहड़ा, सोहारी चौली पंचायतों में जन सभाओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस केवल घोषणाएं करने वाली पार्टी है।

हिमाचल में सत्ता में आने के लिए कांग्रेस ने झुठे वादे किए। आज दिन तक एक भी वादा पूरा नहीं हुआ। न महिलाओं को 1500 रुपए मिले, न 300 यूनिट बीजली फ्री मिली, न गोबर बिका और न ही दूध सौ रुपए लीटर खरीदा। अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस पार्टी पर तंज कसते हुए कहा कि ऐसा कोई सगा नहीं, जो इन्होंने ठगा नहीं। उन्होंने नरेंद्र मोदी के लिए मतदान करने का आह्वान किया। इस मौके पर तलमेहड़ा पंचायत के कई लोगों ने भाजपा का दामन थामा, जिसमें खरयालता पंचायत प्रधान राकेश धीमान, शिव नेता के पूर्व सदस्य रधुवीर सिह संगम, सेवानिवृत्त अध्यापक रणधीर सिंह, सेवानिवृत्त वन विभाग के बीओ तिलक राज शर्मा, युवा अजय शर्मा सहित अन्य लोग शामिल रहे। इस मौके पर पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर, जिला भाजपा अध्यक्ष बलवीर सिंह, सेवानिवृत्त मेजर रधुवीर सिंह, बीडीसी सदस्य राजेंद्र ठाकुर, पूर्व बीडीसी सदस्य अशोक शर्मा, पूर्व उपप्रधान जीवन सिंह, पूर्व प्रधान बलदेव सिंह, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।



जनसंपर्क अभियान के दौरान समर्थकों के साथ अनुराग सिंह ठाकुर।

**सियासत** मतदाताओं के मन में सवाल, 2019 में हिमाचल के 33 हजार वोटरों ने ठुकराए थे सभी प्रत्याशी

# क्या चुनाव में ज्यादा वोट मिलने पर जीतेगा नोटा?

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल में एक जून को लोकसभा की चार और विधानसभा की छह सीटों पर उपचुनाव होना है। अब चुनाव चिन्ह भी आवंटित किए जाएंगे। चुनाव आयोग की व्यवस्था के तहत प्रत्येक ईवीएम में हर बटन के सामने प्रत्याशी का चुनाव चिन्ह अंकित होगा।

वहीं, प्रत्याशियों के चुनाव चिन्ह के साथ ही ईवीएम में एक नोटा का बटन भी अंकित रहेगा। ऐसे में मतदाताओं के मन में सवाल उठ रहा होगा कि नोटा को प्रत्याशियों से अधिक वोट पर मिलने पर क्या होगा? तो इसका जवाब है कि सबसे ज्यादा वोट मिलने पर भी नोटा चुनाव नहीं जीत सकता है। निर्वाचन विभाग के मुताबिक इस स्थिति में नोटा के बाद दूसरे नंबर पर रहने वाले प्रत्याशी को विजय घोषित किया जाता है। चुनाव में अगर मतदाताओं को किसी भी राजनीतिक पार्टी के उम्मीदवार पसंद न हो तो इस स्थिति में वोटर के पास ईवीएम में नोटा का विकल्प मौजूद रहता है। नोटा का मतलब होता है 'नन ऑफ द एबव' यानी इनमें से कोई भी नहीं है। इस तरह से चुनाव के दौरान वोटरों के पास अब एक विकल्प इनमें से कोई नहीं का बटन दबाने का भी होता है।

यह विकल्प नोटा के तौर पर उपलब्ध होता है। नोटा बटन को दबाने का मतलब है कि मतदाता को चुनाव लड़ रहे कैंडिडेट में से कोई भी उम्मीदवार पसंद नहीं है।

### हिमाचल में कब आया था नोटा का विकल्प

**भारतीय** निर्वाचन आयोग ने दिसंबर 2013 के विधानसभा चुनावों में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन में नोटा बटन का विकल्प उपलब्ध कराने के निर्देश दिए थे। वहीं, हिमाचल में पहली बार वर्ष 2017 के विधानसभा चुनाव में ईवीएम पर मतदाताओं ने नोटा बटन को प्रयोग में लाया था। गौरतलब है कि गिनती के समय नोटा पर डाले गए वोट को भी गिना जाता है।

### 2019 में सबसे ज्यादा कांगड़ा में दबा था नोटा

**वर्ष** 2019 के लोकसभा चुनाव में हिमाचल में हजारों मतदाताओं ने सभी प्रत्याशियों को ठुकराया था। उस दौरान चारों लोकसभा सीटों पर 33,008 मतदाताओं ने नोटा का बटन दबाया था, जिसमें सबसे अधिक कांगड़ा संसदीय क्षेत्र में 11,327 मतदाताओं ने नोटा का बटन दबाया था। इसी तरह से दूसरे नंबर पर शिमला संसदीय सीट पर 8,357 मतदाताओं ने नोटा पर अपनी मुहर लगाई थी।




### 2019 में देशभर के लाखों वोटरों ने दबाया नोटा

2019 के लोकसभा चुनाव में देशभर के लाखों मतदाताओं ने सभी प्रत्याशियों को नापसंद करते हुए नोटा का विकल्प चुना था। 2019 के आम चुनावों में नोटा का प्रतिशत 1.06 रहा था। देशभर के 6.52 मिलियन लोगों ने सभी उम्मीदवारों को ठुकराते हुए नोटा का बटन दबाया था, जिसमें से 22 हजार 272 नोटा के वोट डाक मतपत्र थे। वहीं, 2019 के लोकसभा चुनाव में मेघालय में वोटरों द्वारा सबसे ज्यादा नोटा को वोट डाले गए थे।

**मतदान का संदेश**



स्वीप अभियान के तहत चैरी स्कूल के बच्चों ने रैली निकालकर मतदाताओं को मतदान का महत्व बताया।

**जागरूकता अभियान**



तरयाम्बलि स्कूल में शनिवार को मतदाताओं को मतदान की शपथ दिलाई।

# कांग्रेस ने इज्जत बचाने के लिए रखा मिशन 50 : कंगना

## कहा- इस बार कांग्रेस के दुष्प्रचार में फंसने वाली नहीं जनता

अनिल शर्मा, मंडी

**मंडी** संसदीय क्षेत्र की भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत ने नाचन विधानसभा हलके के जयदेवी में चुनाव प्रचार किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने इज्जत बचाने के लिए 50 सीटें जीतने का लक्ष्य रखा है और उनके कुछ नेता कह रहे हैं कि देश में विपक्षी गठबंधन की सरकार बनेगी, लेकिन मैं कांग्रेस के उन नेताओं को स्पष्ट करना चाहती हूं कि देश की जनता ने पुन: मोदी सरकार बनाने का मन बनाया है।

कांग्रेस प्रत्याशी की सच्चाई लोग जानते हैं और जनता कांग्रेस के दुष्प्रचार में फंसने वाली नहीं है। कांग्रेस प्रत्याशी बताएं कि मंत्रिमंडल से इस्तीफा देने के ड्रामे के बाद आज किस मुंह से कांग्रेस से चुनाव लड़ रहे हैं। 15 महीने से सरकार ने प्रदेश के हालात खराब करके रख दिए हैं, जिसका जवाब जनता आने वाली पहली जून को देने वाली है। उन्होंने जनता से भाजपा के पक्ष में वोट करने की अपील की। (अनंत ज्ञान)


नाचन विधानसभा हलके के जयदेवी में जनसभा के दौरान भाजपा प्रत्याशी व नेता प्रतिपक्ष जयराम व अन्य।

### सत्ता में होने के बावजूद मुद्दों पर चुनाव नहीं लड़ पा रही कांग्रेस : जयराम

**मंडी।** नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस डेढ़ साल से प्रदेश में सरकार चला रही है और उसके बाद भी वह लोकसभा चुनाव मुद्दों पर लड़ने से भाग रही है। कांग्रेस के नेता अभद्र टिप्पणियां कर रहे हैं, व्यक्तिगत आक्षेप लगा रहे हैं। सत्ता में रहने के बाद कामों पर वोट मांगने चाहिए, लेकिन काम के नाम पर सरकार ने सिर्फ तालाबंदी की है। माताओं-बहनों को अपमानित किया है, युवाओं के साथ छल किया है। ऐसे में एक नाकाम सरकार चलाने वाले लोगों से क्या उम्मीद की जा सकती है। कांग्रेस को चुनाव जनहित के मुद्दों पर लड़ना चाहिए। कांग्रेस सरकार एक झूठी सरकार है, जो वादा करती है वह कभी पूरा नहीं करती है। ऐसे एक नहीं अनेकों महत्वपूर्ण उदाहरण हैं, जिसे यह सिद्ध होता है कि इस सरकार की नीयत में ही खोट है। डेढ़ साल के कार्यकाल में सिर्फ लोगों को गुमराह किया है। मैं यह साफ कर देना चाहता हूं कि भाजपा बदले की राजनीति के तहत कार्य नहीं करती है। इस अवसर पर नाचन विधायक विनोद कुमार, प्रदेश प्रवक्ता अजय राणा आदि मौजूद रहे।

**कहा- कांग्रेस सरकार ने सिर्फ ताले ही लगाए**

# जयराम ठाकुर की फिल्में फ्लॉप कंगना को भेजेंगे वापस : मुकेश



अनंत ज्ञान, भरमौर

**डिप्टी** सीएम मुकेश अग्निहोत्री ने शनिवार को भरमौर के मैहला में जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर तीन बार फ्लॉप हुए हैं और चौथी बार फ्लॉप होकर बॉलीवुड से फ्लॉप होकर आई कंगना रनौत को दोबारा बॉलीवुड भेज देंगे। जयराम को कंगना की गाड़ी में भी सीट नहीं मिल रही है और उन्हें दूसरी गाड़ी में चलना पड़ रहा है। जयराम की फिल्में लगातार फ्लॉप हो रही हैं। लोग इस बार विक्रमादित्य सिंह को भारी बहुमत से जिताकर लोकसभा में भेजेंगे।

9 विधायकों ने अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मारी है। इन विधायकों को हर घर से नो एंट्री का सामना करना पड़ रहा है। तीन निर्दलीय विधायकों की कभी भी सदस्यता जा सकती है। भाजपा को बहुमत हासिल करने के लिए 10 सीटें चाहिएं।

**बोले- नौ विधायकों ने अपने पैरों पर मारी कुल्हाड़ी**

### भाजपा का सपना कभी नहीं होगा पूरा

**भाजपा** का सरकार बनाने का सपना कभी भी पूरा नहीं होगा। भाजपा महिला विरोधी है। महिलाओं को मिलने वाले 1500 रुपए को बंद करने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री चुनाव आयोग में चले गए थे। हालांकि इसकी अधिसूचना भी जारी कर दी गई थी और लाहौल-स्पीति में यह सम्मान निधि मिलना भी शुरू हो गई थी। कंगना को हिमाचल की भौगोलिक परिस्थितियों के बारे में कुछ भी नॉलेज नहीं है।

### जयराम ने लोटस नहीं, लूटस ऑपरेशन चलाया : संजय

**हिमाचल** प्रदेश कांग्रेस के सह प्रभारी संजय दत्त ने कहा कि भाजपा के पूर्व मुख्यमंत्री जयराम की ओर से हिमाचल में लोटस नहीं लूटस ऑपरेशन चलाया और उन्हें पूरी तरह से मुंह की खानी पड़ी। भाजपा आज धन-बल के दम पर चुनी हुई सरकारों को गिरा रही है। भाजपा आज सत्ता के बिना छटपटा रही है।

## कैसा हो हमारा प्रतिनिधि...



स्वयं रोजगार के अवसर बढ़ने के साथ-साथ सुगम ऋण व्यवस्था होनी चाहिए। स्वयं रोजगार उपलब्ध करवाने का सरकारें दावा करती हैं, लेकिन ऋण लेने के लिए युवाओं को भटकना पड़ता है। चुनाव में समर्थन भी उसको दिया जाएगा, जो युवाओं के हित पर बात करेगा। हर बार चुनाव के समय सिर्फ ठगा ही जाता है, लेकिन इस बार ऐसा नहीं होगा।

**नितीश ठाकुर, हमीरपुर संसदीय क्षेत्र**



आज के नेता अपने मतलब की राजनीति के लिए एक-दूसरे के दलों में जाने को आतुर हैं, जो कि भारतीय लोकतंत्र के लिए ठीक संकेत नहीं है। देश में दल बदल कानून को सख्ती से लागू किया जाना चाहिए। लोगों का जीवन स्तर बेहतर किए जाने के लिए प्रयास होने चाहिए।

**महेंद्र वर्मा, सोलन।**



हमारा देश विविधताओं का देश है। समाज के हर वर्ग को समान अवसर मिलने चाहिए। आज बेरोजगारी और महंगाई से आम नागरिक त्रस्त है। देश में ऐसी सरकार होनी चाहिए जो बेरोजगारी और महंगाई से निजात दिलाए। बेरोजगारी आज अहम मुद्दा है और युवाओं को रोजगार के अवसर मुहैया करवाए जाएं।

**सुरेंद्र वर्मा, सोलन।**



हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में बीते 10 वर्षों में काफी विकास हुआ है। बात चाहे स्वास्थ सुविधाओं ही हो या बेहतर शिक्षा की। लोग भाजपा के साथ हैं और पीएम नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए अनुराग ठाकुर को भारी मतों से जिताएंगे।

**सचिन, संसदीय क्षेत्र हमीरपुर।**



इस बार लोकसभा चुनावों में सांसदों को महिलाओं के लिए ऐसी योजनाएं बनानी चाहिए, जिससे वह अपना जीवन यापन अपने क्षेत्र में ही कर पाएं। रोजगार के लिए उन्हें दूर न जाना पड़े। लड़कियों की शिक्षा के लिए भी और अधिक प्रयास करें, ताकि युवतियां को दिक्कतों का सामना न करना पड़े।

**खुशी ठाकुर, ऊना।**



ऐसे उम्मीदवार को वोट दूंगा, जो बिना भेदभाव के सभी की मदद करता रहे। साथ ही क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता दे। उम्मीदवार ऐसा हो जो विकास परक सोच वाला हो और जनता की समस्याएं दूर करे। हमारा नेता युवाओं को रोजगार के लिए आवाज उठाने वाला हो।

**संजीव जैन, अखाड़ा बाजार (कुल्लू)।**



छवि स्वच्छ और ईमानदार को वोट दिया जाएगा। उम्मीदवार पढ़ा-लिखा होना चाहिए और राजनीति में अच्छी खासी पकड़ रखने वाला हो। क्योंकि लोकसभा उम्मीदवार सिर्फ एक विधानसभा क्षेत्र को रिप्रेजेंट नहीं करता है, बल्कि एक संसदीय क्षेत्र को रिप्रेजेंट करता है। आज के समय में रोजगार की सबसे बड़ी समस्या उत्पन्न हुई है, इस समस्या का हल करने वाले उम्मीदरवार को वोट दिया जाएगा।

**रघुबीर सिंह, योल कैंट।**



लोगों के अनुसार जो प्रत्याशी देशहित, केंद्र-प्रदेश में समन्वय स्थापित करेगा उसे ही वोट देंगे। जातिवाद व ऊंच नीच से ऊपर उठकर कार्य करे ऐसे प्रत्याशी को ही वोट देंगे।इसके अलावा जो प्रत्याशी सबको साथ लेकर चलने वाला हो उसे ही वोट देंगे।

**अरविंद कटोच, गोहरमा (लाहौल-स्पीति)**



युवा बेरोजगार हैं और रोजगार न मिलने से कई युवा मजदूरी कर रहे हैं युवाओं के प्रति ईमानदारी सोच रखने वाले प्रत्याशी को वोट देंगे। हर बार युवा वर्ग को ठग कर नेता वोट हासिल कर लेते हैं, लेकिन इस बार ऐसा नहीं होगा। मतदाता अब काफी जागरूक हो गए हैं।

**बलविंदर सिंह, जवाली**

# किसानों को पानी तक नहीं दिला पाए लखनपाल : कालिया

अनंत ज्ञान, बिझड़ी

**जिला** महासचिव पवन कालिया ने कहा कि पूर्व विधायक इंद्रदत्त लखनपाल किसानों को आज तक पानी की व्यवस्था नहीं कर पाए।

बड़सर विधानसभा क्षेत्र में विभाग ने सिंचाई के लिए करोड़ों रुपए खर्च कर बड़ाग्रां, घंगोट, टिप्पर गांव में सिंचाई के लिए पानी की स्कीमें बनाई थीं। इस कार्य को उनके रिश्तेदार ने ही किया था। कई जगह पाइपें बिछाने से किसानों की जमीन बर्बाद थी। किसानों को आज तक न सिंचाई के लिए पानी मिला और न ही उस जमीन का मुआवजा मिला। बोरवेल पंप लगाने के लिए भी सेंक्शन हुए थे। बोर भी किए थे और पाइपें भी डाल दी थीं, लेकिन जनता को पानी क्यों नहीं दिला पाए। स्कीमों को आज तक क्यों नहीं चलाया, जिन पर विभाग ने सरकार के करोड़ों रुपए खर्च किए हैं।

**बर्बाद हुई जमीन का नहीं मिला मुआवजा**

# धोखेबाज को जनता सिखाएगी सबकः जग्गी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

**धर्मशाला** उपचुनाव कांग्रेस और भाजपा के बीच का चुनाव नहीं, बल्कि जनता और एक धोखबाज के लड़ाई है। धोखेबाज को एकजुट होकर सबक सिखाना है।

जनता ने जिस व्यक्ति को 15 माह पूर्व विधानसभा भेजा, वह जनता और पार्टी से गद्दारी की, अब किस मुंह से वोट मांग रहा है। यह बात कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र सिंह जग्गी ने शनिवार को धर्मशाला के विभिन्न क्षेत्रों में चुनाव प्रचार के दौरान कही। जग्गी ने रक्कड़, कनेड़, कंड बगियाड़ा, चीलगाड़ी, मसरेड़ व ढगवार पंचायत में त्रेमलू में नुक्कड़ सभाएं कीं। उन्होंने लोगों से कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की। धर्मशाला के विकास कार्यों में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। युवाओं को रोजगार प्रदान किया जाएगा। अपना ईमान बेचकर जनता से धोखा करने वालों के पास धन-बल है, लेकिन उनके पास धर्मशाला का जन-बल है। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हरभजन सिंह भज्जी, पूर्व प्रत्याशी विजय इंद्र कर्ण, इंदू बाला आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।


जनसभा को संबोधित करते कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र सिंह जग्गी।

### भाजपा छोड़ कांग्रेस में शामिल हुए 50 लोग

**कांग्रेस** प्रत्याशी देवेंद्र सिंह जग्गी के जनसंपर्क अभियान के दौरान शीला पंचायत से करीब 50 लोगों ने भाजपा छोड़ कांग्रेस का दामन थामा। इसमें किशोर राव, अशोक कुमार, बंटी कुमार, लवली, दर्शन राव, राम दास, महावीर, दर्शन कुमार, सरन दास व राकेश कुमार आदि शामिल रहे। लोगों ने कहा कि वह भाजपा की जनविरोधी नीतियों और गलत टिकट आवंटन से आहत हैं, इसलिए उन्होंने कांग्रेस का दामन थामा है।

# भाजपा महिला मोर्चा ने संभाली चुनाव प्रचार की कमान



**हमीरपुर।** भाजपा जिला महिला मोर्चा ने शनिवार को हमीरपुर बाजार में गांधी चौक से लेकर भोटा चौक तक महाजनसंपर्क अभियान के तहत बाजार में दुकानदारों से मुलाकात की। मोदी सरकार और अनुराग ठाकुर की उपलब्धियां के बारे में बताया और भाजपा को वोट करने की अपील की। प्रदेश महिला मोर्चा अध्यक्ष वंदना योगी ने कहा कि कांग्रेस की झूठी गारंटियों के झांसे में न आएं। चुनावी समय में कांग्रेस झूठी गारंटियां देती है, लेकिन धरातल पर पूरा नहीं करती है। इस मौके पर जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष अर्चना चौहान, मंडल महिला मोर्चा अध्यक्ष कांता शर्मा, राजकुमारी, नीना, सुमन कपिल, माया शर्मा व महिला मोर्चा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

# सीएम सुक्खू करते हैं छल-कपट और साजिश की राजनीति : राणा

अनंत ज्ञान, सुजानपुर

**पूर्व** विधायक और सुजानपुर उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र राणा ने शनिवार को टौणी देवी सेक्टर में नुक्कड़ सभाएं कर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू पर निशाना साधा।

उन्होंने कहा कि सुक्खू से पहले हिमाचल प्रदेश में जितने भी मुख्यमंत्री रहे, उन्होंने सेवा की राजनीति की, लेकिन सुक्खू झूठ, फरेब, छल-कपट और साजिश की राजनीति करते हैं। उन्हें प्रदेश की जनता के दुख-दर्द से कोई लेना-देना नहीं है। सुजानपुर में आकर मुख्यमंत्री सुक्खू ने जिस तरह की भाषा का इस्तेमाल किया है, उससे जाहिर होता है कि सत्ता हाथ से खिसकने की बौखलाहट में उनका मानसिक संतुलन भी गड़बड़ा गया है। उन्होंने मुख्यमंत्री को सलाह देते हुए कहा कि वह समय पर किसी मानसिक रोग विशेषज्ञ से अपना पूरा चेकअप करवा लें और विशेषज्ञ की हिदायतों का पालन करें। प्रदेश सरकार के मुखिया का इस तरह मानसिक संतुलन गड़बडा जाना कोई शुभ लक्षण नहीं है।

**सत्ता हाथ से खिसकने की बौखलाहट में गड़बड़ाया मानसिक संतुलन**


टौणीदेवी में नुक्कड़ सभा के बाद समर्थकों के साथ भाजपा प्रत्याक्षी राजेंद्र राणा।

### मुख्यमंत्री को जनता देगी करारा जवाब

राजेंद्र राणा ने कहा कि सुजानपुर का बच्चा-बच्चा जानता है कि उनका 23 साल का सामाजिक सेवा का सफर रहा है और वह जनता के दुख-सुख में हमेशा शामिल होते आए हैं और जरूरतमंदों की मदद से कभी भी पीछे नहीं हटे। मुख्यमंत्री झूठ बोलकर यहां की जनता को गुमराह नहीं कर सकते, क्योंकि सुजानपुर की जनता यह भलीभांति समझती है कि सुक्खू तो झूठ बोलकर वापस शिमला चले जाएंगे, लेकिन राजेंद्र राणा ही उनके दुख-सुख में शामिल होगा। राजेंद्र राणा ने कहा कि वह स्वाभिमान की लड़ाई लड़ रहे हैं। सुजानपुर की जनता पहली जून को मुख्यमंत्री को वोट की चोट से करारा जवाब देगी।

**सियासत** वोटरों में 'सफाई' और 'भरपाई' में उलझे भाजपा प्रत्याशी, बिकाऊ और सीएम बचाओ के घोड़े पर सवार हो रही कांग्रेस

# उपचुनाव में आरोप-प्रत्यारोप की 'बौछार'

विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर

**विधानसभा** उपचुनावों में अब आरोपों-प्रत्यारोपों की 'बौछार' अलग तरह की ज्वाला में उलझने लगी है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का हमीरपुर और बड़सर का दौरा आरोपों की इस आग को अब निर्णायक माहौल में छोड़ गया है।

बागी विधायक भाजपा के प्रत्याशी हैं और मुख्यमंत्री ने जो अटैक लगातार इन पर किया है, उससे सुजानपुर और बड़सर में भाजपा प्रत्याशी सफाई और भरपाई के माहौल में वोटरों को रिझाने में लगे हुए हैं। सुजानपुर में राजेंद्र राणा और बड़सर में इंद्रदत्त लखनपाल की 'चूलें' हिलाने के लिए चुनावी माहौल को कांग्रेसी पिछले के बाद जी घोड़े पर सवार हो रहे हैं। काबिलेगौर हो कि मुख्यमंत्री सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र में थे और एक के बाद एक आधा दर्जन से ज्यादा चुनावी जनसभाएं संबोधित कीं। जिस अंदाज में वोटरों को रिझाने और खासकर भाजपाइयों के खेमे में पुरानी धूमल हार की 'टीस' के सवाल जिस अंदाज में छोड़ गए हैं, उसमें अब भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र राणा को सफाई और भरपाई के बीच में काम करना पड़ रहा है। उनकी नुक्कड़ सभाओं में शिमला में हुए घटनाक्रम की पूरी सफाई सिलसिले बार बतानी पड़ रही है। यही स्थिति बड़सर विधानसभा क्षेत्र में भी है। वहां भी मुख्यमंत्री 14 में को चुनावी जनसभा कर चुके हैं और ऐसे सवालों की बौछार वहां पर छोड़कर आए हैं, जिसमें कांग्रेस प्रत्याशी सुभाष ढटवालिया और उनके समर्थकों को बल मिला है। अभी तक शांत एक तरफ चलने वाले चुनाव प्रचार में अब अचानक तेजी आ गई है। इधर से आरोपी की बौछार हो रही है, तो उधर से भी बराबर आरोप लगाए जा रहे हैं। हमीरपुर सीएम सुक्खू का गृह जिला है और यही के दो विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव हो रहे हैं। गृह जिले में कांग्रेस के दो विधायक बागी होकर उनसे नाराज हैं और अब भाजपा के घोड़े पर सवार होकर प्रत्याशी के रूप में नए माहौल में एंट्री कर गए हैं। यह एंट्री कांग्रेस खासकर गृह जिले के मुख्यमंत्री समर्थकों को रास तो आएगी नहीं? इसी वजह से कांग्रेस दोनों चुनावों में इन्हें धूल चटाने के लिए मशक्कत कर रही है। (अनंत ज्ञान)

**सीएम सुक्खू के दौरे से प्रचार तेज**

### भाजपा नेता अंदरखाते क्या गुल खिला रहे, चर्चा खूब

**भाजपा** नेता अंदरखाते क्या गुल खिला रहे हैं, उसकी चर्चा भी खूब हो रही है। तभी तो पार्टी के भीतर ऐसे विभीषणों की सूची तैयार की जा चुकी है। क्यों को सचेत भी किया गया है और बहुतों की रिपोर्ट हाईकमान को भी भेज दी गई है। यह रिपोर्ट उन पर कितना असर डालेगी? इसके इंपैक्ट को भी भाजपा के भीतर अब नए माहौल में देखने की कवायत शुरू हो गई है। क्योंकि इस बार पहले जैसी परिस्थितियों नहीं है। भाजपा की कई नेता जिस जुबान का इस्तेमाल कर रहे हैं, उसी वजह से कांग्रेसियों के हौंसले नई उम्मीदें संजो रहे हैं।

# मुख्यमंत्री सुक्खू ने की नयनादेवी विधानसभा क्षेत्र की अनेदखीः रणधीर

## 15 माह में क्षेत्र की नहीं ली कोई सुध, अब क्या करने आ रहे?

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

**नयनादेवी** के भाजपा विधायक रणधीर शर्मा ने प्रेसवार्ता में कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने नयनादेवी विधानसभा क्षेत्र की अनदेखी की है। 15 माह तक इस क्षेत्र की सुध नहीं ली। अब इस क्षेत्र में क्या करने आ रहे हैं।

पूर्व भाजपा सरकार ने जल शक्ति विभाग का डिवीजन कोठीपुरा में खोला था, लेकिन कांग्रेस सरकार ने सत्ता में आते ही इसे बंद कर दिया। इस डिवीजन को चले 6 महीने हो गए थे। जब प्रदेश के 62 विधानसभा क्षेत्रों में इस तरह के डिवीजन चल रहे हैं तो नयना देवी में क्यों नहीं चल रहा। मुख्यमंत्री से इस बारे में स्पष्टीकरण दें। मजारी में अनाज मंडी का निर्माण किया था, लेकिन वर्तमान सरकार इसे नहीं चलने दे रही है।



**नयना देवी विस क्षेत्र में बंद किए संस्थानों पर दें स्पष्टीकरण**

### सरकार के नुमाइंदे कर रहे लोगों को गुमराह

**सरकार** के नुमाइदे झूठ बोलकर लोगों को गुमराह कर रहे हैं। मुख्यमंत्री कह रहे हैं कि 1500 रुपए महिलाओं को देंगे, लेकिन 2 बजट पारित कर दिए गए, लेकिन एक भी पैसा बजट में इस योजना के लिए नहीं रखा गया। मुख्यमंत्री की जगातखाना में होने वाली जनसभा में इन प्रश्नों का उत्तर दें। इस मौके पर मीडिया प्रभारी सोनल शर्मा और प्रवक्ता सुनील शर्मा भी उपस्थित रहे।

## सालगिरह मुबारक



चक्कर के हरवंश सिंह और बिंदु को शादी की सालगिरह पर अनंत ज्ञान परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

## बर्थडे और सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 8580644502 पर भेजें।

# भदरोया में नष्ट कीं लाहण की दो भट्ठियां

## आबकारी विभाग की टीम के पहुंचने से पहले ही जंगल में भाग गए आरोपी

**अशोक ठाकुर, इंदौरा**

पंजाब व हिमाचल के सीमावर्ती क्षेत्र में हिमाचल प्रदेश राज्य कर एवं आबकारी विभाग के उपायुक्त प्रितपाल सिंह व पंजाब आबकारी विभाग पठानकोट की आबकारी अधिकारी नरेंद्र कौर वालिया, निरीक्षक हरविंद्र सिंह की टीम ने संयुक्त रूप से भदरोया क्षेत्र में दबिश दी। इस दौरान भदरोया के जंगली क्षेत्र में अवैध शराब लाहण की चल रही 2 भट्ठियों को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। छापेमारी के दौरान अवैध रूप से तैयार की गई शराब के ड्रमों, कैनियों व एक



छापेमारी के दौरान हिमाचल प्रदेश राज्य कर एवं आबकारी विभाग के उपायुक्त व अन्य।

भूमिगत टैंक में रखी गई लाहण को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। जंगल क्षेत्र होने के कारण छापेमारी टीम के पहुंचने से पूर्व ही शराब माफिया से जुड़े लोग जंगल में भाग गए। छापेमारी के दौरान 10 लाख रुपए कीमत की 1 करोड़ मिलीलीटर अवैध शराब को मौके पर नष्ट किया गया। उपायुक्त प्रितपाल सिंह ने बताया कि आचार संहिता के चलते सीमावर्ती क्षेत्रों में अवैध शराब तैयार करने की लगातार शिकायतें मिल रही हैं, जिन पर विभाग द्वारा तुरंत कार्रवाई करते हुए शराब तस्करी में संलिप्त तीन लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करवाई गई है। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा 1 करोड़ 83 लाख 18 हजार 410 रुपए कीमत की 17 करोड़ 47 लाख 87 हजार मिलिलीटर अवैध शराब जब्त करने सहित आदर्श चुनाव संहिता के दौरान इस माह 7 मई से अंग्रेजी व देशी शराब तथा बीयर की 163 पेटियां जब्त की हैं। उन्होंने कहा कि अवैध शराब के विरुद्ध यह अभियान जारी रहेगा। (अनंत ज्ञान)

# टांडा अस्पताल में गर्दन के ट्यूमर का सफल ऑपरेशन



ऑपरेशन के दौरान डॉक्टरों की टीम सामूहिक चित्र में।

**आशीष दमीर, टांडा**

एक बड़े लिम्फैंगियोमा (गर्दन के ट्यूमर) इन्फ्राहायॉइड श्रेणी का शनिवार को डीआरआरपीजीएमसी टांडा में ईएनटी विभाग द्वारा सफल ऑपरेशन किया गया। डॉ. मुनीश कुमार के नेतृत्व वाली टीम द्वारा सफलतापूर्वक ऑपरेशन किया गया। मुनीश कुमार सरोच प्रोफेसर और प्रमुख ईएनटी टीम के अन्य सदस्यों डॉ. विशाल, डॉ. कनिका, डॉ. गौरांग गौड़ और डॉ. करिश्मा गुलेरिया ने यह ऑपरेशन किया है। जिस मरीज का ऑपरेशन किया गया है वह चंबा जिले का 25 वर्षीय अक्षय कुमार है। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### घरोह में कल बंद रहेगी बिजली

**धर्मशाला।** विद्युत उपमंडल चड़ी के सहायक अभियंता आशीष कुमार ने बताया कि 11 केवी घरोह एवं घेरा फीडर के आवश्यक रख-रखाव और मरम्मत कार्य के चलते 20 मई को घरोह फीडर तथा 22 मई को घेरा फीडर के अंतर्गत आने वाले गांवों में बिजली बंद रहेगी। यह शटडाउन सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक रहेगा। उन्होंने लोगों से सहयोग की अपील की है।

### छात्रों ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली




**डाडासीबा।** पीएम श्री बाबा कांशीराम उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला डाडासीबा स्कूल में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य सुदर्शन कुमार ने की। इस मौके पर मतदाताओं को जागरुकता संदेश देने के लिए भाषण प्रतियोगिता, नारा लेखन, रैली तथा पहाड़ी गानों के माध्यम से जानकारी दी गई। बच्चों ने विद्यालय परिसर से लेकर पूरे बाजार से होते हुए डाडासीबा अस्पताल तक रैली निकाली, इसका मुख्य नारा था 'आपका मत है अनमोल, इसका मत लगाओ मोल'। इस मौके पर स्काउट गाइड के प्रभारी व सभी स्टाफ सदस्य भी उपस्थित रहे। बढ़िया कार्यक्रम देने वाले बच्चों को इनाम देकर सम्मानित किया गया व रैली निकालने वाले बच्चों को चाय-पान करवाया गया।

### स्वयंसेवियों ने संवारा घाड़जरोट स्कूल परिसर

**जवाली।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला घाड़जरोट में एनएसएस यूनिट द्वारा एकदिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में लगभग 100 स्वयंसेवकों ने भाग लिया। सुबह स्वयंसेवकों द्वारा मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया जिसमें लोगों को मतदान के बारे में जागरूक किया गया। बच्चों ने नारे लगाकर हर मतदाता से वोट डालने का आह्वान किया। इसके पश्चात स्वयंसेवकों द्वारा विद्यालय परिसर में साफ-सफाई की गई। इस मौके पर कार्यक्रम अधिकारी श्याम कुमार अरुण द्वारा बच्चों को एनएसएस के महत्व के बारे में बताया गया। पाठशाला की प्रधानाचार्य स्मृति मीनाक्षी ने बच्चों को राष्ट्रीय निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर समस्त स्कूल स्टाफ मौजूद रहा।




# कृष्णनगर के स्वयंसेवियों ने दिया मतदान का संदेश



**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

उपमंडल बैजनाथ की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कृष्णनगर में शनिवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों द्वारा मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इसके द्वारा आसपास के क्षेत्रवासियों एवं स्थानीय लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक किया गया। इसी के साथ विद्यालय में एकदिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर का आयोजन भी किया गया। इस दौरान स्वयंसेवियों ने विद्यालय परिसर और पानी की टंकियों की सफाई की। वहीं स्वयंसेवियों ने 18वीं लोकसभा के चुनावों के दृष्टिगत मतदाता जागरूकता के लिए स्लोगन एवं नारों के पोस्टर्स भी तैयार किए।

# इंग्लिश मीडियम से पढ़ाई कराने के सीखे गुर

## थुरल स्कूल में चार दिवसीय जेबीटी प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

**अनंत ज्ञान, डरोह**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला थुरल में शनिवार को चार दिवसीय जेबीटी प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हो गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में राजेश रोशन प्रवक्ता गणित, डॉ. वीरेंद्र कुमार प्रवक्ता अंग्रेजी तथा नवीन कुमार जेबीटी अध्यापक द्वारा बतौर रिसोर्स पर्सन अपनी सेवाएं दी गई। इस कार्यशाला में प्राथमिक कक्षाओं में इंग्लिश मीडियम से पढ़ाई करने के तौर तरीकों से थुरल ब्लॉक के समस्त अध्यापकों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन कुशल कुमार खंड शिक्षा अधिकारी थुरल द्वारा



थुरल स्कूल में चार दिवसीय जेबीटी प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन अवसर पर उपस्थित शिक्षक।

किया गया। चार दिवसीय कार्यशाला के समापन सत्र में स्थानीय पाठशाला के प्रधानाचार्य संजीव जम्वाल द्वारा बतौर मुख्यातिथि शिरकत की गई। उनके द्वारा सभी अध्यापकों से अपील की गई कि अपने आचरण व्यवहार एवं कार्य कुशलता से अपने समाज में ऐसी छवि तैयार की जाए कि समाज के लोग अध्यापकों को अपना आदर्श मानकर सरकारी विद्यालय में अपने बच्चों को भेजने में गर्व महसूस करें। इस अवसर पर मनोहर लाल, रविंद्र कुमार, सिकंदर कुमार, लेखराज, पूजा, सीमा, राशि, अर्चना, अजीत धीमान, अनिल कुमार, वरुण दत्त, अंशुमन, शगुन डोगरा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### केवल सिंह पठानिया ने हरनेरा, भरयाल, बड़जं, चुलान में की चुनावीं जनसभाएं बोले...

# मोदी सरकार को गांधी परिवार का फोबिया

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

विधानसभा क्षेत्र शाहपुर के हरनेरा, भरयाल, बड़जं, चुलान, झिकला डोहब, अप्पर डोहव, गोरडा, भनाला में शनिवार को कांगड़ा-चंबा लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी आनंद शर्मा के पक्ष में उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने चुनावी जनसभाएं की। इसमें उन्होंने लोगों से लोकसभा कांगड़ा-चंबा प्रत्याशी आनंद शर्मा के पक्ष में वोट डालने की अपील की। उन्होंने कहा कि आज देश में महंगाई रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है।

पेट्रोल, डीजल,एलपीजी से लेकर दालें, कुकिंग ऑयल जैसी जरूरी चीजों की बढ़ी कीमतों ने आम लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है। देश में बेरोजगारी भी आसमान छू रही है। हर जगह बेरोजगारी ने विराट रूप धारण कर लिया है। आज हिंदुस्तान के अंदर हिटलर जैसी तानाशाही की सरकार है, लोकतंत्र की हत्या व देश में संविधान की धज्जियां उड़ाई जा रही है। विपक्ष को कुचलने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा की कांग्रेस सरकार ने इस देश में 70 साल में जो बनाया था भाजपा ने उसको 10 साल में खत्म कर दिया। आज हिंदुस्तान के अंदर लोकतंत्र नाम की कोई चीज नहीं है।

आज मोदी सरकार को राहुल गांधी परिवार का फोबिया हो चुका है। जबकि बीजेपी जानती है की राहुल गांधी डरने वालों में से नहीं है। उनके साथ देश के करोड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता है। लोकसभा चुनावों में आप इनके वादों में न आए और आप अपना मत कांग्रेस सरकार को करें क्योंकि कांग्रेस ही एक ऐसी पार्टी है जो देश के अंदर लोकतंत्र को जिंदा रखती है और हर वर्ग की सच्ची हितैषी है



चुनावी जनसभाओं के दौरान पहुंचे उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया का स्वागत करते ग्रामीण।

# नूरपुर कॉलेज में रिसर्च फंडिंग विषय पर व्याख्यान

**अनंत ज्ञान, नूरपुर**

राजकीय आर्य महाविद्यालय नूरपुर में अनुसंधान अनुदान और गुणवत्ता अनुसंधान प्रकाशन पर राष्ट्रीय कार्यशाला के अंतिम दिन की शुरुआत संयोजक डॉ. राकेश कुमार द्वारा रिसोर्स पर्सन डॉ. वामिक आजमी हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार ठाकुर और प्रतिभागियों के स्वागत से हुई।

उन्होंने रिसोर्स पर्सन डॉ. वामिक आजमी, प्रोफेसर जैव प्रौद्योगिकी विभाग हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला का परिचय दिया, जिन्होंने प्रोजेक्ट फॉर्मूलेशन एंड रिसर्च फंडिंग विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने आईसीएआर, आईसीएमआर, सीएसआईआर, एआईसीटीई, डीआरडीओ, डीएई, यूजीसी, डीबीटी, डीएसटी, आयुष मंत्रालय, एमएनईएस, एमओसीआईटी आदि जैसी विभिन्न फंडिंग एजेंसियों के बारे में जानकारी प्रदान की। उन्होंने छात्रों और कर्मचारियों के लिए विभिन्न प्रकार के पुरस्कार और फेलोशिप योजनाओं के बारे में बात की, विशेष रूप से महिलाओं के लिए विभिन्न वित्त पोषण योजनाओं के बारे में बताया। रिसोर्स पर्सन ने प्रतिभागियों के प्रश्नों के उत्तर भी दिए। इसके बाद प्रतिभागियों ने विभिन्न फंडिंग एजेंसियों और उनके दिशानिर्देशों को ऑनलाइन खोजा। महाविद्यालय की आईक्यूएसी समन्वयक प्रोफेसर सीमा ओहरी ने रिसोर्स पर्सन डॉ. वामिक आजमी, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार ठाकुर, कार्यशाला के समन्वयक प्रोफेसर संजय कुमार जसरोटिया और अन्य प्रतिभागी को धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

# विद्यार्थियों ने समझी चुनावी प्रक्रिया

**अनंत ज्ञान, डरोह**

पारस पब्लिक स्कूल भवारना में सीनियर हेड ब्वॉय, हेड गर्ल और जूनियर हेड ब्वॉय, हेड गर्ल का चुनाव किया गया, जिसमें कक्षा पांचवीं से लेकर बारहवीं तक के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस चुनाव प्रक्रिया के माध्यम से बच्चों ने चुनाव प्रणाली के गुर सीखे व स्वयं को मतदाता के रूप में देखकर बच्चे बहुत खुश हुए।



चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करवाने के लिए पीले सदन के छात्र-छात्राओं ने अध्यापक राकेश और अध्यापिका मोनिका शर्मा की देखरेख में अनुशासन को बनाए रखा। कविता ने छात्र संख्या सूची में छात्रों के नाम अंकित किए। गतिविधि प्रभारी मीनू परमार और मनुजा ने मतदाताओं की अंगुली पर चिन्ह लगाया। इसके बाद बूथ ड्यूटी पर तैनात अरुण और रजनी कटोच की अगुवाई में बच्चों ने अपने कर्मठ, परिश्रमी और निष्ठावान नेता का चुनाव किया जो स्कूल के हित में अपना योगदान दे सके। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक महेश चंद्र कटोच व प्रधानाचार्या नीलम राणा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## दाड़नू-मुंदला में बरामद की शराब

**धर्मशाला।** पुलिस थाना धर्मशाला के तहत दाड़नू में संजय कुमार निवासी खनियारा रोड गमरू की दुकान से 6,000 मिलीलीटर देसी शराब बरामद की गई है। इसको लेकर पुलिस थाना धर्मशाला में हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम में मामला दर्ज किया गया है। उधर, पुलिस थाना नगरोटा बगवां के मुंदला पुल में जोगिंद्र सिंह निवासी मुंदला की दुकान से 8,250 मिलीलीटर देशी शराब बरामद की गई है। पुलिस थाना नगरोटा बगवां में अधिनियम में दर्ज किया गया है। उधर, धर्मशाला स्थित एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने इन मामलों की पुष्टि की है।

**चुनाव** नंगल चौक में प्रचार के दौरान बोले कांग्रेस प्रत्याशी सतपाल

# जनता की आवाज बनकर करूंगा काम: रायजादा

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा**

हिमाचल प्रदेश के हक के लिए बीजेपी सांसद अनुराग ठाकुर ने कितनी बार संसद में आवाज उठाई है उसकी वीडियो जरूर पोस्ट कर लोगों को बताएं। यह बात हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी सतपाल रायजादा ने विधानसभा जसवां परागपुर के विभिन्न गांवों में जनसंपर्क कार्यक्रम के दौरान नंगल चौक में कही। उन्होंने कहा कि 16 बर्ष तक वो सांसद रहे व उन्होंने देश के भविष्य युवाओं की अग्निवीर योजना का विरोध क्यों नहीं किया। वो खुद राजनीति करते करते लेफ्टिनेंट बन गए व युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ कर दिया। जब हिमाचल में आपदा का दौर था व कांग्रेस के विधायक, मंत्री से लेकर मुख्यमंत्री तक आपदाग्रस्त इलाकों का दौरा कर लोगों तक पहुंच रहे थे तब अनुराग ठाकुर जालंधर में बैठकर कह रहे थे कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दूसरा घर हिमाचल है। उन्होंने कहा कि जब घर पर आपदा आती है तो परिवार सदस्य पहले पहुंचते हैं तो प्रधानमंत्री हिमाचल क्यों नहीं आए। उन्होंने बागी विधायकों पर निशाना साधते हुए कहा कि आप्रेशन लोटस फेल हो चुका है। उन्होंने कहा कि चार बार सांसद होने के वावजूद उन्हें पौंग व भाखड़ा बांध विस्थापितों का दर्द दिखाई नहीं दिया व कभी उन्होंने इसका मुद्दा केंद्र में नहीं उठाया। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता एवं पूर्व कामगार कर्मचारी कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह मनकोटिया, कुशल सपेहिया, दिनेश पराशर, व्यापार मंडल के प्रधान राजेंद्र सिंह गोगा, जिला परिषद सदस्य पुष्पा मनहास व रतन चंद कौंडल सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



जनसंपर्क के दौरान कार्यकर्ताओं के साथ सतपाल रायजादा।




# बरसात से पहले ठीक करवाएं पैन स्टोक

## उपायुक्त हेमराज बैरवा ने निरीक्षण के दौरान पन बिजली परियोजना प्रबंधन को दिए निर्देश

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**

**फसल के नुकसान का मुआवजा देने को भी कहा**

उपायुक्त हेमराज बैरवा ने शनिवार को मुल्थान में पन बिजली परियोजना से प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण किया तथा प्रोजेक्ट प्रबंधन को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। गौरतलब है कि गत दिनों पन बिजली परियोजना के पैन स्टोक में खराबी के चलते मुल्थान बाजार में नुकसान हुआ था। उपायुक्त ने कहा कि प्रोजेक्ट प्रबंधन को पैन स्टोक को बरसात से पहले ठीक करवाने के निर्देश दिए ताकि बरसात के दौरान किसी तरह का नुकसान न हो इसके साथ ही जमीन तथा फसल के नुकसान का मुआवजा देने के लिए भी प्रबंधन को कारगर कदम उठाने के लिए कहा गया है।

**अनंत ज्ञान फॉलोअप**

उपायुक्त हेमराज बैरवा ने राजस्व विभाग के अधिकारियों को फसल तथा जमीन को हुए नुकसान का आकलन तथा रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए हैं ताकि प्रभावितों को किसी भी तरह का नुकसान न झेलना पड़े। उपायुक्त हेमराज बैरवा ने प्रभावितों से बातचीत भी की तथा नुकसान का जायजा लिया। इस अवसर पर एसडीएम बैजनाथ देवी सिंह सहित राजस्व विभाग के विभिन्न अधिकारी उपस्थित थे। (अनंत ज्ञान)



शनिवार को मुल्थान में पन बिजली परियोजना से प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण करते डीसी व अन्य अधिकारी।

# बास्केटबाल में मरकरी हाउस चैंपियन

**आशीष दमीर, कांगड़ा**

जीएवी पब्लिक स्कूल कांगड़ा में इंटर हाउस बास्केटबाल कंपटीशन हुआ। चार हाउस में बंटे सदनों में पहला मैच वीनस व मरकरी हाउस के बीच खेला गया। इसमें मरकरी हाउस ने 22-10 से मुकाबला जीता। दूसरे मैच में सैटर्न हाउस ने जुपिटर को 12-2 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

अंत में एक तरफा फाइनल मुकाबले में मरकरी हाउस ने सैटर्न को 16-6 से हराया और ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। प्रधानाचार्य सुनील कांत चड्ढा ने विजेता व उपविजेता टीमों को सम्मानित किया और खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्य ने बताया कि इंटर हाउस गेम्स करवाने से हमें खिलाड़ियों की प्रतिभा निखारने का अवसर मिल रहा है और साथ ही हमें स्कूल के लिए एक अच्छी टीम बनाने में सहायता मिलेगी।

स्कूल का मुख्य लक्ष्य पढ़ाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियों को भी बढ़ावा देना है। हमने पहले से ही तय कर लिया है कि एक छात्र केवल एक ही गेम में खेले और इसी प्रकार सभी स्पर्धा में नियम चलता रहे ,ताकि हर छात्र को प्रतिभा दिखाने का अवसर मिल सके। अगले सप्ताह शनिवार को इंटर हाउस डांस कंपटीशन रखा गया है। (अनंत ज्ञान)



जीएवी पब्लिक स्कूल कांगड़ा में शनिवार को आयोजित इंटर हाउस बास्केटबाल कंपटीशन के प्रतिभागी शिक्षकों के साथ।

## न्यूज ब्रीफ

### हेलिकॉप्टर उड़ान का सफल प्रयास

**बैजनाथ।** लोकसभा चुनाव के लिए पहली जून को प्रदेश में होने वाले मतदान को लेकर बैजनाथ उपमंडल का अति दुर्गम क्षेत्र बड़ा भंगाल में मतदान करवाने के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा पोलिंग पार्टी को ले जाने व वापसी के लिए हेलिकॉप्टर की व्यवस्था की गई है। जिसके चलते शनिवार को इंदिरा गांधी स्टेडियम बैजनाथ से हेलिकॉप्टर उड़ान का सफल प्रयास किया गया। सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम बैजनाथ देवी चंद ठाकुर ने कहा कि प्रदेश का अति दुर्गम क्षेत्र बड़ा भंगाल में मतदान करवाने के लिए पोलिंग पार्टी को ले जाने के लिए हेलिकॉप्टर की व्यवस्था की गई है, जिसका शनिवार को सेना के हेलिकॉप्टर द्वारा सफल ट्रायल किया गया। हेलिकॉप्टर ने इंदिरा गांधी स्टेडियम बैजनाथ से उड़ान भरी तथा बड़ा भंगाल में लैंड करने के बाद वापस पहुंच गया। उन्होंने कहा कि पोलिंग पार्टी में 7 सदस्यीय टीम 30 मई को बड़ा भंगाल के लिए मूव करेगी तथा मतदान करवाने के बाद 2 जून को वापस आएगी।

### मनियाला में पीपल के पेड़ का महत्व बताया

**गरली।** गरली के निकटवर्ती गांव मनियाला में चल रही नौ दिवसीय श्री शिवमहापुराण कथा के सातवें दिन कथा व्यास भागवत रसिक आदर्श शर्मा ने कहा कि धर्म में पीपल के पेड़ का विशेष महत्व है। पीपल के पेड़ को देव वृक्ष माना जाता है, क्योंकि पीपल में सभी देवी-देवताओं का वास होता है और इनकी पूजा करने से व्यक्ति को हर तरह के कष्टों से छुटकारा मिलने के साथ ही शनिदोष से मुक्ति मिल जाती है। शास्त्रों के अनुसार,पीपल के पेड़ में भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी का भी वास माना गया है। इसके साथ ही पीपल के पेड़ की पूजा करने से पितरों का भी आशीर्वाद मिलता है। वही इस दौरान कथा व्यास आदर्श शर्मा ने बताया कि शनिवार के दिन पीपल के पेड़ संबंधी कौन से उपाय करने से सुख-समृद्धि बनी रहती हैं और शनि की महादशा, साढ़े साती आदि से निजात मिल जाती है।



### नैहरिया ने सुधीर शर्मा के लिए मांगे वोट

**धर्मशाला।** भाजपा में घर वापसी करने के बाद भाजपा नेता विपिन नैहरिया ने अपने गांव में सुधीर शर्मा का प्रचार किया। बूथ लेवल पर कार्यक्रम का आयोजन कर यहां नैहरिया ने अपने वोटरों से सुधीर शर्मा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने इस मौके पर कहा कि उनकी टीम पहले की ही तरह काम करेगी। इस दौरान उन्होंने मंच पर बैठे भाजपा प्रत्याशी सुधीर शर्मा को गारंटी दी कि इस बार भाजपा और उन्हें धर्मशाला से लीड दिलाएंगे। नैहरिया ने कहा कि हमारा बूथ आपके साथ चलेगा ये हम आश्वस्त करना चाहते हैं। बताते चलें कि विपिन नैहरिया ने 2022 के विधानसभा चुनाव में आजाद चुनाव लड़ा था तथा उन्होंने काफी वोट प्राप्त किए थे। वहीं अब 2024 के उपचुनाव में भाजपा ने इस प्रभावी तथा एसटी समुदाय के नेता की घर वापसी करवाई है जिससे भाजपा यहां मजबूत हुई है।

# बिजली चोरी पर टेंट हाउस के ठेकेदार को 10 हजार जुर्माना

## रैहन ग्राउंड में थी भाजपा की रैली, पास से की जा रही थी बिजली चोरी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, फतेहपुर**

कांगड़ा जिले के फतेहपुर विधानसभा क्षेत्र के रैहन में बिजली चोरी का मामला सामने आया है। घटनाक्रम की जानकारी मिलने पर बिजली बोर्ड हरकत में आया और मौके पर दबिश दी। बिजली बोर्ड ने अवैध तरीके से बिजली का प्रयोग करने वाले टेंट हाउस के ठेकेदार को 10 हजार 19 रुपए जुर्माना लगाया है।

दरअसल, रैहन ग्राउंड में शनिवार को कांगड़ा-चंबा संसदीय सीट से भाजपा के उम्मीदवार राजीव भारद्वाज के लिए विशाल जनसभा का आयोजन किया गया, जिसमें भारी भीड़ जुटी थी। रैली को मंच से भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भी संबोधित किया। रैली स्थल पर पंडाल, कुर्सियों आदि का काम एक टेंट हाउस को सौंपा गया था। इस बीच, बिजली बोर्ड रैहन के अधिकारियों को सूचना मिली कि रैहन ग्राउंड के पास बिजली चोरी की जा रही है।

सूचना मिलने के बाद बिजली बोर्ड रैहन सेक्शन के जेई अरुण कुमार टीम के साथ मौके पर पहुंचे। टेंट हाउस वाले जहां ठहरे थे वहां वे किसी के घर को आ रही लाइन से डायरेक्ट कनेक्शन लेकर बिजली का अवैध रूप से प्रयोग कर रहे थे। बिजली बोर्ड की टीम ने ठेकेदार को 10 हजार 19 रुपए का जुर्माना लगाया। ठेकेदार ने जुर्माना अदा कर दिया है।




> रैहन ग्राउंड के पास बिजली का अवैध तरीके से इस्तेमाल करने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचे तो पाया कि टेंट हाउस वालों ने अपने रहने के लिए जो इंतजाम किया था, उस कमरे के लिए बिजली का अवैध तरीके से इस्तेमाल कर रहे थे। मामले में जो भी कार्रवाई बनती थी, की है। वसूले गए जुर्माने की राशि बोर्ड के खाते में जमा करवा दी है। साथ ही, ठेकेदार को चेतावनी दी है कि आगे से कहीं भी काम करें, वैध तरीके से करे।
> **अरुण कुमार, जेई, बिजली बोर्ड रैहन सेक्शन।**

# घरोह के जंगल में लगी आग अग्निशमन विभाग ने पाया काबू



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

धर्मशाला के साथ लगती घरोह पंचायत में मैटी के पास जंगल में लगी आग में कई छोटे पौधे आग की भेंट चढ़ गए। शनिवार दोपहर करीब 12 बजे लगी इस आग की सूचना मिलने के बाद धर्मशाला से अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची तथा जंगल में लगी आग को काबू किया। इस संदर्भ में जानकारी देते हुए फायर स्टेशन ऑफिसर कर्म चंद कश्यप ने बताया कि इस आग को समय रहते काबू कर लिया गया तथा इस क्षेत्र में स्थित होटल को आग की चपेट में आने से बचा लिया गया।

# बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाता 21 मई से घर से करेंगे मतदान

**अनंत ज्ञान। बैजनाथ**

**सहायक निर्वाचन अधिकारी देवी चंद ठाकुर ने दी जानकारी**

मतदाताओं से अधिक से अधिक मतदान करवाने के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम बैजनाथ देवी चंद ठाकुर ने कहा कि बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र के सभी 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के तथा 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं को उनके घर में मतदान करवाया जाएगा। कांगड़ा-चंबा लोकसभा सीट के सदस्यों के चुनाव के लिए मतदान डाक पत्र के माध्यम से घर-घर में 21 से 29 मई तक किया जाएगा। बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र में कुल 740 मतदाता है जो 85 वर्ष आयु से अधिक है वह 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले पात्र व्यक्ति पाए गए हैं जिसमें 85 वर्ष से अधिक आयु के 624 मतदाता है तथा दिव्यांगता वाले कुल 116 मतदाता पात्र पाए गए हैं। उन्होंने कहा कि उक्त श्रेणी के व्यक्तियों से चुनाव करवाने के लिए कुल 15 टीमें गठित की गई है जो घर-घर में जाकर उक्त व्यक्तियों से मतदान करवाएंगे। जिसमें एक प्रिजाइडिंग अधिकारी एक पोलिंग अधिकारी तथा सुरक्षा कर्मी के साथ बूथ लेवल के अधिकारी भी टीम में शामिल रहेंगे।

# 1910 मतदान केंद्र किए जाएंगे स्थापितः डीसी

## कांगड़ा-चंबा संसदीय क्षेत्र के 17 विस क्षेत्रों में मतदाताओं की कुल संख्या है 15,02514

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

रिर्टनिंग ऑफिसर कांगड़ा-चंबा संसदीय क्षेत्र डीसी हेमराज बैरवा ने बताया कि कांगड़ा-चंबा संसदीय क्षेत्र 17 विस क्षेत्रों में 1910 मतदान केंद्र स्थापित किए जाएंगे इसमें 1782 सामान्य बूथ जबकि 128 क्रिटिकल बूथ स्थापित होंगे।

उन्होंने बताया कि मतदाताओं की कुल संख्या पंद्रह लाख दो हजार 514 है। इनमें से 7 लाख 55 हजार 878 पुरुष मतदाता तथा सात लाख 46 हजार 631 महिला मतदाता शामिल हैं। इसमें कांगड़ा जिला के 13 विस क्षेत्र तथा चंबा जिला के चार विस क्षेत्र शामिल हैं। इसके अतिरिक्त 21518 सर्विस वोटर्स हैं। 18 से 19 वर्ष के फर्स्ट टाइम वोटर्स की कुल संख्या 36293 है। इसमें पुरुष मतदाता 19441 तथा महिला मतदाता 16852 हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि दिव्यांग वोटर्स की संख्या 12964 है। 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के बुजुर्ग मतदाताओं की संख्या 17, 758 है। शांतिपूर्वक तथा निष्पक्ष तरीके से मतदान प्रक्रिया को पूर्ण करने के लिए 47 सेक्टर मेजिस्टेट, 174 सेक्टर ऑफिसर तैनात किए जाएंगे। संसदीय क्षेत्र में पोलिंग स्टेशन महिलाओं द्वारा संचालित किए जाएंगे जबकि दस पोलिंग स्टेशन दिव्यांग जनों द्वारा संचालित किए जाएंगे, युवाओं द्वारा एक तथा 66 मॉडल पोलिंग स्टेशन स्थापित किए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि स्ट्रांग रूम तथा मतगणना केंद्रों की उचित व्यवस्था की जाएगी। उपायुक्त ने कहा कि कांगड़ा जिला में राजनीतिक दलों तथा प्रत्याशियों की व्यय निगरानी के लिए भी चुनाव आयोग के दिशा निर्देशानुसार व्यय निगरानी कमेटी गठित की गई है। इसके साथ ही सभी नोडल अधिकारियों को प्रशिक्षण भी दिया गया है।

### यहां पर की जाएगी मतगणना

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतगणना पांच जगहों नूरपुर, चंबा, पालमपुर, ज्वालामुखी तथा धर्मशाला में होगी। इसके लिए भी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। उन्होंने कहा कि लोकसभा निर्वाचन-2024 प्रक्रिया निष्पक्ष तथा शांतिपूर्वक तरीके से संपन्न करवाने के लिए नोडल अधिकारी भी तैनात किए गए हैं जिसमें कानून व्यवस्था के लिए एसपी कांगड़ा तथा एसपी नूरपुर, स्वीप के लिए एडीसी, ईवीएम प्रबंधन के लिए एडीएम, आदर्श आचार संहिता एमसीसी के लिए एडीएम, परिवहन के लिए डीएम एचआरटीसी, दिव्यांगजनों के लिए जिला कल्याण अधिकारी को नोडल ऑफिसर तैनात किया गया है।

# पेट्रोलिंग के दौरान हाईवे किनारे लगी आग, यातायात बाधित

**अनंत ज्ञान, पठानकोट**

**फायर ब्रिगेड कर्मियों ने लपटों पर पाया काबू**

सड़क सुरक्षा फोरस बीट मीरथल के डयूटी कर्मियों ने पेट्रोलिंग के दौरान खेतों से नेशनल हाईवे की ओर भड़की आग को फायर बिग्रेड बुलाकर स्थिति पर काबू पाया। डीएसपी सुमेर सिंह मान ने बताया कि नंगल पुलिस थाना के अधीन पड़ते एसएसफ टीम नेशनल हाईवे -44 पर मीरथल दरिया ब्यास की ओर पेट्रोलिंग कर रही थी।

टीम ने देखा कि आग की लपटों की वजह से हाईवे पर ट्रैफिक बाधित हो गया। टीम ने तुरंत फायर बिग्रेड को फोन किया तथा थोड़ी देर बाद ही पहुंचे फायर बिग्रेड कर्मियों ने पानी की बौछार से आग पर काबू पाकर आवागमन को बहाल किया। डीएसपी सुमेर सिंह मान ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि खेतों में आग न लगाएं, क्योंकि आग भड़कने से वन संपदा सहित जीव जंतुओं को भी नुकसान पहुंचाते हैं। कई बाद इस आग में झुलस कर कई बेजुबानों की मौत भी हो जाती है। उन्होंने कहा कि अपने थोड़े से फायदे के लिए कुदरत के साथ खिलवाड़ न करें। चेतावनी देते हुए उन्होंने कहा कि अगर खेतों में खड़ी नाड़े को कोई भी आग लगाता पकड़ा गया तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई होगी।

# अमीन हेड ब्वॉय, हर्षिता हेड गर्ल बनी

**अनंत ज्ञान, नूरपुर**

रोज पब्लिक स्कूल सुल्याली में हेड ब्वॉय तथा हेड गर्ल के चुनाव के लिए मतदान प्रक्रिया करवाई गई। जिसकी शुरुआत विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय शर्मा सौगुनी एवं उपप्रधानाचार्य बबिता सौगुनी ने की । इस मतदान प्रक्रिया में हेड ब्वॉय एंव हेड गर्ल के प्रतिभागियों में आदित्य राज, मुहम्मद अमीन , सनम, हर्षीता, कल्पना ,मन्नत एवं वंदना (कक्षा बाहरवीं) के छात्रों ने भाग लिया । जिनके चुनाव हेतू कक्षा- नवमीं से बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया । इस चुनाव प्रक्रिया में तकरीबन 250 से 300 बच्चों ने हेड ब्वॉय एवं हेड गर्ल के लिए वोटिंग की। परिणाम स्वरूप मुहम्मद अमीन को हेड ब्वॉय के लिए तथा हर्षिता को हेड गर्ल के लिए तथा कक्षा 11वीं से सुजल वाइस हेड ब्वॉय तथा चक्षु वाइस हेड गर्ल चुना गई। जिसके लिए विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय सौगुनी ने चुने छात्रों को बधाई दी। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने बताया कि इस संपूर्ण प्रक्रिया को चुनावी नाटकीय रूप दिया गया था ताकि बच्चों को गणतंत्र के सबसे बड़े महापर्व मतदान की कार्य विधि का पता चल सके तथा भविष्य में वह देश की उन्नति हेतु मतदान में बढ़-चढ़कर भाग लें और देश को मजबूत एवं समृद्ध बनाने में अपना योगदान सुनिश्चित करें ।



रोज पब्लिक स्कूल सुल्याली में छात्र शिक्षकों के साथ।

# अवैध खनन करते जेसीबी और दो टिप्पर जब्त

**इंदौरा।** उपमंडल इंदौरा के अंतर्गत अवैध खनन पर खनन विभाग द्वारा बड़ी कार्रवाई अमल में लाई गई है। इसमें एक जेसीबी मशीन व दो टिप्पर विभाग द्वारा जब्त किए गए है। यह कार्रवाई मंड क्षेत्र के मंड इंदौरा व बरोटा में अमल में लाई गई। खनन अधिकारी नीरज कांत ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि अवैध खनन की गतिविधियों को अंजाम दिया जा रहा है। जिस पर माइनिंग इंस्पेक्टर राहुल जोएल को कार्रवाई के निर्देश दिए गए। उन्होंने शुक्रवार रात को दबिश दी व एक जेसीबी मशीन तथा दो टिप्परों को अवैध खनन पर जब्त कर उनसे 1.20500 रुपए राशि नकद जुर्माने के रूप में वसूल की।

# मतदाता जागरूकता रैली निकाली



**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय क्षेत्रीय केंद्र धर्मशाला में लोकसभा तथा विस उपचुनाव में मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए विशेष मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान के अंतर्गत विश्वविद्यालय क्षेत्रीय केंद्र के विद्यार्थियों के लिए लोकतंत्र में मतदान का महत्व विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें राजनीतिक विभाग के विभाग अध्यक्ष हेतराम ठाकुर मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों और युवाओं से मतदान करने का आह्वान किया। विद्यार्थियों ने लोकतंत्र को मजबूत बनाने हेतु प्रेरक पोस्टर व नारा लेखन प्रतियोगिता में भाग लिया तत्पश्चात मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय केंद्र के निदेशक डॉक्टर डीपी वर्मा ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस कार्यक्रम में नोडल अधिकारी डॉ. राजकुमार, नोडल अधिकारी डॉक्टर संजीव कुमार, डॉक्टर संदीप धीमान, राजेंद्र कुमार शर्मा, डॉ. विपिन शर्मा, डॉक्टर पूनम सहित रोबर रेंजर के स्वयंसेवक एवं विभिन्न विभागों के 165 से अधिक विद्यार्थी शामिल हुए। नोडल अधिकारी डॉ. राजकुमार ने बताया कि मतदाता जागरूकता अभियान की गतिविधियों में विद्यार्थियों ने बढ़- चढ़कर भाग लिया।

# शतरंज प्रतियोगिता में शमशेर प्रथम

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय क्षेत्रीय केंद्र धर्मशाला में ओपन शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में विश्वविद्यालय क्षेत्रीय केंद्र धर्मशाला के निदेशक आईपी वर्मा मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। शतरंज प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय क्षेत्रीय केंद्र धर्मशाला के 60 छात्रों ने भाग लिया। इसमें 40 छात्र और 20 छात्राएं शामिल रहीं।

प्रतियोगिता में यूनिवर्सिटी क्षेत्रीय केंद्र के छात्र शमशेर सिंह ने पहला स्थान प्राप्त किया। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय क्षेत्रीय केंद्र धर्मशाला के खेल सह निदेशक अश्विनी लखनपाल ने प्रतियोगिता में भाग ले रहे छात्रों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता का मकसद युवाओं को नशे से दूर और बाजारों के प्रति आकर्षित करना है।

हिप्र. विश्वविद्यालय क्षेत्रीय केंद्र धर्मशाला खेल समिति के संयोजक डॉ. संजीव, डॉ. दिव्य गुप्ता, डॉ. भावना, डॉ. किशोर, डॉ. हेतराम, डॉ. संदीप धीरेन, डॉ. रोहित ठाकुर, डॉ. सुखवीर, डॉ. कंचन बाला, डॉ. विपिन, लाइब्रेरियन दिलवर इस प्रतियोगिता में अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।



शतरंज प्रतियोगिता के विजेता को सम्मानित करते हुए।

**समस्या** सुबह-सुबह ही वाहनों की लग रही लंबी कतारें, राहगीर हो रहे परेशान

# त्रिलोकपुर में घंटों जाम, प्रशासन बेखबर

**अनिल छांगू, जवाली**

पठानकोट-मंडी राष्ट्रीय उच्चमार्ग पर त्रिलोकपुर के समीप फोरलेन निर्माणाधीन कंपनी के तानाशाही रवैये के कारण आग उगलती गर्मी में वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

त्रिलोकपुर में फोरलेन कंपनी ने कार्य लगा रखा है तथा सुबह ही स्कूल-कॉलेज जाने वाले बच्चों व शिक्षकों तथा रोजमर्रा अपने कार्यों को जाने वाले लोगों को जाम की स्थिति से गुजरना पड़ रहा है जिससे कोई भी समय पर अपने कार्यस्थल पर नहीं पहुंच पाता है। प्रतिदिन बसें लेट हो जाती हैं। दोपहर को भी चिलचिलाती गर्मी में घंटों जाम में फंसना पड़ रहा है।

राहगीरों ने बताया की करीबन डेढ़ घंटे के बाद कंपनी द्वारा जाम को खोला जाता है। कुछ बसें कोटला-त्रिलोकपुर-32 मील होकर जा रही हैं, लेकिन इस रास्ते की हालत भी फोरलेन कंपनी ने खराब कर रखी हुई है। 32 मील के पास त्रिलोकपुर जाते हुए मोड़ पर कंपनी की लापरवाही से ल्हासा गिर गया था और मिट्टी डाल जिसे आवाजाही के लिए चलाया गया, लेकिन आज तक वहां किसी प्रकार का डंगा नहीं लगाया गया। सड़क तंग होने की वजह से घंटों जाम में फंसना पड़ रहा है। इन दिनों गर्मियों के सीजन के चलते पर्यटक पहाड़ों का रुख कर रहे हैं, लेकिन त्रिलोकपुर में भरे जाम से यात्रियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

लोगों ने जिलाधीश कांगड़ा से मांग उठाई है कि जाम की स्थिति से निपटने के लिए जरूरी पग उठाए जाएं साथ ही अगर ट्रैफिक रोकने की कोई आधिकारिक परमिशन दी गई है तो पुलिस कर्मी की नियुक्ति भी की जाए ताकि लोगों को असुविधा न हो। (अनंत ज्ञान)



पठानकोट-मंडी राष्ट्रीय उच्चमार्ग पर त्रिलोकपुर में जाम में फंसी गाड़ियां, इससे लोगों को परेशानी हो रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### ग्राम सुधार सभा हनोह का चुनाव आज

**भरेड़ी।** भोरंज के तहत ग्राम सुधार सभा हनोह के चुनाव 19 मई को प्रधान धर्म चंद शर्मा के घर होना निश्चित हुए हैं। धर्म चंद ने बताया कि पुरानी कार्यकारिणी को भंग कर नई कार्यकारिणी गठित की जाएगी। साथ ही जिन लोगों ने सदस्यता लेनी है वह भी 10 बजे से पूर्व ग्राम सुधार सभा की सदस्यता ले सकते हैं। उन्होंने चुनाव में ग्राम सभी सदस्यों को भाग लेने की अपील की है।

### मानव श्रृंखला बना मतदाताओं को किया जागरूक



**टौणी देवी।** स्वीप कार्यक्रम के तहत लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टौणी देवी के निर्वाचक साक्षरता क्लब ने भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार स्थानीय बाजार में एक मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया, जिसमें स्टूडेंट्स ने बोर्ड व पोस्टर पर अंकित श्लोगन व संदेश एवं मानव श्रृंखला बनाकर मतदाताओं को लोकतंत्र के महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया गया। प्रधानाचार्य रजनीश रांगड़ा ने बताया कि देश के संविधान ने प्रत्येक वयस्क को मतदान का अधिकार दिया है, इसलिए हमें अपने मताधिकार का उपयोग कर अपनी सरकार चुनने में अपनी भागीदारी अवश्य करनी चाहिए। इस अवसर पर नोडल अधिकारी सोनू गुलेरिया ने स्टूडेंट्स को निर्वाचन प्रणाली के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि हर एक वोट जरूरी होता है, जो लोकतंत्र को मजबूत करता है, इसलिए सभी मतदान जरूर करें।

### महिलाओं ने पोशाक-आभूषण बनाने का लिया प्रशिक्षण



**बिझड़ी।** मट्टनसिद्ध स्थित पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) हमीरपुर में तहसील बड़सर के गांव करेर की महिलाओं के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान महिलाओं को पोशाक-आभूषण बनाने का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। समापन अवसर पर बैंक प्रबंधक लक्ष्मी नारायण काजल ने महिलाओं का मार्गदर्शन किया और उन्हें कई महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कीं। उन्होंने महिलाओं को डिजिटल बैंकिंग और साइबर सुरक्षा के उपायों से भी अवगत करवाया। निदेशक अजय कुमार कतना ने बैंक प्रबंधक का स्वागत किया तथा प्रशिक्षण कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी।

### स्टूडेंट्स को दी जाएंगी नींव स्वयं पाठन पुस्तकें

**हमीरपुर।** नौवीं कक्षा के गणित एवं विज्ञान विषय में कमजोर स्टूडेंट्स को सशक्त बनाने के लिए नींव स्वयं पाठन पुस्तकों का वितरण किया जाएगा। समग्र शिक्षा हिमाचल प्रदेश द्वारा कमजोर स्टूडेंट्स के लिए नींव स्वयं पाठन पुस्तिकाएं तैयार की हैं। स्टूडेंट्स अब गणित और विज्ञान में उत्कृष्टता प्राप्त करने के उद्देश्य से शुरू की गई नई पहल से लाभ उठा सकेंगे। नींव शीर्षक वाली स्व अध्ययन पुस्तकें जिला भर के नौवीं के स्टूडेंट्स को वितरित की जाएंगी। गणित और विज्ञान की 1021 किताबें जिला भर के विभिन्न खंडों को भेज दी गई हैं। जिला समन्वयक पुनीत कुमार ने कहा कि समग्र शिक्षा द्वारा विकसित ये नींव पुस्तकें विशेष रूप से उन स्टूडेंट्स की आवश्यकताओं को पूरा करती हैं, जिन्हें गणित और विज्ञान में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। स्पष्ट और संक्षिप्त तरीके से लिखी गई ये पुस्तकें गणित और विज्ञान की मूलभूत अवधारणाओं की समझ को मजबूत करने के लिए स्पष्टीकरण, उदाहरण और अभ्यासों का खजाना प्रदान करती हैं। इन किताबों का वितरण 25 प्रतिशत कमजोर स्टूडेंट्स को किया जाएगा। खंड परियोजना अधिकारी बीपीओ को अपने-अपने खंड की पाठशालाओं में किताबों के वितरण के आदेश जारी कर दिए हैं।



पुनीत कुमार नींव स्वयं पाठन पुस्तकों को दिखाते हुए।

### सच्चाई पर अडिग रहकर लक्ष्य की करें प्राप्ति : नित्यानंद



**नादौन।** डीडीएम साई कालेज कल्लर जलाड़ी में गैस्ट लेक्चर का आयोजन किया गया, जिसमें स्वामी नित्यानंद महाराज ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उनके साथ रिटायर्ड प्राचार्य डॉ. रत्न चंद शर्मा और कुमारी आराध्या उपस्थित रहीं। स्वामी नित्यानंद 2005 से धर्म तथा संस्कृति के लिए गीता का प्रचार-प्रसार कर रहे हैं। उन्होंने शैक्षणिक महत्व, परंपराओं, नैतिक महत्व, आध्यात्मिक ज्ञान तथा गीता के महत्व से स्टूडेंट्स को अवगत करवाते हुए अधिकार, कर्तव्य, सच्चाई के रास्ते पर अडिग रहना, लक्ष्य को कैसे प्राप्त करें, सेवा करने का भाव व धर्म के बारे में जानकारी दी। वहीं, रत्न चंद शर्मा ने बताया कि शैक्षणिक महत्व, आध्यात्मिक ज्ञान का जीवन में कितना महत्व है। कुमारी आराध्या कहा कि गीता की जीवन में विनम्रता एवं शालीनता प्रदान करती है। कार्यक्रम में कालेज के प्रशासनिक अधिकारी राजेश कपिल, एडवोकेट पर्व शर्मा व वाईस प्रिंसीपल डॉ. मलकीयत सिंह राणा ने भी अपने विचार रखे।

### घर में घुसकर मारपीट करने का मामला दर्ज

**नादौन।** नादौन पुलिस थाना के अंतर्गत जलाड़ी के हरमंदिर गांव में घर में आकर मारपीट का मामला सामने आया है। हरमंदिर गांव के जगमोहन पुत्र देशराज ने पुलिस थाना में शिकायत की है कि उसके गांव के शुभम व उसके तीन-चार साथी रात को घर में आए और गाली-गलौच व लड़ाई-झगड़ा किया, जब उन्हें रोका तो उन्होंने मारपीट शुरू कर दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### विवाहिता ने निगली जहरीली वस्तु, मौत

**नादौन।** पुलिस थाना नादौन के अंतर्गत बड़ा क्षेत्र के धंगड़ गांव में 32 वर्षीय महिला ने जहरीली दवाई का सेवन कर लिया, जिससे उसकी हालत काफी बिगड़ गई। उसे नादौन अस्पताल लाया गया जहां उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज हमीरपुर भेज दिया है और मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# प्रचंड गर्मी में दहक रहे चीड़ के जंगल

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**



फाइल फोटो

जिले में चीड़ के जंगल अपनी गुणवत्ता के लिए कभी जग विख्यात हुआ करते थे, लेकिन पिछले कई सालों से आग ने इन जंगलों को जिस बड़े स्तर पर नुकसान पहुंचाया है। उससे यह जंगल अब 'विरले' पड़ गए हैं। पिछले कुछ दिनों से इन जंगलों में आगजनी की बड़े स्तर पर अब घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन आग बुझाने के लिए वन विभाग और सरकार के पास हाथ खड़े करने के अलावा और कोई भी चारा दिखता नहीं है।

प्रचंड गर्मी के बीच जंगलों में रोजाना आग की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। शनिवार को भी जिले के रोपड़ी, दियोटसिद्ध और मड़ियानी देवी इलाकों में चीड़ के जंगलों में बड़े स्तर पर आग देखी गई है। दरअसल में जिले के निचले इलाकों में जितने भी जंगल हैं, उनमें चीड़ के पेड़ बड़ी तादाद में हैं। वहीं असल समस्या जंगलों को आग से बचने की है।

विरोजे की निकासी से निगम को चीड़ के पेड़ों से काफी फायदा होता है, लेकिन आग की इन घटनाओं की वजह से चीड़ पेड़ों का तना बुरी तरह झुलस जाता है। इससे चीड़ पेड़ों को तो नुकसान होता ही है। कम विरोजा निकासी से भी आर्थिक नुकसान हो जाता है।

- आग से बचने के सारे उपाय 'ढेर'
- फायर वॉचरों की मौजूदगी बनी औपचारिकता

जिले में लगभग पांच दर्जन फायर वाचर हर साल गर्मियों के मौसम में वन विभाग को आग की घटनाओं पर काबू पाने के लिए रखने पड़ते हैं, लेकिन विडंबना यह है कि पिछले साल इन फायर वॉचरों को 3 महीनों की पेमेंट ही नहीं हुई है। इस साल फिर से वन विभाग ने फायर वॉचर रख लिए हैं। उन्हें पेमेंट हो जाएगी या नहीं? इस पर अभी भी संशय बना हुआ है। (अनंत ज्ञान)

#### क्या कहते हैं डीएफओ

**डीएफओ** अंकित कुमार का कहना है कि अभी तक जंगलों में आग की कुल 22 घटनाएं हुई हैं। बढ़ती गर्मी के बीच आग कई जगह लग चुकी है। उनका कहना है कि अभी तक किसी के खिलाफ कोई एफआईआर दर्ज नहीं की गई है।

### बमनेड में पशुशाला में लगी आग

**नादौन।** नादौन के बलडूहक क्षेत्र के गांव बमनेड में एक गौशाला में आग लग गई, जिससे करीब 6 नुकसान हो गया है। आग की घटना की खबर मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। मिली जानकारी के अनुसार बमनेड गांव के करतार चंद पुत्र परस राम की गौशाला में शनिवार शाम को अचानक आग लग गई, जिससे चार कमरों की स्लेटपोश पशुशाला, उसमें रखी करीब अढ़ाई लाख की ईमारती लकड़ी के अलावा घास आदि जलकर राख हो गया है। करतार चंद ने बताया कि करीब 6 लाख का नुकसान हुआ है।

**करीब 6 लाख का नुकसान**

# टिप्पर-ट्रक की टक्कर में ड्राइवर की मौत



**अनंत ज्ञान, नादौन**

नादौन शहर में नेशनल हाईवे पर रेस्ट हाउस के पास शनिवार सुबह एक टिप्पर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े इंटों से भरे ट्रक से टकरा गया, जिससे टिप्पर का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और टिप्पर चालक अनमोल कुमार निवासी कंकरी गंभीर रूप से घायल हो गया। करीब अढ़ाई घंटे बाद पुलिस ने लोगों की सहयोग से टिपर के कुछ हिस्से को काटकर चालक को बाहर निकाला। इस हादसे में चालक की दोनों टांगें बुरी तरह से टूट गईं। उसे उपचार के लिए नादौन अस्पताल लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टरों ने उसे मेडिकल कॉलेज हमीरपुर रेफर कर दिया, लेकिन उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया।

**टिप्पर को कटर से काटकर चालक को निकाला बाहर**

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## बुजुर्ग-दिव्यांग मतदाताओं के लिए मतदान प्रक्रिया 21 से

**हमीरपुर।** एसडीएम एवं विधानसभा क्षेत्र 38-हमीरपुर के सहायक निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार सोनी ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव-2024 के लिए घर से ही मतदान का विकल्प चुनने वाले 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं की मतदान प्रक्रिया 21 मई से शुरू होगी और 27 मई तक पूर्ण कर ली जाएगी। सोनी ने बताया कि इस मतदान प्रक्रिया के लिए टीमों का गठन कर लिया गया है तथा इनका शेड्यूल भी निर्धारित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने घर से मतदान का समय सुबह 9 से सायं 5 बजे तक निर्धारित किया है। मतदान टीम को अगर मतदाता घर में नहीं मिलता है तो वे दूसरी बार उसके घर जाएगी। अगर नहीं मिलता है तो फिर उसे मतदान करने का कोई अन्य अवसर नहीं दिया जाएगा। सहायक निर्वाचन अधिकारी ने सभी उम्मीदवारों और उनके एजेंटों से आग्रह किया है कि अगर वे होम वोटिंग की निगरानी के लिए अपने प्रतिनिधि या एजेंट तैनात करना चाहते हैं तो वे फार्म-10 के माध्यम से इन्हें अधिकृत कर सकते हैं। यह फार्म सहायक निर्वाचन अधिकारी कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

# रैलियां निकाल मतदाताओं को किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, बिझड़ी**




शत-प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक करते स्टूडेंट्स व अन्य।

बड़सर-39 विधानसभा क्षेत्र में लोकसभा और विधानसभा उपचुनाव में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने और शत-प्रतिशत मतदान करने को लेकर सहायक निर्वाचन अधिकारी बड़सर राजेंद्र गौतम तथा अन्य अधिकारियों ने मतदाताओं को जागरूक करने की मुहिम तेज कर दी है।

शनिवार को हालांकि बड़सर विधानसभा क्षेत्र के सभी स्कूलों में चुनाव आयोग के निर्देशानुसार गठित चुनावी साक्षरता क्लब ने बच्चों के माध्यम से विभिन्न प्रतियोगिताएं और रैलियां निकालकर मतदाताओं को जागरूक किया। राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बिझड़ी, बणी और ग्यारहग्रां स्कूलों में उपमंडल स्तर पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करवाकर बच्चों के माध्यम से एक-एक वोट के महत्व बारे जागरूक किया गया।

वहीं बिझड़ी स्कूल में तहसीलदार संदीप चंदेल ने स्कूली बच्चों की चुनावी रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और बच्चों ने पूरे बिझड़ी बाजार में चुनावी जागरूकता के नारों तथा मतदान क्यों जरूरी, के बारे में लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया। ग्यारहग्रां स्कूल में बड़सर तहसील के तहसीलदार धर्म पाल नेगी ने चुनावी साक्षरता क्लब द्वारा आयोजित मतदाता जागरूकता अभियान का नेतृत्व किया और बच्चों और अध्यापकों को मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। वहीं बणी स्कूल में भी प्रधानाचार्य हरफूल सिंह और समस्त स्टाफ के सदस्यों सहित बणी बाजार में बच्चों ने मतदाताओं को जागरूक करने के लिए रैली का आयोजन किया तथा रैली के बाद भाषण प्रतियोगिता, पेंटिंग और स्लोगन राइटिंग प्रतियोगितायों का आयोजन किया गया और मतदाताओं को पहली जून को शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए जागरूक किया।

## मंडी ने पहली पारी में बनाए 240 रन

**नादौन।** क्रिकेट स्टेडियम अंमतर नादौन में अंतर जिला स्तरीय अंडर-19 फाइनल क्रिकेट मैच जिला मंडी व कुल्लू की टीम के बीच हुआ। मंडी की टीम ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। मंडी ने बल्लेबाजी करते हुए 86.4 ओवर में 240 रन बनाए। बल्लेबाज मंथन शुरूग ने 86, गंगा सिंह ने 25, दिव्यांश ठाकुर ने 26 तथा सचिन ने 21 रन बनाए। क्रिकेट एसोसिएशन के महासचिव अनिल भाटिया व स्टेडियम के प्रभारी टिंका ठाकुर ने बताया कि कुल्लू की टीम की ओर से गेंदबाजी करते हुए गेंदबाज सुशांत सिंह ने 5 विकेट झटके, जबकि अर्नव जंबाल ने 2 तथा शिवांश कपूर, सागर मलहान व 1-1 विकेट ली, जबकि एक बल्लेबाज रन आउट हो गया। मुकाबले में कुल्लू की टीम ने पहली पारी खेलते हुए पहले दिन का मैच समाप्त होने पर 7 ओवर में 2 विकेट खोकर 10 रन बनाए हैं। अभिनव शर्मा ने 2 विकेट ली।

## विद्युत उपमंडल-2 में आज बंद रहेगी बिजली

**हमीरपुर।** विद्युत उपमंडल-2 हमीरपुर में 19 मई को लाइनों की आवश्यक मरम्मत के चलते एनआईटी, खशग्रां, घरियाणा ब्राह्मणा, अणु कलां, पूल्ड कालोनी, पीडब्ल्यूडी कालोनी, उपायुक्त कार्यालय, गांधी चौक, अप्पर बाजार, नादौन चौक, बस स्टैंड, प्रतापनगर, बराड़ बल्ह, पुलिस स्टेशन, गांधी गेट, हाउसिंग बोर्ड कालोनी, बजूरी, बाईपास, लोहारडा, उसियाणा, गौड़ा, भोटा चौक, मेडिकल कालेज, घनाल, हथली, पुलिस लाइन और आस-पास के क्षेत्रों में सुबह 9 से सायं 5 बजे तक बिजली बाधित रहेगी। सहायक अभियंता सौरभ राय ने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

# लोगों को मतदान के लिए किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, भरेड़ी**




भुक्कड़ स्कूल के बच्चे रैली निकालते हुए।

मिशन 414 और विधानसभा क्षेत्र 22 के तहत भोरंज विधानसभा क्षेत्र के सरकारी, निजी स्कूलों व कॉलेजों में में मत प्रतिशता को बढ़ाने के लिए शनिवार को सुबह नौ से दस बजे तक मतदाता जागरूकता रैलियों का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूली बच्चों व अध्यापकों ने रैली निकाल पहली जून को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए लोगों को जागरूक किया।

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जाहू में प्रधानाचार्य रमेश ठाकुर की अध्यक्षता में रैली का आयोजन किया गया। स्कूली बच्चों ने स्कूल परिसर से जाहू बाजार तक रैली निकाली तथा सलोगन से दुकानदारों व लोगों को वोट देने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान खंड विकास अधिकारी भोरंज कुलवंत सिंह, स्वीप नोडल अधिकारी अनिल डोगरा व अन्य अध्यापक भी रैली में शामिल हुए। इस अवसर पर बीडीओ कुलवंत सिंह ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती व सफलता के लिए वोट करना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि बच्चों से माध्यम से यह संदेश घर-घर तक पहुंचे इसके लिए अध्यापक वर्ग को भी कार्य करना होगा।

प्रधानाचार्य डॉ. ओंकार सिंह भाटिया ने नेतृत्व में स्कूली बच्चों ने रैली निकाली तथा वोट के महत्व से लोगों को अवगत करवाया। भुक्कड़ स्कूल चुनावी साक्षरता क्लब प्रभारी मनोज शर्मा की अगुवाई में बच्चों ने गांव तक रैली निकाल कर वोट देने का संदेश दिया।

# रविंद्र सिंह डोगरा का प्रचंड गर्मी में भी चुनाव प्रचार जारी

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**



सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव में एनसीपी के उम्मीदवार रविंद्र सिंह डोगरा का प्रचार गर्मी के मौसम में भी जारी है। चिलचिलाती धूप में भी डोगरा का गांव-गांव प्रचार कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि अपने चुनावी कैंपेन की कमान उन्होंने स्वयं संभाली है, जिसमें उनकी पत्नी अंजू बाला भी लोगों से वोट और स्पोर्ट की अपील कर रही हैं। सुजानपुर के दुर्गम गांव में जाकर गर्मी के मौसम में चुनावी कैंपेन चला कर डोगरा ने लोगों का दिल जीत लिया है और जनता का समर्थन प्राप्त करते जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि लोग दलबदल करने वाले उम्मीदवारों से परेशान हैं। उन्होंने बताया कि उन्हें लोगों का भरपूर समर्थन मिल रहा है तथा वह दलबदलू उम्मीदवारों को मात देने के लिए पूरी मेहनत कर रहे हैं।

## बीमा क्षेत्र में प्रह्लाद सिंह को मिला अंतरराष्ट्रीय सम्मान

**बिझड़ी।** भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा हमीरपुर के अभिकर्ता प्रह्लाद सिंह को बीमा क्षेत्र में अतुलनीय और शानदार सेवाएं देने के लिए अंतरराष्ट्रीय संस्था लिम्रा द्वारा अंतरराष्ट्रीय गुणवत्ता सम्मान प्रदान किया गया है। प्रह्लाद को सबसे उच्चतम स्तर अर्थात प्लैटिनम सर्टिफिकेट द्वारा सम्मानित किया गया है। इस अवसर पर भारतीय जीवन बीमा निगम के एसबीएम अतुल गुप्ता, एबीएम अजय ठाकुर एवं एसबीए गौरव चौहान ने प्रह्लाद सिंह को लिम्रा द्वारा प्रदान प्लैटिनम सर्टिफिकेट से सम्मानित किया गया। अतुल गुप्ता ने बताया कि इस पुरस्कार को जीत कर प्रह्लाद सिंह ने एलआईसी हमीरपुर शाखा का नाम रोशन किया है।



# ईवीएम-वीवीपैट की कमिशनिंग के लिए उपस्थित रहें प्रत्याशी या एजेंट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

एसडीएम एवं विधानसभा क्षेत्र 38-हमीरपुर के सहायक निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार सोनी ने बताया कि लोकसभा चुनाव के लिए विधानसभा क्षेत्र 38-हमीरपुर को आवंटित ईवीएम-वीवीपैट की कमिशनिंग प्रक्रिया 22 मई को सुबह 10 बजे ब्वॉयज सीनियर सेकेंडरी स्कूल हमीरपुर के कमरा नंबर 308 में आरंभ की जाएगी। इस संबंध में सूचना जारी करते हुए सहायक निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि ईवीएम-वीवीपैट की कमिशनिंग के लिए स्ट्रांग रूम को उम्मीदवारों या उनके अधिकृत चुनाव एजेंटों की उपस्थिति में ही खोला जाएगा।

कमिशनिंग की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद ईवीएम-वीवीपैट को स्ट्रांग रूम में रखा जाएगा तथा इसे उम्मीदवारों या उनके अधिकृत चुनाव एजेंटों की उपस्थिति में ही सील किया जाएगा। इस दौरान किसी भी व्यक्ति को हॉल के अंदर किसी भी प्रकार का इलेक्ट्रॉनिक उपकरण ले जाने की अनुमति नहीं होगी।

उन्होंने सभी उम्मीदवारों या उनके चुनाव एजेंटों से इस प्रक्रिया के दौरान उपस्थित रहने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि अगर इस प्रक्रिया के दौरान उम्मीदवार स्वयं उपस्थित रहने के बजाय अपने प्रतिनिधि को अधिकृत करना चाहते हैं तो उस प्रतिनिधि के पास भारत निर्वाचन आयोग के नियमों के अनुसार सभी आवश्यक दस्तावेज होने चाहिए।

## डीएवी आलमपुर में हुई फ्रेशर पार्टी

**सुजानपुर।** डीएवी स्कूल आलमपुर में फ्रेशर पार्टी धूमधाम से मनाई गई। विद्यालय में नए स्टूडेंट्स का स्वागत किया गया। छोटे-छोटे बच्चे सबको मोहित कर रहे थे। रंग बिरंगे परिधानों में सजे स्टूडेंट्स ने कार्यक्रम का खूब आनंद लिया। छात्राओं ने गीत, संगीत और नृत्य से समा बांध दिया। वेस्टर्न और इंडियन कल्चर के डांस छात्र व छात्राओं ने प्रस्तुत किए। आज के दिन स्टूडेंट्स के लिए अलंकरण समारोह का भी आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य बिक्रम सिंह ने बच्चों का उत्साह बढ़ाया और फ्रेशर पार्टी में स्टूडेंट्स को भविष्य संवारने की जानकारी दी।

**बैठक** निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज और बस स्टैंड की साइट का किया निरीक्षण

# मुख्य सचिव ने की चुनाव प्रबंधों की समीक्षा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**



हमीर भवन में चुनावों की तैयारियों के बारे में जानकारी लेते मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना।

हिमाचल प्रदेश के मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने शनिवार को यहां हमीर भवन में जिला के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक करके लोकसभा आम चुनाव-2024 और विधानसभा उपचुनाव से संबंधित आवश्यक प्रबंधों की समीक्षा की। भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार जिला में अभी तक किए गए विभिन्न प्रबंधों पर संतोष व्यक्त करते हुए मुख्य सचिव ने कहा कि जिला हमीरपुर में लोकसभा आम चुनाव के साथ ही दो विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव भी होने हैं और इनके लिए अतिरिक्त व्यवस्था करनी होगी।

प्रबोध सक्सेना ने मतदान ड्यूटी के लिए अधिकारियों-कर्मचारियों, पुलिस और सुरक्षा बलों की उपलब्धता तथा इनकी तैनाती से संबंधित प्लान की समीक्षा भी की। उन्होंने कहा कि जिला के सभी 532 मतदान केंद्रों में बिजली, पानी, शौचालय, रैंप और अन्य आवश्यक सुविधाओं का प्रावधान कर दिया गया है। अगर किसी मतदान केंद्र में कोई कमी रह गई है तो संबंधित एसडीएम और सेक्टर अधिकारी उसका तुरंत निवारण सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि ईवीएम-वीवीपैट स्ट्रांग रूम और मतगणना केंद्रों के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित मानदंडों के अनुसार पुख्ता प्रबंध होने चाहिए। घर से मतदान की सुविधा, पोस्टल बैलेट्स और सर्विस वोटर्स के मतपत्रों के लिए भी नियमानुसार कदम उठाएं। चुनाव से संबंधित अन्य प्रबंधों को लेकर भी बैठक में व्यापक चर्चा की गई। इस अवसर पर हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधीश अमरजीत सिंह ने मुख्य सचिव का स्वागत किया तथा चुनाव से संबंधित विभिन्न प्रबंधों का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया। एसपी पदम चंद ने सुरक्षा प्रबंधों की जानकारी दी। बैठक के बाद मुख्य सचिव ने जोल सप्पड़ में निर्माणाधीन डॉ. राधाकृष्णन राजकीय मेडिकल महाविद्यालय के नए कैंपस का दौरा भी किया। कालेज के प्रधानाचार्य डॉ. रमेश भारती ने मुख्य सचिव को निर्माण कार्यों की प्रगति से अवगत करवाया। इसके बाद हमीरपुर में बन रहे बस अड्डे की साइट का निरीक्षण भी किया और लोक निर्माण विभाग तथा एचआरटीसी के अधिकारियों से इस महत्वपूर्ण परियोजना की रिपोर्ट ली।

# सुजानपुर अस्पताल में नर्सों को स्टाफ ने दी बधाई



अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग-डे के अवसर पर स्टाफ व नर्सें सामूहिक चित्र में।

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग-डे के अवसर पर सुजानपुर अस्पताल में शनिवार को स्टाफ नर्स-डे मनाया गया। इस अवसर पर अस्पताल स्टाफ द्वारा अस्पताल में कार्यरत नर्सों को बधाई दी। सुजानपुर में कार्यरत स्टाफ नर्स ने बताया कि फ्लोरेंस एंजेल को दुनिया की पहली नर्स माना जाता है।

उन्होंने बताया कि फ्लोरेंस एंजेल का जन्म इटली में 12 मई 1820 हुआ था। उन्हें लेडी ऑफ द लैंप भी कहा जाता है। उन्हीं की याद में हर वर्ष 12 से 18 मई तक अंतरराष्ट्रीय नर्सेज वीक मनाया जाता है। इस अवसर पर मुख्यातिथि एसोसिएटेड बीएमओ डॉ. सौरव मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### गुरु वंदन शत अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित



गुरु वदन शत अभिनंदन समारोह में पुरुस्कार ग्रहण करता मेधावी छात्र।

**ऊना।** भारत विकास परिषद ऊना की ओर से स्कॉलर्स यूनिफाइड सीनियर सेकेंडरी स्कूल ऊना में गुरु वंदन शत अभिनंदन कार्यक्रम मनाया गया। इस अवसर पर दसवीं कक्षा के तीन सीबीएसई टॉपर छात्रों को सम्मानित किया गया तथा दो छात्रों को भी सम्मानित किया गया, जिन्होंने जिला और राष्ट्रीय स्तर पर खेलों में स्वर्ण पदक जीते। इस अवसर पर प्राचार्य धीरज शर्मा सहित तीन शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। अश्वनी शर्मा प्रिंसिपल गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल छल्ला में भारत विकास परिषद के आदर्श वाक्य के बारे में बताया गया। सेवानिवृत्त प्राचार्य अशोक कुमार ने गुरु बंदना एवं शत अभिनंदन कार्यक्रम का महत्व समझाया। संजीव अग्निहोत्री ने इस समारोह के आयोजन के लिए स्कूल अधिकारियों को धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया। राजिंद्र शर्मा कोषाध्यक्ष भारत विकास प्रशंसा ने भी अपनी उपस्थिति से इस अवसर की शोभा बढ़ाई और इस परियोजना की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### अरविंद मार्ग पर व्यापारियों ने लगाया भंडारा



अरविंद मार्ग में भंडारे का आयोजन करते स्थानीय दुकानदार

**ऊना।** अरविंद मार्ग के व्यापारियों ने हर साल की तरह इस बार भी भंडारे का आयोजन किया। भंडारे में सभी दुकानदारों ने भाग लिया। स्थानीय दुकानदार कमल ने बताया कि भगवान भोलेनाथ के नाम का भंडारा लगाया जाता है, जिसमें सभी दुकानदार अपना सहयोग देते हैं। इस भंडारे में हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

### बंगाणा में कल होगी 'रन फॉर डेमोक्रेसी'

**ऊना।** ऊना जिले में स्वीप कार्यक्रम के माध्यम से विविध गतिविधियां आयोजित करके लोगों को चुनावों में मताधिकार के प्रयोग के प्रति जागरूक और प्रेरित किया जा रहा है। इसी कड़ी में स्वीप कार्यक्रम के तहत सोमवार 20 मई को उपमंडल बंगाणा में सुबह 8 बजे 'वोट करेगा कुटलैहड़' जागरूकता संदेश के साथ 'रन फॉर डेमोक्रेसी' मेराथन आयोजित होगी। यह मैराथन बंगाणा टैक्सी स्टैंड से आरंभ होकर हटली चौक पर संपन्न होगी। मैराथन का उद्देश्य युवाओं समेत सभी मतदाताओं को निर्वाचन में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना है, ताकि चुनावों में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित हो। निर्वाचन अधिकारी एसडीएम बंगाणा सोनू गोयल ने बताया कि मैराथन में 18 वर्ष से ऊपर के सभी व्यक्ति भाग ले सकते हैं। मैराथन में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर आने वाले विजेताओं मेडल, स्मृति चिन्ह और स्वीप की शर्ट प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।

### सिरमौर ने बिलासपुर को चार विकेट से दी मात

**ऊना।** जिला स्तरीय सीनियर जिला वनडे प्रतियोगिता के तहत बिलासपुर का सिरमौर के साथ मुकाबला ऊना के इंदिरा स्टेडियम में आरंभ हुआ। बिलासपुर की टीम ने 31.5 ओवर में 10 विकेट खोकर 130 रन बनाए। जिसमें बल्लेबाजों का प्रदर्शन निराशाजनक ही रहा। अर्णव भारद्वाज ने 57, आर्यावर्त शर्मा ने 17 और अभिनय कंवर ने 19 रन बनाए। प्रशांत तोमर ने पांच, दीक्षित और शिवचरन ने दो, जबकि अंकुश धारीवाल ने एक खिलाड़ी को आउट किया। सिरमौर के बल्लेबाज वैभव शर्मा ने 12, आर्यन ने 52, नाहिद अली ने 22 और शिवचरण ने 15 रन बनाए, जबकि अंकुश धारीवाल ने 12 रन नाबाद बनाए। पीयूष ठाकुर ने 4, अभिनय कंवर और संचित शर्मा ने एक खिलाड़ी को आउट किया। सिरमौर की टीम ने अपना लक्ष्य 30.5 ओवर में 6 विकेट खोकर प्राप्त कर लिया, सिरमौर ने बिलासपुर को चार विकेट से हराकर टूर्नामेंट में पहली जीत दर्ज की।

### लाहौल-स्पीति ने किन्नौर को 8 विकेट से हराया

**ऊना।** पीसीपी ग्राउंड संतोषगढ़ में जिला स्तरीय सीनियर जिला वनडे प्रतियोगिता के तहत मुकाबला लाहौर स्पीति और किन्नौर के बीच में खेला गया। किन्नौर की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 10 विकेट पर 185 रन बनाए। विकास ठाकुर ने 39 रन बनाए। जगदीश 15 रन बनाए, योगेश वशिष्ठ ने 45 रन बनाए, अक्षय ने 26 रन बनाए, राकेश ने 13 रन बनाए। अजीज मोहम्मद ने तीन खिलाड़ियों को आउट किया, ए राव ने दो खिलाड़ियों को आउट किया, अमन जेनवाल ,धीरज, और अजय ने एक-एक खिलाड़ी को आउट किया, दो खिलाड़ी रन आउट हुए। लाहौल स्पीति के बल्लेबाज विक्रांत ने 16 रन बनाए, सुनेह ने 22 रन बनाए, सिद्धार्थ मेहता ने 54 रन नाबाद अमन जेनवाल ने नाबाद 88 रनों की पारी खेली। विकास ठाकुर ने एक खिलाड़ी को आउट किया, अनुराज नेगी ने एक खिलाड़ी को आउट किया। लाहौल स्पीति की टीम ने अपना लक्ष्य 32.2ओवर में 2 विकेट कर प्राप्त कर लिया, मैच को 8 विकेट से जीत कर टूर्नामेंट में दूसरी जीत दर्ज करवाई।

### एनसीसी कैडेट्स ने सीखी बंदूक चलाना



एनसीसी कैडेट्स को फायरिंग की बारीकियों की जानकारी देते अधिकारी।

**ऊना।** नवोदय विद्यालय पेखूबेला में छठी स्वतंत्र एनसीसी कंपनी ऊना के वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के तीसरे दिन एनसीसी कैडेट्स को विभिन्न तरह की गतिविधियां आयोजित करके प्रशिक्षण दिया गया। इनमें मैप रीडिंग में सर्विस प्रोटेक्टर, कंपास द्वारा ग्राउंड टू मैप और मैप टू ग्राउंड जैसी बहुमूल्य गतिविधियों को बड़े विस्तार से समझाया गया तथा कैडेट्स ने मैप पर अपनी पोजीशन को सीखा। वहीं, कैडेट्स ने कैंप में अल्फा और बीटा कंपनी में फायरिंग रेंज पर 0.22 राइफल से सही पोजीशन लेते हुए फायरिंग की। कैंप की स्पेशल गेस्ट लेक्चरर में समाजसेवी कृष्ण कुमार लद्दाखी, गीता संदेश भारती एवं मेजर सुदेश पराशर, सेवानिवृत्त एनसीसी अधिकारी ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। मेजर सुदेश पराशर ने कैडेट्स को अनुशासन में रहकर कड़ी मेहनत का आह्वान किया और वहीं, समाजसेवी कृष्ण कुमार लद्दाखी ने कैडेट्स में मानवीय मूल्यों के विकास पर बल दिया। सायंकालीन सांस्कृतिक संध्या का भी आयोजन हुआ। इस मौके पर कमान अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल राजेंद्र कुमार सैनी सेवा मेडल भी उपस्थित रहे।

### बाबा पहाड़िया मंदिर में धार्मिक कार्यक्रम 4 जून से

**बंगाणा।** उत्तरी भारत के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बाबा पहाड़िया मंदिर, जो कि पंजैहन थाना खास गांव में स्थित है, में 4 से 7 जून तक विशाल धार्मिक समागम होने जा रहा है। बाबा पहाड़िया मंदिर पंजैहन थाना खास के मुख्य सेवादार एवं गद्दीनशीन बाबा अशोक कुमार ने बताया कि चार जून को मंदिर परिसर से सौ फुट झंडे को उतारा जाएगा और पांच जून को कीर्तन दरबार सजेगा। वहीं, 6 जून को सुबह श्री सत्य नारायण की कथा होगी, के उपरांत तंग पूजन होगा और कीर्तन दरबार सजेगा। वहीं, 7 जून को हवन यज्ञ होगा और झंडा रस्म अदा की जाएगी। इसके उपरांत बाबा पहाड़िया की सवारी निकलेगी और गायक जोगी रत्ते बाला बाबा पहाड़िया एवं बाबा बालकनाथ का गुणगान करेंगे।

## ऊना जिले में बढ़ती गर्मी को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवाइजरी

# हीट स्ट्रोक हो सकता है जानलेवा

**अनंत ज्ञान, ऊना**

बढ़ती गर्मी के चलते स्वास्थ्य विभाग ने जनहित में एडवाइजरी जारी की है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ऊना डॉ. संजीव कुमार वर्मा ने ऊना जिले की समस्त जनता के लिए गर्मी की मार (हीट स्ट्रोक) से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी करते हुए बताया कि जिस प्रकार ऊना जिले का तापमान 43 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच रहा है व जिस प्रकार जंगलों में आग लग रही है, उससे तापमान बढ़ रहा है। इससे हीट स्ट्रोक जानलेवा हो सकता है। इसलिए हीट स्ट्रोक/ लू लगने/ गर्मी की मार से बचाव के लिए सावधान रहें।

गर्मी के कारण तेज सिर दर्द, शरीर का तापमान 104 डिग्री फार्नहाइट, जी मचलाना और उलटी होना, घबराहट होना, सिर चकराना, बेहोशी और चक्कर आना सांस का फूलना, दिल की धड़कन तेज होना, गर्म लाल और सूखी त्वचा होना हो सकते हैं। हीट स्ट्रोक / लू लगने से बचाव के लिए व्यक्ति को भरपूर पानी पीना चाहिए, चाहे आपको प्यास न भी लगी हो। जब भी यात्रा करें, पानी साथ लेकर जाएं। ओआरएस के घोल का प्रयोग करें। नींबू पानी, लस्सी आदि लेते रहें, ताकि शरीर में पानी की कमी न हो। हल्के सूती व ढीले कपड़े पहनें। धूप में निकलने पर छाता, तौलिया व टोपी का सिर ढकने के लिए प्रयोग करें।

धूप में जाते समय जूते-चप्पल पहनकर निकलें। दिन के समय धूप आने वाली जगह की खिड़कियां बंद रखें व पर्दा लगाकर रखें, रात के समय खिड़कियां खुली रखें। सुरक्षित वातावरण बनाएं। ठंडे पानी से छींटे मारें। पंखे का प्रयोग करें। रेडियो, टीवी व अखबार के माध्यम से मौसम की भविष्यवाणी की जानकारी लेते रहें।

जरूरत न हो तो बाहर न निकलें, विशेषकर दिन में 12 से 4 बजे के बीच में भारी कार्य जैसे कसरत इत्यादि न करें। शराब, चाय, कॉफी, अत्यधिक मीठे पेय पदार्थ, कोल्ड ड्रिंक गैस वाले पदार्थों का सेवन न करें। धूप में बच्चों को न खेलने दें। बासी खाना न खाएं। गर्मी की चरम सीमा में खाना न बनाएं। धूप में बच्चों और पालतू जानवरों को गाड़ी में अकेला न छोड़ें। गर्मी लगने पर मरीज को तुरंत अंदर या छाया में रखें। पैरों को थोड़ा ऊंचा करके लिटाएं।

पंखे का इस्तेमाल करके हवा के प्रवाह को तेज करें। गीले कपड़े से शरीर पौंछें या पानी से छिड़काव करें। बेहोशी की हालत में खाने-पीने को कुछ न दें। होश आने पर ठंडा पानी या तरल पदार्थ पीने को दें। बेहोशी की हालत में अगर उल्टियां हों तो करवट के बल लिटाएं। गंभीर लक्षण होने पर स्वास्थ्य केंद्र जाएं या एंबुलेंस को कॉल करें। गर्मी में छोटे बच्चे, गर्भवती महिलाएं, बाहर काम करने वाले लोग, मानसिक रूप से अस्वस्थ व दिव्यांग अति संवेदनशील लोग होते हैं।



ऊना में भारी गर्मी और लू से बचने का प्रयास करती युवतियां।

### अधिकतम तापमान 43.6 डिग्री तक पहुंचा

**ऊना।** जिले में शुक्रवार को इतना तापमान बढ़ गया कि आसमान से आग के शोले बरस रहे थे। शुक्रवार को जिला मुख्यालय में अधिकतम 43.6 डिग्री जबकि न्यूनतम 21 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। लोग गर्मी से बेहाल नजर आए।

## विज्ञापन के लिए एमसीएमसी से पूर्व प्रमाणीकरण करवाना अनिवार्य

**अनंत ज्ञान, ऊना**

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त जतिन लाल ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन-2024 और दो विधानसभा उपचुनाव के दृष्टिगत कोई भी राजनीतिक दल, उम्मीदवार, कोई अन्य संस्था तथा व्यक्ति को राजनीतिक विज्ञापन प्राकशित कराने के लिए मीडिया प्रमाणीकरण एवं अनुश्रवण समिति (एमसीएमसी) से पूर्व प्रमाणीकरण करवाना होगा। लोकसभा चुनाव के लिए जहां राज्य स्तर पर शिमला अथवा आरओ स्तर पर हमीरपुर में स्थापित मीडिया प्रमाणीकरण एवं अनुश्रवण समिति से अथवा जिला स्तर पर ऊना में बनाई एमसीएमसी से पूर्व प्रमाणीकरण करवाना होगा।



वहीं, विधानसभा उपचुनाव को लेकर जिला एमसीएमसी अथवा राज्य स्तरीय एमसीएमसी से प्रमाणीकरण करवाया जा सकता है। इस संबंध में भारत के निर्वाचन आयोग द्वारा उचित दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। सोशल मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया तथा अन्य श्रवण-दृश्य संदेशों, बल्क एसएमएस इत्यादि के लिए पूर्व प्रमाणीकरण अनिवार्य है। वहीं, प्रिंट मीडिया में विज्ञापन प्रकाशन के लिए चुनाव के अंतिम 48 घंटों में पूर्व प्रमाणीकरण अनिवार्य है। आवेदक निर्धारित प्रपत्र पर विज्ञापन संबंधी जानकारी, ऑडियो-वीडियो फाइल व स्क्रिप्ट की स्व-हस्ताक्षरित कॉपी भेज कर अनुमति प्राप्त कर सकते हैं। जिला स्तरीय एमसीएमसी से पूर्व प्रमाणीकरण के लिए जिला लोकसंपर्क अधिकारी कार्यालय में आवेदन किया जा सकता है। इसके अलावा ईमेल पते एमसीएमसीऊना2024 एट दी रेट जीमेल डॉट कॉम पर भी विज्ञापन के पूर्व प्रमाणीकरण के लिए आवेदन भेजा जा सकता है। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए कार्यालय दूरभाष नंबर 01975-226059 पर संपर्क किया जा सकता है।

उन्होंने सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों, उम्मीदवारों, विभिन्न संगठनों तथा स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों से निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों का पूर्ण पालन करने का आग्रह किया है।

## कक्षा सज्जा प्रतियोगिता में छात्रों ने किया प्रतिभा का प्रदर्शन



डीएवी सेनटेनरी पब्लिक स्कूल में 'कक्षा सज्जा' प्रतियोगिता को जज करने वाली कमेटी के सदस्य।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

डीएवी सेनटेनरी पब्लिक स्कूल में 'कक्षा सज्जा' प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्कूल के सांस्कृतिक कार्यक्रम के प्रभारी राम कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य छात्रों में रचनात्मक भावना पैदा करना और स्वच्छता के लिए प्रेरित करना है।

प्रतियोगिता में कक्षा सज्जा, सफाई व्यवस्था, डिस्प्ले बोर्ड, थीम , विषय को समझने की क्षमता के आधार पर मूल्यांकन किया जाता है। निर्णायक मंडल की भूमिका में बाबा अमरजोत सिंह बेदी की पत्नी रूपनीत बेदी, एसपी की पत्नी निधि सिंह, डैफोडिल की प्राचार्य दीपशिखा कौशल, डॉ.विशाल की पत्नी नमिता सिंगल व स्थानीय कमेटी के उपप्रधान की पत्नी करमिंद्र कौर ने शिरकत की। निर्णायक मंडल के द्वारा छात्रों की रचनात्मकता और विषय के गहन चिंतन की प्रशंसा की गई।

स्थानीय कमेटी के उपप्रधान बलविंद्र सिंह, प्राचार्य प्रवीण सहगल, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी दिशि वधावन ने आगंतुकों का जोरदार स्वागत किया। उपप्रधान बलविंद्र सिंह ने अतिथियों का विशेष रूप से धन्यवाद किया। सहगल ने बताया कि इस प्रतियोगिता का परिणाम वर्ष भर की सफाई व्यवस्था को देखकर किया जाता है। अव्वल रहने वाली कक्षाओं के छात्रों व शिक्षकों को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में सम्मानित किया जाता है।

## इंग्लिश कैलीग्राफी प्रतियोगिता में एप्पल ग्रुप से अकीरा प्रथम

**अनंत ज्ञान, ऊना**

वशिष्ट पब्लिक स्कूल ऊना में छात्रों की प्रतिभा को उभारने के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा पहली से चौथी के लिए 'इंग्लिश कैलीग्राफी प्रतियोगिता' तथा कक्षा पांचवीं से दसवीं के लिए 'डेक्लामेशन प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

इंग्लिश कैलीग्राफी प्रतियोगिता में स्ट्रॉबेरी ग्रुप (कक्षा प्रथम) से आराध्या शर्मा, विधि प्रथम, रियांश सहजपाल, महिका कौशल द्वितीय, कीरत धीमान, गीतांशी शर्मा, अमीषी वशिष्ट तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा दूसरी से राजवीर कौर, आयुष वशिष्ट प्रथम, सुभराजित सेठी, अभिनव दत्त द्वितीय तथा ओजस्वी राजपूत, भार्गव तृतीय स्थान पर रहे। एप्पल ग्रुप (कक्षा तीसरी) से अकीरा दीप प्रथम, प्रियल वर्मा द्वितीय तथा काशवी भारद्वाज, अवनी तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा चौथी से सुमन, कनवी प्रथम, अलिसिया, मनप्रीत द्वितीय, कीरत कौर तृतीय स्थान पर रहे।



वीपीएस स्कूल में विभिन्न प्रतियोगिताएं में भाग लेने वाले छात्र।

डेक्लामेशन प्रतियोगिता में ऑरेंज ग्रुप से त्रिनभ, सीरत प्रथम, अनमोल, इशिका राणा द्वितीय तथा सानिया, ईशान वशिष्ट तृतीय स्थान पर रहे। मैंगो ग्रुप से गुरलीन, सुहाना पांडा प्रथम, दिव्यांश कुमार, तमन्ना साहू द्वितीय तथा दिव्यांशिका शर्मा, विश्व उपमन्यु तृतीय स्थान पर रहे।

ग्रुप मेलन से सृष्टि, रमनदीप प्रथम, अरिंजय ओजस्विन, गुंजन शर्मा द्वितीय तथा ईशान बोंसरे, अनंशा मिश्रा तृतीय स्थान पर रहे। स्कूल के निदेशक अनुज वशिष्ट ने कहा कि शैक्षणिक जीवन में लेख का सर्वाधिक महत्व होता है। सुंदर लेख व्यक्ति के व्यवहार एवं आचरण को भी संतुलित एवं नियंत्रित रखता है। हम विद्यार्थियों के प्रत्येक कौशल पर विशेष ध्यान देते हुए उसको हर प्रकार से सर्वोत्तम बनाने के लिए तत्पर रहेंगे।

स्कूल के प्रधानाचार्य दीपक कौशल ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से विद्यार्थी विचारों की प्रभावशाली व क्रमिक अभिव्यक्ति करना सीखते हैं और विचारों की अभिव्यक्ति के साथ-साथ विद्यार्थियों की बोध शक्ति, मौलिक चिंतन शक्ति व तर्क शक्ति का भी विकास होता है।

## शैक्षणिक संस्थानों में मानव श्रृंखला से दिया मतदान का संदेश



इलेक्ट्रो लिटरेसी क्लब के सौजन्य से कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

बंगाणा उपमंडल के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में शनिवार को इलेक्ट्रो लिटरेसी क्लब के सौजन्य से समुदाय को नैतिक मतदान का संदेश देने हेतू मानव श्रृंखला रैली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुललैहड़ 45 विधानसभा स्वीप के नोडल ऑफिसर प्रोफेसर सिकंदर नेगी ने बताया कि हिमाचल प्रदेश निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार बंगाणा उपमंडल के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में लोगों को आगामी होने वाले लोकसभा चुनाव में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु मानव मानव श्रृंखला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें विशेष तौर पर अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय बंगाणा, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बंगाणा, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बंगाणा, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धुंधला , राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला थानाकला मेंकार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके साथ साथ लोगों को जागरूक करने के लिए स्वीप के माध्यम से विभिन्न तरह की एक्टीविटी करवाई गई।

## आईटीआई ऊना में कल होंगे साक्षात्कार

**ऊना।** आईटीआई ऊना में एस्कॉर्ट्स कुबोटा लिमिटेड फरीदाबाद, हरियाणा की ओर से 20 मई को साक्षात्कार आयोजित किया जाएगा। साक्षात्कार में फिटर, मशीनिस्ट, टर्नर, डीजल मैकेनिक, मैकेनिक मोटर व्हीकल आदि ट्रेड के अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। आईटीआई के प्रधानाचार्य ई. अंशुल भारद्वाज ने बताया कि इंटरव्यू में केवल युवक ही भाग ले सकते हैं। कंपनी प्रवक्ता दीपक कुमार ने बताया कि जो अभ्यर्थी उपरोक्त ट्रेड्स में आईटीआई कर चुके हैं या कर रहे हैं, जिनकी उम्र 18 से 26 वर्ष के बीच है, वे कैंपस साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं।

संस्थान के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट अधिकारी ई. सतीश कुमार ने बताया कि अप्रेंटिसशिप के लिए चयनित अभ्यर्थियों को 10,840 रुपए प्रतिमाह वेतन के साथ-साथ रियायती दरों पर कैंटीन, ड्रेस, सेफ्टी शूज व ट्रांसपोर्ट सुविधा मिलेगी। अभ्यर्थी अपने साथ 8 पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ सहित मूल प्रमाण पत्र लाएं।

## जंगल की आग से हरोट में गरीब परिवार का रिहायशी मकान जला



आग से जला हुआ मकान, जिस कारण मजदूर का लाखों का नुकसान हो गया।

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा क्षेत्र की पलाहटा पंचायत के हरोट गांव के अमर दास पुत्र चंदु राम जो कि दिहाड़ी मजदूरी करके अपना व परिवार सदस्यों का पालन-पोषण कर रहा है, का रिहायशी मकान जल गया जिस कारण उसे लाखों का नुकसान हो गया। शुक्रवार को हरोट के जंगलों में आग लगी हुई थी। वहीं, अमर दास भी गांव वासियों के साथ जंगल की आग बुझाने में जुटे हुए थे, तभी अचानक आग अमर दास के रिहायशी मकान की तरफ बढ़ने लगी। स्थानीय लोगों ने आग बुझाने की बहुत कोशिश की लेकिन तक तक आग ने भयानक रूप धारण कर लिया था और देखते ही देखते सब कुछ जल कर राख हो गया।

घटना के बारे में उपमंडल बंगाणा के एसडीएम सोनू गोयल का कहना है कि मामला उनके ध्यान में आया है। पीड़ित परिवार के सदस्यों को जल्द ही सहायता राशि मुहैया कराई जाएगी। इसको लेकर हलके के पटवारी तथा कानूनगो को पूरी रिपोर्ट तैयार करने के आदेश दे दिए हैं।

वहीं, पूर्व मंत्री विरेन्द्र कंवर, स्थानीय पंचायत प्रधान दिपांकर कंवर सहित अन्य पंचायत प्रतिनिधियों ने सरकार व प्रशासन से पीड़ित परिवार सदस्यों को उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है।

**चुनाव**

## मतदान जागरूकता को लेकर स्कूली बच्चों ने निकालीं रैलियां

# लोगों को मतदान करने के लिए किया प्रेरित





रैली के माध्यम से मतदाता जागरूकता अभियान में भाग लेते स्कूली बच्चे।

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत मतदाताओं को जागरूक करने के लिए शनिवार को विभिन्न स्कूलों के चुनावी साक्षरता क्लबों ईएलसी के माध्यम से रैलियों का आयोजन किया गया।

इस दौरान मतदाताओं से एक जून को होने जा रहे लोकसभा चुनाव में बढ़-चढ़कर मतदान में भाग लेने का आह्वान किया गया। इस संबंध में सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम जोगिंद्रनगर मनीश चौधरी ने बताया कि मतदाताओं को जागरूक करने के लिए सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम के माध्यम से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान जहां स्कूली बच्चों द्वारा स्थानीय स्तर पर लोगों से मतदान में भाग लेने का आह्वान किया गया, तो वहीं लोकतंत्र में मतदान के महत्व बारे भी जागरूकता का संदेश दिया गया।

उन्होंने बताया कि उपमंडल जोगिंद्रनगर के लगभग सभी ईएलसी क्लबों के माध्यम से मतदाता जागरूकता रैली निकली गई। इसके अलावा स्कूल स्तर पर विभिन्न मतदाता जागरूकता गतिविधियों जिसमें भाषण, नारा लेखन तथा पोस्टर मेकिंग इत्यादि प्रतियोगिताएं भी करवाई गई।

एसडीएम ने बताया कि तहसील मुख्यालय लडभड़ोल में तहसीलदार उर्मिला सुमन की अध्यक्षता में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। इसमें आईटीआई लडभड़ोल सहित स्थानीय स्कूल के बच्चों ने भाग लिया।

## महिला अधिकारियों को बताई ईवीएम और वीवीपैट की कार्यप्रणाली

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

लोकसभा आम चुनाव-2024 और विधानसभा उपचुनावों की मतदान प्रक्रिया के दौरान एक जून को केवल महिला अधिकारियों द्वारा संचालित किए जाने वाले मतदान केंद्रों पर तैनात होने वाली विधानसभा क्षेत्र की महिला पीठासीन अधिकारियों, सहायक पीठासीन अधिकारियों के लिए शनिवार को बंगाणा में मिनी सचिवालय में दूसरे चरण का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण शिविर में 25 पीठासीन व 32 सहायक पीठासीन अधिकारियों ने भाग लिया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान एसडीएम एवं विधानसभा क्षेत्र 65- कुटलैहड़ के सहायक निर्वाचन अधिकारी सोनू गोयल, अन्य अधिकारियों तथा ईवीएम-वीवीपैट के मास्टर ट्रेनर संजीव पराशर, राम मूर्ति, सुरेश कुमार, करन चंद व विनय चंद्र ने मतदान केंद्रों की व्यवस्था, निर्वाचन प्रक्रिया एवं ईवीएम-वीवीपैट की कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी प्रदान की।



चुनाव को लेकर दूसरे चरण के प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेते पीठासीन अधिकारी और सहायक पीठासीन अधिकारी।

## संपादकीय

# प्लास्टिक प्रदूषण मुक्त दुनिया बनाने के लिए यूएन की पहल

आजकल दुनिया का कोई भी राष्ट्र प्लास्टिक प्रदूषण से अछूता नहीं है। इससे समस्त मानवता और जैविक सभ्यता निरंतर प्रभावित हो रही है। 20वीं सदी की महान उपलब्धि प्लास्टिक धीरे-धीरे संपूर्ण मानव सभ्यता व प्रकृति के लिए एक बड़े संकट के रूप में प्रकट हो गई है। पिछल कुछ वर्षों में एक ही बार उपयोग में आने वाली प्लास्टिक सामग्री पर प्रतिबंध लगाए गए हैं, लेकिन अब भी प्रतिवर्ष 600 अरब डॉलर मूल्य के करीब 40 करोड़ टन प्लास्टिक का उत्पादन हो रहा है। यह उत्पादन 2050 तक करीब 100 करोड़ टन प्रतिवर्ष से भी बढ़ जाएगा। तथ्य यह है कि जितने प्लास्टिक का उत्पादन हो रहा है, उसके नौ फीसदी की ही रीसाइक्लिंग हो पा रही है। यही कारण है कि संयुक्त राष्ट्र ने एक बाध्यकारी संधि के लिए पहल की है। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम के अनुसार, अधिकांश प्लास्टिक या तो खुले में जलाया जा रहा है या यत्र-तत्र फेंक दिया गया है। दीर्घ आयु होने के नाते इसका निरंतर उपयोग या दुरुपयोग होता रहता है। इन्हीं वजहों से वर्ष 2040 तक सभी प्रकार के प्लास्टिक उत्पादन को 60 प्रतिशत तक करने का लक्ष्य निर्धारित किया जा रहा है, अन्यथा यह चक्र कभी रुकने वाला नहीं है। प्लास्टिक के समर्थक तर्क देते हैं कि इससे 3.5 फीसदी ही कार्बन उत्सर्जन होता है, लेकिन प्लास्टिक की पहुंच और भयावहता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि पश्चिम प्रशांत महासागर में 36,000 फुट की गहराई और माउंट एवरेस्ट की 29,000 फुट ऊंचाई तक प्रचुर मात्रा में प्लास्टिक पाया गया है। यह तो वह प्लास्टिक है, जो हम प्रत्यक्ष रूप में देखते हैं।

हमें इसका जरा भी इल्म नहीं है कि प्लास्टिक के साथ स्वास्थ्य के लिए हानिकारक कई प्रकार के रसायन हमारे शरीर में प्रवेश कर चुके हैं। भोजन, पानी, वस्त्र, आदि के जरिये प्लास्टिक के सूक्ष्म कण हमारे शरीर में प्रवेश करते हैं। यहां तक कि सौंदर्य प्रसाधन एवं स्वास्थ्य रक्षा हेतु भी प्लास्टिक का उपयोग हो रहा है। बीस वर्ष पूर्व पहली बार छोटे प्लास्टिक यानी 2-5 मिलीमीटर आकार वाले प्लास्टिक के कणों की खोज हुई, जो प्लास्टिक के बड़े टुकड़ों के टूटने से बने थे। फिर नैनो प्लास्टिक का पता चला, जो अत्यंत ही सूक्ष्म आकार के होते हैं। नैनो प्लास्टिक अपने सूक्ष्म आकार के कारण सामान्य दृष्टि से ओझल रहते हैं और विभिन्न माध्यमों से हमारे शरीर में पहुंचकर ऊतकों में जमा हो जाते हैं तथा दूरगामी असर पैदा करते हैं। विभिन्न अध्ययनों से यह स्पष्ट हुआ है कि बढ़ते कैंसर, दिमागी रक्तस्राव जैसी गंभीर अवस्थाओं के लिए प्लास्टिक भी बहुत बड़ा कारक है। प्लास्टिक मुक्त वातावरण की संकल्पना के लिए सबसे बड़ा अवरोध है, इसका सार्थक विकल्प न होना। यदि कुछ विकल्प सुझाए भी गए हैं, तो वे सुगमता की कसौटी पर प्लास्टिक से कोसों दूर हैं।

भारत में स्वच्छ भारत अभियान के बाद प्लास्टिक उपयोग में सांकेतिक रूप से कमी आई है। अनेक स्टार्टअप के माध्यम से प्लास्टिक संग्रहण, पृथकीकरण एवं पुन: उपयोग के कार्यों में तेजी आई है, लेकिन ये सभी प्रयास सूक्ष्म एवं नैनो प्लास्टिक को रोकने में कहीं कारगर नहीं हैं। जब तक हर व्यक्ति निजी स्तर पर प्लास्टिक के उपयोग से परहेज नहीं करेगा, तब तक इससे निजात पाना असंभव है। नीतिगत स्तर पर प्लास्टिक उत्पादन में कमी लाने के लिए सख्त कदम उठाने होंगे। जब तक प्लास्टिक के उपयुक्त विकल्प नहीं मिलते, रीसाइकल एवं अपसाइकल को प्रोत्साहित करने की नीति अपनानी होगी। खुले में पड़ा प्लास्टिक हर तरह से नुकसानदायक है। प्लास्टिक से होने वाले नुकसान से बचने के लिए हर व्यक्ति को उत्तरदायी होना होगा। प्लास्टिक को वर्जित करना या फिर इसका कम से कम उपयोग ही सबके हित में है। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### भारत के महान साहित्याकार

गिरीश कर्नाड का जन्म महाराष्ट्र में हुआ था। गिरीश ने स्कूल के समय से ही थियेटर से जुड़कर काम करना शुरू कर दिया था। गिरीश कर्नाड केवल नाटककार ही नहीं, अभिनेता, फिल्म निर्माता, कहानी लेखक और समाज की आधुनिक समस्याओं को उजागर करने वाले महान साहित्यकार थे। उन्होंने कई हिंदी फिल्मों में भी काम किया, जिसमें निशांत, मंथन, पुकार आदि प्रमुख हैं। सलमान खान अभिनीत फिल्म 'टाइगर जिंदा है' में डॉक्टर शेनॉय के किरदार में नजर आए थे। उन्होंने पहला नाटक कन्नड़ में लिखा। गिरीश ने कन्नड़ भाषा में अपनी रचनाएं लिखीं। जिस समय उन्होंने कन्नड़ में लिखना शुरू किया, उस समय कन्नड़ लेखकों पर पश्चिमी साहित्यिक पुनर्जागरण का गहरा प्रभाव था। इसी समय कर्नाड ने ऐतिहासिक तथा पौराणिक पात्रों से तत्कालीन व्यवस्था को दर्शाने का तरीका अपनाया, जो काफी लोकप्रिय हुआ। गिरीश कर्नाड के नाटक ययाति (1961, प्रथम नाटक) तथा तुगलक (1964) ऐसे ही नाटकों का प्रतिनिधित्व करते हैं। तुगलक से कर्नाड को बहुत प्रसिद्धि मिली और इसका कई भारतीय भाषाओं में अनुवाद हुआ। इनकी कृतियों में जहां भारत का पुरातन झांकता है, वहीं आधुनिकता का भी सम्मिश्रण है। उन्हें 1972 में संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार, 1974 में पद्मश्री, 1992 में पद्मभूषण, 1992 में कन्नड़ साहित्य अकादमी पुरस्कार, 1994 में साहित्य अकादमी पुरस्कार, 1998 में ज्ञानपीठ पुरस्कार, 1998 में कालिदास सम्मान मिला। इसके अतिरिक्त उन्हें कन्नड़ फिल्म 'संस्कार' के लिए सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का राष्ट्रीय पुरस्कार भी मिल चुका है।



**गिरीश कर्नाड**
**जन्म** : 19 मई, 1938
**मृत्यु** : 10 जून, 2019

## अपनी बात

**वायु** प्रदूषण के कारण 2000 से 2019 तक प्रतिवर्ष 10 लाख लोगों की जान गई है। सांस संबंधी बीमारियां बढ़ी हैं और बीमारियों के कारण लाखों लोगों की मौत हुई है। एक रिपोर्ट के अनुसार एशिया में मृत्यु दर का आंकड़ा काफी चिंताजनक है। बताया गया है कि प्रदूषण के कारण मौतों के आंकड़ों में चीन पहले स्थान पर है। भारत में भी वायु प्रदूषण की स्थिति भयावह है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में हर साल वायु प्रदूषण के कारण धूल भरा कोहरा दिखाई पड़ता है। वायु प्रदूषण का मूल कारण आधुनिक जीवन शैली है। वायु प्राण हैं। प्राण नहीं तो जीवन नहीं। सृष्टि में पांच महाभूत हैं। पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश। इनमें 'वायु' प्रत्यक्ष देव हैं और प्रत्यक्ष ब्रह्म भी। सभी जीवों में प्राण की सत्ता है, प्राण नहीं तो जीवन नहीं। वायु से वर्षा है, वायु से वाणी है। गीत-संगीत गंध-सुगंध और मानुष गंध के संचरण का उपकरण भी वायु देव हैं। वायु नमस्कारों के योग्य हैं। भारतीय दृष्टि में वायु प्रकृति की शक्ति है। उनका अध्ययन जरूरी है, लेकिन दिव्य शक्ति की तरह उनको प्रणाम भी किया जाना चाहिए। वायु का प्रदूषण हजारों रोगों की जड़ है। जंगलों में वायु सघन है। इसीलिए वन उपवन मधुवन हैं। भारत का अधिकांश प्राचीन ज्ञान वनों में ही पैदा हुआ था। वैदिक मंत्रों में प्राणवायु की सघनता है। हम सब वैदिक संस्कृति के उत्तराधिकारी हैं, बावजूद इसके हम वायु को प्रदूषित करते हैं। प्रकृति को आहत करते हैं, स्वयं अपने ही जीवन जगत को क्षति पहुंचाते हैं। वायु प्रदूषण रोकने में ही हमारे जीवन की गति है। **-प्रवीण, भुंतर**

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख, कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री इस ई-मेल पर भेजें। *editoranantgyaan@gmail.com***

# मनुष्य में छिपी हैं उन्नति की अनंत संभावनाएं

वास्तव में प्रत्येक मनुष्य में महानता की अनंत संभावनाएं छिपी पड़ी हैं, किंतु मनुष्य को अपनी महत्ता पहचानकर उसके अनुरूप चिंतन और कर्म भी तो करना चाहिए। कोई मनुष्य किसी एक दिशा में महान हो सकता है तो कोई अन्य मनुष्य किसी दूसरी दिशा में आगे बढ़ सकता है। जिस मनुष्य के पास जो कुछ गुण या शाक्ति है, वह उसी को लेकर ऊंचा उठे, तभी उसकी सफलता और सार्थकता है। अनंत शाक्तिमान परमेश्वर का अंशभूत होने के कारण मनुष्य में अनंत शक्तियों का भंडार भरा पड़ा है तथा उसमें अनंत उन्नति की संभावनाएं छिपी हुई हैं। अपनी निधि को बिना पहचाने तो राजा भी रंक ही है।

मनुष्य अपनी अनगिनत प्रसुप्त शक्तियों को भूलकर दयनीय और उन्हें जगाकर समर्थ हो जाता है। अपनी शाक्तियों पर भरोसा करने की आवश्यकता है, उनके सदुपयोग करने और संकल्प लेने की आवश्यकता है, उत्तम लक्ष्यों की ओर चल पड़ने की आवश्यकता है, दृढ़ता और धैर्य की आवश्यकता है, आत्मविश्वास की आवश्यकता है।

मनुष्य को कभी-कभी एकांत में बैठकर आत्मविश्वास को जगाने का अभ्यास करना चाहिए और पग-पग पर संभलने का निश्चय करना चाहिए। मनुष्य आत्मविश्वास को जगाकर ही संकटों को पार करता हुआ आगे बढ़ सकता है, ऊंचा उठ सकता है और महान बन सकता है। आत्मविश्वास का अर्थ है, अपनी समस्याओं को समझने और उनका समाधान करने की अपनी सामर्थ्य में विश्वास होना। मनुष्य विवेक के सहारे अपने विलुप्त आत्मविश्वास को जगा सकता है। हमारे विचारों, आशाओं, निराशाओं, भय, घृणा, क्रोध आदि मनोवेगों का प्रभाव हमारे शरीर के अंग-प्रत्यंग पर पड़ रहा है, हमारे स्वास्थ्य और मनोदशा पर पड़ रहा है। शरीर के एक-एक सैल पर पड़ रहा है। हृदय और मस्तिष्क पर पड़ रहा है, रक्त पर पड़ रहा है,स्नायुतंत्र (नर्वस-सिस्टम) पर पड़ रहा है। हमारे विचारों का प्रभाव हमारे व्यक्तित्व में झलक रहा है।



लेखक : संजय गोस्वामी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

जितनी बार भी हम चिंता से घबरा उठते हैं अथवा उत्तेजित होकर व्यर्थ ही घृणापूर्ण क्रोध में भड़क उठते हैं, उतनी बार हम मानों अपने ही शरीर में, मस्तिष्क से तथा प्रत्येक सैल से ही लड़ बैठते हैं। प्रत्येक चिंता और भय हमारे मन और स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव छोड़कर जाते हैं। चिंता और भय हमारे स्नायु-तंत्र में कंपन तथा रक्त में एक विषैला तत्व उत्पन्न कर देते हैं, जो हमें जर्जर कर देते हैं। मानसिक तनाव से बृहदांत्र शोथ (कोलाइटिस), उदरव्रण, सिरदर्द, कमरदर्द, हृदयघात आदि महारोग उत्पन्न हो जाते हैं। मानसिक तनाव का उपाय आत्मविश्वास ही तो है। आत्मविश्वास जगाकर आगे बढ़ें। सब लोग आत्मविश्वास से ही आगे बढ़ते हैं। आत्मविश्वास वह ऊर्जा है, जो सफलता की राह में आने वाली अड़चनों, कठिनाइयों एवं परेशानियों से मुकाबला करने के लिए व्यक्ति को साहस प्रदान करती है। वर्तमान समय में अगर हमें कुछ पाना है, किसी भी क्षेत्र में कुछ करके दिखाना है, जीवन को खुशी से जीना है, तो इन सबके लिए आत्मविश्वास का होना परम आवश्यक है। अत: किसी व्यक्ति का खोया हुआ आत्मविश्वास लौटा देना उसकी सबसे बड़ी सेवा एवं सहायता है। आत्मविश्वास मनुष्य के अंदर ही समाहित होता है। बस जरूरत है अपने अंदर की आंतरिक शक्तियों को इकट्ठा कर अपने आत्मविश्वास को मजबूत करने की। जीवन में सफलता के लिए आत्मविश्वास उतना ही आवश्यक है, जितना मनुष्य के लिए ऑक्सीजन और पानी। बिना आत्मविश्वास के व्यक्ति सफलता की ऊंचाइयों पर कदम बढ़ा ही नहीं सकता। आत्मविश्वास वह ऊर्जा है, जो सफलता की राह में आने वाली हर अड़चनों, कठिनाइयों और परेशानियों से मुकाबला करने के लिए व्यक्ति को बल देती है। एक अच्छे चरित्र का निर्माण हजारों ठोकरें खाने के बाद ही होता है। इसका अर्थ है कि मनुष्य को अपनी असफलता से प्रेरणा लेकर सफलता की तरफ अग्रसर रहना चाहिए। हर किसी के जीवन में उतार-चढ़ाव, सफलता, असफलता आती रहती है, परंतु हमे विषम परिस्थितियों में कभी भी अपने लक्ष्य को नहीं छोड़ना चाहिए। असफलता ही सफलता का मार्ग प्रशस्त करती है।

हताश होना अथवा हताश करना अक्षम्य अपराध है। जहां आत्मविश्वास है तथा प्रभु पर विश्वास है, वहां चिंता और भय न रह सकेंगे। सब प्रकार के पश्चात्ताप छोड़ दें। भूलों पर पछतावा करते रहने से शक्ति कुंठित होती है। अपनी पुरानी भूलों को पाप की संज्ञा देकर अपने को पापी एवं कलंकित मान बैठना और आत्मग्लानि की दलदल में धंसे रहना महापाप है। भूतकाल को स्वप्न की भांति मिथ्या समझकर उसके साथ अपना नाता तोड़ दीजिए और वर्तमान को उल्लासमय बनाने का सच्चा प्रयत्न कीजिए। भूल को स्वीकार करने से भूल का अंत हो जाता है। हां, सत्पुरुष अपनी भूल को स्वीकार करने में नहीं हिचकता है, क्योंकि भूल स्वीकार करने से मन हलका होता है तथा सुधार प्रारंभ हो जाता है। भूल मानते ही गलत पग को पीछे हटा लेना तथा भूल करते न रहना शूरवीर का काम है।

जिंदगी हिम्मत का सौदा है। प्रयत्न करने पर भी बार-बार विफल होने के कारण जब दिल टूट रहा हो, तब भी गिर-गिरकर अपने को संभालकर उठ खड़ा होना चाहिए और संकट की चुनौती को स्वीकार करके आगे बढ़ते रहना चाहिए। हिम्मत हारकर मनुष्य संतुलन और विवेक खो बैठता है तथा विषय परिस्थित को अधिक विषय बना देता है। साहस, संतुलन और विवेक द्वारा ही गंभीर संकट का दृढ़तापूर्वक सामना किया जा सकता है।

वज्र संकल्प लेकर उठे और हिम्मत से आगे बढ़े। जीवन का प्रवाह सदैव गतिमान रहता है तथा व्यक्ति एवं स्थिति स्थिर नहीं रह सकते हैं। जो आगे नहीं बढ़ रहा है, वह पीछे या इधर-उधर हट रहा है तथा पतन के समीप जा रहा है। इंसान को हिम्मत से आगे ही आगे बढ़ते रहना चाहिए।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

नजरिया

# गीता में है भारतीय ज्ञान का सारांश

अयोध्याधाम के भव्य श्रीराम मंदिर में दर्शनार्थियों की संख्या कम नहीं हो रही है। मंदिर लोकार्पण के बाद से यह सिलसिला अनवरत जारी है। यहां प्रतिदिन लघु भारत के भी दर्शन होते हैं। भाषा अलग है, लेकिन श्रद्धा भाव समान है। भीषण गर्मी में भी किसी का उत्साह कम नहीं है। अयोध्या की सड़कें, मंदिर सभी जगह श्रीराम की जय जयकार गूंजती रहती है। एक-दूसरे की जो भाषा भी जो नहीं समझते, वे भी जय श्रीराम से परस्पर अभिवादन करते हैं।

श्रीराम लला के दर्शन कर लोग भावविह्वल होते हैं। दर्शनार्थियों के इस हुजूम में केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान भी शामिल हैं। उन्होंने श्रीराम लला के दर्शन किए और माथा टेका। अयोध्या का पड़ोसी जिला बहराइच आरिफ मोहम्मद खान का चुनावी क्षेत्र रहा है। आरिफ मोहम्मद खान ने न केवल रामलला को जीभर के निहारा, बल्कि उन्होंने रामलला के दरबार में उन्हें लेटकर प्रणाम किया और उनके प्रति अपनी भावना समर्पित की। उन्होंने सामाजिक सौहार्द का एक बड़ा संदेश दिया। आरिफ मोहम्मद अपने राष्ट्रवादी विचारों के लिए प्रसिद्ध हैं। वह उर्दू, फारसी, हिंदी और संस्कृत आदि अनेक भाषाओं के जानकर हैं। बहुत अध्ययनशील हैं। अपने संबोधन में वह वेद पुराण उपनिषदों का उदाहरण देते हैं। भारतीय संस्कृति की महत्ता का प्रतिपादन करते हैं। कहते हैं कि यह भारत है जिसने ज्ञान और उसके प्रसार का मानवीय चिंतन दुनिया को दिया। सूर्य सिद्धांत यूरोपीय पुनर्जागरण का आधार है। नौवीं शताब्दी में भारतीय सूर्य सिद्धांत ग्रंथ को लेकर भारतीय मनीषी अरब गए थे। बगदाद के सुल्तान ने उसका अनुवाद कराया। इसके बाद यह ग्रंथ स्पेन के राजा ने मंगवाया। उसका अनुवाद वहां हुआ। यूरोपीय पुनर्जागरण इसी भारतीय सिद्धांत पर आधारित है।

उपनिषद कहते हैं ज्ञान प्राप्त करो फिर उसको साझा करो। कपिल मुनि ने ज्ञान प्राप्त किया। फिर उसे अपनी मां को सुनाया। यह प्रसार की ही ललक थी। भारतीय चिंतन में सेवा सहायता पूजा की भांति है। इसमें भेदभाव नहीं है। इस भारतीय विरासत पर अमल तय हो जाए तो सभी कार्य अपने आप होते चलेंगे। भारतीय ज्ञान का सारांश गीता में है। भारत में ज्ञान की पूजा हुई। इस मार्ग से भटके तभी भारत परतंत्र हुआ। ज्ञान का प्रसार बंद कर दिया, इसलिए गुलाम हुए। जो ज्ञान को साझा नहीं करता, वह सरस्वती का उपासक नहीं खलनायक होता है। महामना मालवीय ने इसी चेतना का जागरण किया।



लेखक : डॉ. दिलीप अग्निहोत्री
स्वतंत्र टिप्पणीकार

भारतीय संस्कृति का जागरण हो रहा है। एकता का आधार आत्मा है। मनुष्य ही नहीं जीव-जंतु सभी में आत्मा है, इसलिए भेदभाव नहीं होना चहिए। आरिफ मोहम्मद खान की भगवान राम पर आस्था किसी से छुपी नहीं है। वह अक्सर कहते हैं कि प्रभु राम समावेशी समाज, सामाजिक समरसता और एकता का उत्कृष्ट उदाहरण हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

कविता

### याद सदा रखना



वसुंधरा धर्माणी
शिमला, हिप्र

*मेहनत करो न पीछे हटो तुम।*
*लक्ष्य की प्राप्ति तक अडिग रहना।।*
*सफलता चूमेगी कदम तुम्हारे।*
*बस याद सदा यह रखना।।*
*गिरते वही हैं जो पग हैं धरते।*
*गिरते हुओं को तुम संभालना।।*
*आगे बढ़ने से जो कोई रोके।*
*उनका साथ न कभी पकड़ना।।*
*संघर्ष बहुत हैं आज के दौर में।*
*कुंदन बनकर हमेशा निखरना।।*
*जिंदगी नहीं एक जैसी हमेशा।*
*दुखों में कभी तुम न बिखरना।।*
*किस्मत, मेहनत रंग लाएगी कभी।*
*हिम्मत न तुम कभी हारना।।*
*सत्य, शील, निष्ठावान रहो तुम।*
*बस याद सदा यह रखना।।*

# असंगठित क्षेत्र में महिलाओं की बड़ी हिस्सेदारी

असंगठित क्षेत्र में श्रम शक्ति की बागडोर महिलाओं ने ही संभाल रखी है। देश की आर्थिक गतिविधियों के संचालन में असंगठित क्षेत्र की अपनी भूमिका है और इसमें कोई दोराय नहीं कि असंगठित क्षेत्र में श्रम शक्ति को भले ही मेहनत का पूरा पैसा नहीं मिलता हो, पर असंगठित क्षेत्र में सर्वाधिक रोजगार के अवसर हैं। बहुत बड़े वर्ग की रोजी-रोटी असंगठित क्षेत्र पर ही टिकी हुई है।

हालांकि, असंगठित क्षेत्र की अपनी समस्याएं हैं। इसमें रोजगार की सुरक्षा, सामाजिक सुरक्षा, नियमित आय का न होना, स्वास्थ्य सुरक्षा सहित बहुत सी समस्याओं से दो-चार होना पड़ता है। हालांकि, सरकार असंगठित क्षेत्र की समस्याओं के निराकरण के लिए समय-समय पर योजनाएं लाती है और ई-श्रम पोर्टल पर पंजीयन कराकर उनकी वास्तविक संख्या व आवश्यक जानकारी जुटाते हुए योजनाओं को अंतिम रूप दिया जाता रहा है।

खैर, बात भले ही थोड़ी अजीब लगे, पर वास्तविकता तो यही है कि आज देश में असंगठित क्षेत्र में पुरुषों के मुकाबले महिलाओं की हिस्सेदारी अधिक हो गई है। केंद्र सरकार के ई-श्रम पोर्टल पर देश में 29 करोड़ 56 लाख श्रमिकों का पंजीकरण हो चुका है, जिसमें से महिला श्रमिकों की संख्या पुरुषों की तुलना में अधिक है। असंगठित क्षेत्र में आज महिला श्रमिकों की हिस्सेदारी आधी से भी ज्यादा हो चुकी है। केंद्र सरकार के ई-श्रम पोर्टल की ही बात करें तो इसमें पंजीकृत 29 करोड़ 56 लाख श्रमिकों में से 53 फीसदी से भी अधिक महिला श्रमिक रजिस्टर्ड हैं, जबकि पुरुष श्रमिकों की संख्या यही कोई 46 फीसदी से कुछ ही अधिक है। बात भले ही कुछ भी की जाती हो, पर तस्वीर तो यही है कि पुरुषों की तुलना में महिलाएं अधिक श्रम कर रही हैं। भले ही व्हाइट कालर क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी पुरुषों की तुलना में कम हो पर आज संगठित व असंगठित क्षेत्र में महिलाएं पुरुषों से पीछे नहीं हैं।



लेखक : डॉ. राजेंद्र प्रसाद शर्मा
स्वतंत्र टिप्पणीकार

भारत सरकार के ई-श्रम पोर्टल के आंकड़ों की ही भाषा में बात करें तो केरल में सबसे अधिक 59.79 प्रतिशत महिला श्रमिक असंगठित क्षेत्र में हैं, तो आंध्र प्रदेश, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, कर्नाटक, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और पश्चिम बंगाल आदि सभी जगह पुरुषों की तुलना में महिला श्रमिक अधिक हैं। देखा जाए तो खेती और पशुपालन तो महिलाओं के भरोसे ही चल रहा है।

शहरों में घरेलू कामकाज और रियल एस्टेट क्षेत्र में असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों की हिस्सेदारी सर्वाधिक है। करीब 15 करोड़ श्रमिक खेती-किसानी क्षेत्र से जुड़े हुए हैं। इसका अर्थ साफ-साफ यह हुआ कि खेती-किसानी से आधे से भी अधिक श्रमिक जुड़े हुए हैं और इसमें भी कोई दोराय नहीं कि पुरातन काल से ही पशुपालन तो महिलाओं के भरोसे ही चलता आया है। खेती-किसानी में भी महिलाओं की प्रमुख भागीदारी होती है। गली-कूचे में बनिये की दुकान, चाय-पानी की स्टॉल या इसी तरह की किसी दुकान में काम करने वाले, चौकटियों में कारीगारी-बेलदारी के काम की प्रतीक्षा करने वाले, खेतों में जुताई, कटाई व इसी तरह के काम करने वाले, छोटे दस्तकारों, कारीगरों, हस्तशिल्पियों, गली-मोहल्ले में घूमने वाले वेंडर्स और अस्थाई काम करने वाले लोग असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों की श्रेणी में आते हैं। डेली वेजेज के आधार पर काम करने वाले लोगों को भी इसी श्रेणी में रखा जाएगा। इनमें महिला और पुरुष श्रमिक दोनों ही शामिल हैं।

असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों की अपनी समस्या है। काम मिले तो मिल गया और नहीं मिला तो नहीं मिला। यानी असंगठित क्षेत्र में रोजगार व आय की स्थिरता नहीं होती। यही कारण है कि दूसरे दिन भी काम मिलेगा या नहीं, इसकी कोई गारंटी नहीं होती। इसके लिए रोजगार व आय की सुरक्षा व नियमितता की बात भी नहीं की जा सकती।

इसका अर्थ यह हुआ कि सामाजिक आर्थिक सुरक्षा की बात करना तो बेमानी होगी। मोटे रूप से रोजगार, सुरक्षा और स्वास्थ्य व आवश्यक सुविधाओं की सुलभता असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए दूर की कौड़ी ही मानी जा सकती है। हालांकि, असंगठित क्षेत्र की श्रमिकों की समस्याओं को लेकर सरकार गंभीर होने लगी है। पहली बात यह कि श्रम पोर्टल पर रजिस्टर्ड होने से सरकार के सामने वास्तविक तस्वीर सामने आने लगी है। सरकार ने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, श्रम योगी मान धन योजना, अटल पेंशन योजना और इसी तरह की अन्य योजनाओं से जोड़कर असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा देने के प्रयास किए गए हैं।

अब देश-दुनिया में श्रमिक आंदोलन का समय तो करीब-करीब समाप्त ही हो चुका है। ऐसे में इस क्षेत्र में कार्य कर रहे गैरसरकारी व सामाजिक संगठनों को आगे आते हुए असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों की आवाज बनना होगा। अब तो चूंकि असंगठित क्षेत्र में पुरुषों की अपेक्षा महिला श्रमिक अधिक हैं तो फिर और भी अधिक जिम्मेदारी हो जाती है। इसके साथ ही महिलाओं की समस्याओं को भी समझना होगा। सरकार को भी इस क्षेत्र के श्रमिकों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रयास करना होगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# जंगलों को आग से बचाना आज समय की सबसे बड़ी जरूरत

हिमाचल प्रदेश पहाड़ी राज्य है। यहां पर जंगलों की भरमार है। कई जंगल तो बहुत घने हैं, जो हमारे प्रदेश की सुंदरता को चार चांद लगाते हैं। इनमें विभिन्न प्रजातियों के पेड़-पौधे पाए जाते हैं। इनसे हमें विभिन्न प्रकार की इमारती लकड़ी और पशुओं के लिए चारा प्राप्त होता है।

इन जंगलों में देवदार, शीशम आदि उपयोगी और कीमती इमारती लकड़ी प्राप्त होती है। इन जंगलों में विभिन्न प्रजातियों के पशु-पक्षी भी पाए जाते हैं। जंगलों में विभिन्न प्रकार की जड़ी-बूटियां भी पाई जाती हैं, जो कई प्रकार की आयुर्वेदिक दवाइयां बनाने के काम आती हैं, लेकिन इनमें से कई जड़ी-बूटियां आग लगने की वजह से विलुप्त होने की कगार पर पहुंच चुकी हैं।

आजकल गर्मी का मौसम है और इन जंगलों में आग लगना शुरू हो चुकी है। गर्मी का मौसम शुरू होते ही हर वर्ष इन जंगलों में आग लग जाती है और कई बार तो यह आग इतना विकराल रूप धारण कर लेती है जिससे हमारी वन संपदा को भारी नुकसान पहुंचता है और प्रति वर्ष करोड़ों रुपए की वन संपदा जलकर राख हो जाती है। इस आग में पेड़-पौधे तो जलते ही हैं, साथ में जीव-जंतु और जड़ी बूटियां भी जलकर राख हो जाते हैं। जंगल इमारती लकड़ी और पशुओं के चारे के साथ-साथ हमें स्वच्छ हवा भी देते हैं। इसके साथ भारी बरसात के सीजन में होने वाले भूस्खलन को भी रोकने का काम करते हैं और वर्षा लाने में भी अपना महत्वपूर्ण योगदान देते हैं, लेकिन अफसोस हर वर्ष जंगल आग की भेंट चढ़ जाते हैं।



लेखक : नरेंद्र कुमार शर्मा
जोगिंद्रनगर, मंडी

वन विभाग की लाख कोशिशों के बाद भी यह आग अपना तांडव मचा ही देती है। अब सोचने वाली बात यह है कि इन जंगलों में आग कैसे लगती है। क्या यह मानवीय भूल के कारण लगती है या चीड़ के जंगलों की पत्तियां अपने आप आग पकड़ लेती हैं। जंगलों के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। पशु-पक्षी जो पर्यावरण संरक्षण में बहुत योगदान देते हैं, उनका भी आग लग जाने से मर जाना भी मानव जीवन के लिए बहुत घातक है। गर्मी शुरू होने से पहले ही प्रशासन और वन विभाग को आम जनता के बीच जंगलों को आग से बचाने के लिए जागरूकता अभियान चलाने चाहिएं, ताकि आम जनता यह समझ सके कि वन हमारे लिए कितने उपयोगी हैं, क्योंकि केवल वन विभाग और प्रशासन ही जंगलों को आग लगने से नहीं रोक सकता। इसके लिए जनभागीदारी भी बहुत आवश्यक है।

लोगों के सहयोग से जंगलों को आग लगने से बचाया जा सकता है, क्योंकि जब आग लग जाती है तो वन विभाग और प्रशासन के कर्मचारियों के पहुंचने से पहले स्थानीय लोग आग बुझाना शुरू कर सकते हैं या वन विभाग के साथ मिलकर जल्दी आग बुझा सकते हैं, ताकि कम से कम नुकसान हो। हर वर्ष गर्मियों का मौसम शुरू होने से पहले ही वन विभाग और प्रशासन को स्थानीय लोगों के साथ मिलकर जंगलों में धरती पर गिरी हुई पत्तियों विशेषकर चीड़ की पत्तियों को साफ कर देना चाहिए, ताकि आग लगने की संभावना को कम किया जा सके। अब तो पूरा विश्व पर्यावरण संरक्षण को लेकर चिंतित है, लेकिन जंगलों की रक्षा किए बिना पर्यावरण को नहीं सुधारा जा सकता। कई बार भारत और दुनिया के कई शहरों में वायु गुणवत्ता सूचकांक बहुत अधिक खतरनाक स्तर तक बढ़ जाता है, जो मानव जीवन की सेहत के लिए बहुत खतरनाक है।

हमारे प्रदेश में कई जगह बंजर भूमि है, वहां पर पेड़-पौधे लगाकर प्रदेश के हरित क्षेत्र को बढ़ाया जा सकता है। इससे लोगों को रोजगार भी मिलेगा। जब वन हमारे लिए इतना कुछ देते हैं, तो हम इन जंगलों की रक्षा क्यों न करें। हमें सभी चीजें सरकार पर ही नहीं छोड़ देनी चाहिएं। हमारा कर्तव्य भी बनता है कि हम वन विभाग और प्रशासन की मदद करके अपनी मदद स्वयं करें। आजकल हमारा जीवन अधिक से अधिक भौतिकवादी बनता जा रहा है और हम कहीं न कहीं अपने कर्तव्यों को भूलते जा रहे हैं। इससे हमारा अपना जीवन ही खतरे में पड़ता जा रहा है। हमें प्रकृति द्वारा दिए गए सुंदर वनों को बचाना होगा और साथ में पेड़-पौधे भी लगाने होंगे, ताकि हमारा भविष्य सुरक्षित रहे।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### द्रंग में पोस्टल बैलेट से मतदान 21 मई से

**पधर।** सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम पधर सुरजीत सिंह ने बताया कि आम लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत निर्वाचन आयोग ने 85 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ मतदाताओं के साथ-साथ 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग मतदाताओं के लिए पोस्टल बैलेट की सुविधा उपलब्ध करवाई है। द्रंग विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से संबंधित 725 पात्र मतदाताओं के लिए 21 मई से 23 मई तक घर-घर जाकर पोस्टल बैलेट मतदान को विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिए 14 टीमों का गठन किया गया है। उन्होंने बताया कि द्रंग विधानसभा क्षेत्र से संबंधित पोस्टल बैलेट मतदान को लेकर 725 पात्र मतदाताओं जिनमें 85 वर्ष से अधिक उम्र और दिव्यांग मतदाता शामिल हैं।

### सपैरी गांव में चलाया सफाई अभियान



**पधर।** ग्राम पंचायत कुन्नू के मधुसूदन महिला मंडल सपैरी की महिलाओं ने स्वच्छता अभियान चलाया गया। वहीं महिला ने बताया कि लोकसभा चुनावों में मतदान प्रतिशता बढ़ाने के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसके चलते गांव के रास्ते, बाबड़ियां, गांव के आसपास साफ- सफाई कर स्वच्छता अभियान चलाया गया।

### कॉमन एंट्रेंस टेस्ट की अंतिम तिथि बढ़ाई

**मंडी ।** सरदार पटेल विश्वविद्यालय के कुलपति द्वारा कॉमन एंट्रेंस टेस्ट-2024 के लिए शुल्क भुगतान सहित ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 23 मई 2024 तक बढ़ाने का निर्णय लिया है। ऑनलाइन आवेदन जमा करने के लिए, उम्मीदवारों को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाना होगा और 'ऑनलाइन प्रवेश 2024-25' लिंक पर क्लिक करना होगा जो उन्हें आवश्यक प्रक्रिया शुरू करने के लिए प्रवेश परीक्षा पोर्टल पर निर्देशित करेगा। समस्या आने पर उम्मीदवार विश्वविद्यालय के सामान्य कामकाजी घंटों के दौरान हेल्पलाइन नंबर और ईमेल आईडी पर ऐसी समस्याओं के बारे में बताने के लिए स्वतंत्र हैं।

### नेहा ठाकुर देगी एम्स अस्पताल पटना में सेवाएं



**जोगिंद्रनगर।** शानन में जय दुर्गा मां कॉलेज ऑफ नर्सिंग की की छात्रा नेहा ठाकुर ने एम्स की परीक्षा उत्तीर्ण की है। नर्सिंग कॉलेज प्रबंधन निदेशक राकेश धरवाल ने कहा जय मां दुर्गा नर्सिंग कॉलेज की छात्रा नेहा ठाकुर ने एम्स की परीक्षा उत्तीर्ण की है तो नेहा ठाकुर का चयन एम्स अस्पताल पटना में नर्सिंग ऑफिसर की सेवाएं दे रही है। कॉलेज की प्रधानाचार्य सविता कुमारी ने नेहा को बधाई दी।

### डंगोई नाला से अल्याणा तक डंगे लगाने की मांग



**सरकाघाट।** अटारी-लेह लद्दाख वाया अवाहदेवी धर्मपुर सरकघाट निर्माणाधीन राष्ट्रीय उच्च मार्ग पर डंगोई नाला से लेकर अल्याणा गांव तक सड़क के दोनों तरफ पक्के डंगे लगाए जाने को लेकर दो दर्जन से अधिक पीड़ित परिवारों के सदस्यों का एक प्रतिनिधिमण्डल समाजिक कार्यकर्ता एवं ग्राम पंचायत बकारटा की प्रधान सुमन ठाकुर की अध्यक्षता में एसडीएम सरकाघाट स्वाति डोगरा से मिला और मौके की सारी स्थिति समझाते हुए उन्हे ज्ञापन सौंपा। ग्रामिणों ने प्रशासन के माध्यम से प्रबंधन कंपनी को दो दिन का अल्टीमेट दिया है, कार्य शुरू न होने चक्का जाम करने पर मजबूर हो जाएंगे । एसडीएम सरकाघाट स्वाति डोगरा ने कहा कि इस निर्माण दिन कंपनी के खिलाफ कई लोग शिकायत कर चुके हैं आज प्रभावित गांवों के लोगों ने ज्ञापन भी सौंपा है।

### विद्यार्थियों ने रैली निकालकर दिया मतदान का संदेश



**सुंदरनगर ।** सुंदरनगर उपमंडल की विभिन्न पाठशालाओं में इलेक्ट्रॉल लिटरेसी क्लब ईएलसी के माध्यम से मतदाता जागरूकता की गतिविधियां आयोजित की गई। सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम सुंदरनगर गिरीश समरा ने बताया कि चुनाव आयोग के निर्देशानुसार उपमंडल के प्रत्येक विद्यालय व कॉलेज में इलेक्ट्रोल लिटरेसी क्लब बनाना अनिवार्य है जिनके माध्यम से इन संस्थानों में मतदाता जागरूकता की गतिविधियां समय-समय पर आयोजित की जा सके।

### विद्यार्थियों ने मतदान के लिए किया जागरूक

**लडभड़ोल।** राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, राजकीय महाविद्यालय लडभड़ोल, व औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान तथा एनएसएस के स्वयंसेवकों द्वारा मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन तहसीलदार उर्मिला सुमन की अध्यक्षता में किया गया।इस जागरूकता रैली में एनएसएस यूनिट के सभी स्वयंसेवियों तथा जमा एक व जमा दो कक्षा के सभी छात्र एवं छात्राओं ने भाग लिया जिसमें विद्यार्थियों ने लडभड़ोल बाजार में जागरूकता रैली निकालकर लोगों से शत प्रतिशत मतदान करने का आवाहन किया। अध्यापक राजेश कुमार ने बताया कि इस रैली के माध्यम से जनमानस को मतदान करने को लेकर जागरूक किया गया। इस मौके पर राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, राजकीय महाविद्यालय, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान लडभड़ोल के सभी विद्यार्थी तथा स्टाफ मौजूद रहे।

### 17,106 अफीम के पौधे किए नष्ट

**मंडी ।** हिमाचल प्रदेश स्टेट विजिलेंस व एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने चौहार थाटी के गढ़गांव में अफीम के 17,106 पौधे बरामद कर उन्हें नष्ट किया गया है। टीम को सूचना मिली कि वन विभाग की भूमि में अफीम के पौधे लगाए गए थे। लिहाजा, सीधे तौर पर किसी के खिलाफ मुकद्मा नहीं हुआ है। मामले की पुष्टि करते हुए एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने कहा कि पौधों को नष्ट करने के उपरांत अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी छानबीन शुरू कर दी है।

### डांडू राम का हुआ निधन, किया अंतिम संस्कार

**मंडी ।** 18 मई को 61 वर्षीय गांव नरोला निवासी डांडू राम पुत्र स्व. श्री लशकरी राम का निधन हो गया वह कुछ समय से लिवर की बीमारी से पीड़ित थे। नेरचौक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में अपना उपचार करवा रहे थे। आज नरोला के श्मशान घाट में उनका दाह संस्कार कर दिया गया।



# खुड्डुला में एक माह से नहीं आया पानी

## 35 परिवारों की दिक्कतें बढ़ीं, हैंडपंप का भी पानी खराब



एसडीएम को ज्ञापन सौंपते लोग ।

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

उपमंडल सरकाघाट के अंतर्गत ग्राम पंचायत खुड्डुला के लोअर खुड्डुला में पानी की समस्या को लेकर एक प्रतिनिधिमंडल अनुसूचित जाति जनजाति पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक मोर्चा के ब्लाक अध्यक्ष अमीचंद की अध्यक्षता में एसडीएम सरकाघाट, स्वाति डोगरा को मिला और मांग पत्र सौंपा, जिसमें उन्होंने बताया कि लोअर खुड्डला में मंदिर के पीछे करीब 35 अनुसूचित जाति के परिवारों को एक माह से पानी नही मिल रहा है।

नलों से एक बूंद भी नही टपक रही है। कुएं बावड़ियां सूख चुके हैं। हैंड पंप का पानी खराब निकल रहा है, जो पीने योग्य जरा भी नहीं है। ऐसी स्थिति में ग्रामिणों को जब पीने का पानी नही मिल रहा है तो उन्हें खाना बनाना, नहाना, कपड़े धोना, और पशुओं के लिए पानी का इंतजाम करना भी मुश्किल हो गया है । लोग गंदे नाले का पानी पीने को मजबूर हैं और इससे बीमारी फैलने का खतरा बढ़ गया है। समस्या को लेकर जलशक्ति विभाग को स्थानीय लोग कई बार अवगत करवा चूके है, लेकिन पानी नही मिल पा रहा है और मजबूरन लोग पीने का पानी सीर खड्डु से लाकर जैसे तैसे गुजारा कर रहे हैं।

### जल्द दूर की जाएगी समस्या : एक्सईएन

इस बारे जब जलशक्ति विभाग मंडल सरकाघाट की अधिशासी अभियंता विवेक हाजिरी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मामला उनके ध्यान में नहीं था, शीघ्र ही ग्रामीणों को पेयजल आपूर्ति उपलब्ध कराई जाएगी।

### समस्या का समाधान न होने पर करेंगे घेराव

ग्रामीणों ने कहा कि यदि एक सप्ताह के अंदर लोअर खुड्डला के लिए पानी की नियमित सप्लाई नहीं दी गई तो वे विभाग के कार्यालय का घेराव करेंगे, इसलिए उन्हें नियमित पेयजल सप्लाई दी जाए। अन्यथा ग्रामिण महिला मंडल व युवा मंडल के सदस्यों सहित समाजिक संगठनों को साथ लेकर जलशक्ति विभाग का घेराव कर धरना प्रदर्शन करने से गुरेज नही करेंगे।

# गलत तरीके से खड़े किए दोपहिया वाहनों के किए चालान



वाहनों के चालान करती पुलिस व मौजूद स्थानीय लोग।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

मंडी नगर निगम क्षेत्र की गलियों में लोगों द्वारा गलत तरीके से दो पहिया वाहनों की पार्किंग से शहर के लोग काफी परेशान थे जिस कारण इसकी लगातार शिकायतें नगर निगम और पुलिस विभाग को की जा रही थी।

शनिवार को नगर निगम आयुक्त एचएस राणा ने पुलिस दलबल के साथ निरीक्षण किया और बेतरतीब तरीके से दो पहिया वाहनों के मौके पर ही चालान काटे गए। इस दौरान भूतनाथ गली में दुकानदारों द्वारा दुकान से बाहर लटकाए सामान को लेकर भी चेतावनी दी गई और सभी दुकानदारों को अपनी दुकान का सामान दुकान के अंदर ही लगाने के सख्त आदेश दिए गए ताकि लोगों को आवाजाही में किसी भी प्रकार की कोई परेशानी न हो।

नगर निगम आयुक्त एचएस राणा ने बताया कि नियमों का उल्लंघन करता पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# शॉर्ट सर्किट से ऑटो में लगी आग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



मंडी आईटीआई चौक पर जल रहा ऑटो।

शहर के बीचों-बीच आईटीआई चौक पर अचानक ऑटो में आग लग गई। जानकारी अनुसार सड़क पर चलते ऑटो में शॉर्ट सर्किट हो गया और ऑटो में आग लग गई। जैसे ही ऑटो चालक को आग लगने का आभास हुआ उसने ऑटो को रोककर आईटीआई गेट के सामने खड़ा कर दिया। ऑटो को खड़ा करते ही ऑटो धूं-धूं कर जलने लगा।

इस मौके पर मौजूद स्थानीय दुकानदारों व औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रशिक्षुओं को घटना का पता चला तो उन्होंने तुरंत मुस्तैदी दिखाते हुए और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घटना की सूचना मिलने के उपरांत सदर थाना की टीम ने भी मौके पर पहुंचकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

ऑटो चालक सुधीर कुमार निवासी रवि नगर मंडी ने बताया कि वह ऑटो लेकर सेरी बाजार से बस स्टैंड की ओर जा रहा था कि ऑटो में आग लग गई जिससे करीब 2.50 लाख का नुकसान हो गया है।

# मॉडल पोलिंग बूथ किए जाएंगे स्थापित : लक्ष्मण

**अनंत ज्ञान, गोहर**

नाचन निर्वाचन क्षेत्र में मॉडल पोलिंग बूथ स्थापित करने पर व मॉडल पोलिंग बूथ पर सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हों इस पर सहायक निर्वाचन अधिकारी व एसडीएम गोहर लक्ष्मण सिंह कनेट की अध्यक्षता में नोडल ऑफिसर के साथ एसडीएम कार्यालय में बैठक आयोजन किया गया।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए एसडीएम गोहर ने नोडल ऑफिसर को निर्देश दिए मॉडल पोलिंग बूथ को निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश के अनुसार स्थापित करें।

बूथ सौंदर्यकरण के लिए स्थानीय कलाकृतियां व संस्कृति दर्शाने वाले उत्पाद व वस्तुओं को स्थापित किया जाए जिससे पोलिंग बूथ की सुंदरता और बढ़ सके।

यह मॉडल पोलिंग बूथ स्थापित करने का उद्देश्य मतदाताओं के लिए मतदान के पूरे अनुभव को सुखद और समृद्ध बनाने की दृष्टि से मॉडल पोलिंग बूथ स्थापित किए जाएंगे ।

# दो दिन बिजली आपूर्ति रहेगी बंद

**मंडी।** सहायक अभियंता, विद्युत उपमंडल साईगलू हुक्म चंद ने बताया कि 20 व 21 मई को 22 केवी कोटली फीडर मरम्मत के कारण आंशिक रूप से बंद रखा जाएगा।

जिस कारण साईगलू विद्युत उपमंडल के तहत आने वाले क्षेत्र साइगलू, चलोह, सतोहल, सदयाना मोहटली, चेला, गोखड़ा, बग्गी, बटाहर, लागधार, कडकोह, ढलवानी तथा साथ लगते क्षेत्र में 20 व 22 मई को सुबह 10 से सायं 5 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

# अरोमा कॉलेज में नर्सिंग दिवस समारोह का समापन



समापन समारोह में मौजूद प्रतिभागी और स्टाफ सामूहिक चित्र में।

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

अरोमा कॉलेज ऑफ नर्सिंग में मनाए जा रहे नर्सिंग दिवस का समापन समारोह आयोजित किया गया, इसमें सभी प्रतिभागियों को कॉलेज प्रबंधन समिति की ओर से पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर कॉलेज का पूरा स्टाफ भी मौजूद रहा।

# विज्ञान प्रतियोगिता में सुभाष हाउस ने मारी बाजी



विज्ञान प्रतियोगिता की विजेता टीम।

**जोगिंद्रनगर ।** दयानंद भारतीय पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल जोगिंद्रनगर में विज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जूनियर विंग में सुभाष हाउस के अगम, स्वास्तिक, केशव व प्रांजल ने प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं सीनियर विंग में भगत हाउस के अरनव ठाकुर, नंदिता राणा, नवृति पूरी और महक ने प्रथम स्थान पाया। इसके अलावा सीनियर सेकेंडरी विंग में टैगोर हाउस के मान्यता, अनवी, अनिरुद्ध और कृष ने प्रथम स्थान पाया। प्रधानाचार्य राजेश डोगरा ने सभी विजेताओं को बधाई दी।

# 8546 मतदाता घर से करेंगे मतदान, 21 से होगी शुरुआत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

जिला निर्वाचन अधिकारी अपूर्व देवगन ने बताया कि जिले में 85 से अधिक आयु और दिव्यांगता वाले 8546 मतदाताओं ने घर से मतदान करने का विकल्प चुना है। मतदाताओं से घर पर मतदान करवाने के लिए मोबाइल पोलिंग टीमें 21 से 29 मई तक मतदाताओं के घरों पर दस्तक देंगी। जिला में घर से मतदान का विकल्प चुनने वाले 85 प्लस आयु के कुल 9232 मतदाताओं में से 6303 मतदाताओं और 40 फीसदी से अधिक दिव्यांगता वाले कुल 10990 मतदाताओं में से 2243 मतदाताओं को सुविधा मिलेगी।

जिन मतदाताओं ने घर से मतदान करने का विकल्प नहीं चुना है वह एक जून को पोलिंग बूथ पर जाकर मतदान कर सकेंगे।

# अग्निशमन विभाग ने आग पर पाया काबू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



आग पर काबू करते कर्मी ।

मंडी जिले के बलद्वाड़ा फोरेस्ट रेंज के तहत बैरकोट जंगल में भीषण आग लगने की सूचना उस वक्त मिली जब शनिवार प्रात: वीएफडीएस सरोवा की बैठक जारी थी। उसी वक्त वीएफडीएस के सभी सदस्य एक किलोमीटर पैदल चल कर मौके पर पहुंचे। जाइका वानिकी परियोजना और वन विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग बुझाने में सफलता हासिल की।

वन मंडल सुकेत के तहत जाइका प्रोजेक्ट में सेवारत हिमाचल प्रदेश वन सेवा से सेवानिवृत्त अधिकारी वीपी पठानिया, एसएमएस सुकेत विजय कुमार, वीएफडीएस सरोवा के प्रधान रोशन लाल की टीम मौके पर पहुंची।

टीम के सदस्यों ने बताया कि कई घंटों तक मशक्कत के बाद आग बुझाई। साथ ही मंडी शहर से कुछ ही दूरी पर बड़ी गमाणु और बिरलाग जंगल के बीच मे आग लग गई जिसकी सूचना मिलने पर अग्निशमन विभाग द्वारा तुरंत कार्यवाही करते हुए 3 वाटर टैंकर पानी से आग को पूर्ण रूप से बुझा दिया गया।

अग्निशमन अधिकारी ठाकुर दास ने बताया कि जंगल मे आग लगने से करीब 2000 नए पौधों को नुकसान पहुंचा है और करीब 50 हजार जंगल की संपति को बचा लिया गया।

# अवैध शराब के तीन मामले दर्ज

**मंडी ।** पुलिस थाना बल्ह के अंतर्गत गश्त के दौरान पुलिस द्वारा मलथेहड गांव की सपना के घर से 1500 मिलीलीटर अवैध शराब बरामद की।

इसी गांव के रोशन लाल के घर से भी 750 मिलीलीटर अवैध शराब बरामद की गई है। पुलिस चौकी रिवालसर के तहत हेतराम गांव लेहड़ा की चिकन की दुकान धारगलू से 26 पेटी शराब बरामद की। इन तीनों मामलों में मुकदमे दर्ज कर लिए गए हैं।

एसएसपी सागर चंद्र ने मामला दर्ज होते की पुष्टि करते हुए बल्ह पुलिस के काम की सराहना की।

# जिला स्तरीय दानवीर कर्ण श्री मूल माहूंनाग मेला संपन्न

**अनंत ज्ञान, करसोग**

पांच दिवसीय जिला स्तरीय दानवीर कर्ण श्री मूल माहूंनाग मेला को संपन्न हो गया। मेले के समापन समारोह के मुख्यातिथि वरिष्ठ आईएएस अधिकारी विवेक भाटिया रहे। उन्होंने देवता दानवीर कर्ण श्री मूल माहूंनाग की पूजा अर्चना कर देवता का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर इनकी धर्म पत्नी शिखा शर्मा भी उनके साथ मौजूद रही।

मुख्यातिथि ने कहा कि देव संस्कृति से जुड़े हुए मेले हमारें पहाड़ी प्रदेश की समृद्ध प्राचीन संस्कृति का हिस्सा है, जिन्हें संजों कर रखना हम सभी का दायित्व है। प्रदेश की समृद्ध प्राचीन संस्कृति को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाना और उन्हें राज्य की देव संस्कृति से जोड़ना भी हम सभी का सामूहिक दायित्व है। सामूहिक प्रयासों से ही हम इसमें सफल हो सकते है।

किसी भी कार्य को करने के लिए उस कार्य के प्रति मन में भावना होनी चाहिए, तभी हम उसे सफलता पूर्वक पूर्ण कर सकते है। यह एक ऐतिहासिक मेला है और हम सभी देवी-देवताओं को मानते है।

# कांग्रेस जीतेगी चारों लोकसभा सीटें : पवन

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**



जानकारी देते पवन ठाकुर व अन्य।

मंडी जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष पवन ठाकुर ने नाचन के धनोटु में कहा कि कांग्रेस के मंडी संसदीय क्षेत्र के उम्मीदवार विक्रमादित्य की जीत धनबल पर जनबल की जीत है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के 14 महीनों के काम और पांच गारंटियों के दम पर चारों लोक सभा सीटों और 6 विधानसभा उपचुनावों को जीतेगी।

मुख्यमंत्री सुक्खू की पूरी की गई पांच गारंटियां ही प्रदेश की चार लोकसभा सीटों के अलावा उपचुनाव के 6 सीटों पर प्रचंड बहुमत से जीतेगी।

कांग्रेस का संगठन भी इस समय मंडी लोकसभा सीट के लिए फील्ड पर चुनावी ताकत दिखा रहा है। जबकि कांग्रेस का कार्यकर्ता जमीन पर काम कर रहा है।

उन्होंने कहा कि भाजपा की बोखलाहट का परिणाम चार जून को जनता देने वाली है। उन्होंने कहा कि देश प्रदेश में कांग्रेस और इंडिया गठबंधन मजबूत है।

# जोगिंद्रनगर सैनिक लीग की बैठक 25 को

**जोगिंद्रनगर।** एक्स सर्विसमैन लीग जोगिंद्रनगर का जरनल हाउस 25 मई को सुबह 10:30 बजे सैनिक सदन के प्रांगण में आयोजित होगा। इस बारे एक्स सर्विस मैन लीग के प्रेस सचिव 25 मई को लीग द्वारा जनरल हाउस का आयोजन किया जाएगा, जिसमें भूतपूर्व सैनिकों तथा वीर नारियों के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

शरद चंद्र ने सभी भूतपूर्व सैनिकों और वीरनारियों से अनुरोध है कि जरनल हाउस में आकर अपने विचारों और सुझावों को रखें जिससे की ये लीग और तरक्की कर सके। विभिन्न मुद्दों पर बात कर सुझावों को आईएसएल दिल्ली को भेजा जाएगा।

# फोरलेन पर बसों के संचालन से लोग परेशान

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**



एसडीएम को ज्ञापन सौंपने के दौरान मौजूद महिलाएं।

किरतपुर-मनाली फोरलेन बनने से जहां लंबी दूरी कुछ ही घंटों में तय की जा रही है। वहीं इससे बसों के संचालन से क्षेत्र के ग्रामीणों को परेशानी भी झेलनी पड़ रही है।

उपमंडल के कांगू, सलापड़, धवाल और खुराहल क्षेत्र के लोग पुराने सड़क मार्ग के समय रात के समय अपने घरों के नजदीक बसों से उतरते थे, लेकिन अब बसों की आवाजाही फोरलेन से होने के कारण लोगों को अपने घरों से कोसों दूर उतरने के मजबूर होना पड़ रहा है। इस समस्या को लेकर क्षेत्र की 9 पंचायतों के महिला मंडलों के प्रतिनिधिमंडल ने लामबंद होकर एसडीएम को एक ज्ञापन सौंपा है।

महिलाओं ने प्रशासन को चेताते हुए कहा कि अगर उनकी समस्या पर कार्रवाई नहीं होने की सूरत में आंदोलन की राह भी अख्तियार की जाएगी। सलापड़ महिला मंडल प्रधान हेमलता ने कहा कि बीते दिन ही उनकी बेटी अकेली चंडीगढ़ से आई। आधी रात को उन्हें अपनी बेटी को लेने के लिए टैक्सी कर जाना पड़ा।

फोरलेन के कारण अब एचआरटीसी की लंबी दूरी की अधिकतर बसें मनाली से भवाणा वाया डैहर होकर जा रही हैं। इस कारण लोगों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ उठाना पड़ रहा है।

**जागरूकता** राज्य विज्ञान तकनीकी व पर्यावरण परिषद के सहयोग से स्कूलों में होंगी प्रतियोगिताएं

# 867 स्कूलों में मनाया जाएगा विश्व पर्यावरण दिवस

**भगत सिंह गुलेरिया, मंडी**

**जिले में 324 वरिष्ठ,154 उच्च और 389 माध्यमिक विद्यालय**

हर वर्ष की भांति इस बार भी पूरे प्रदेश में 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन किया जाएगा। इसी कड़ी में राज्य विज्ञान, तकनीकी व पर्यावरण परिषद द्वारा शिक्षा विभाग के सौजंय से जिला भर में 867 शिक्षण संस्थानों में चित्रकला व नारा लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इसके आदेश प्रारंभिक शिक्षा उपनिदेशक कार्यालय से जारी कर दिए गए हैं।

बता दें कि मंडी जिला में 324 राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, 154 राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय और 389 राजकीय माध्यमिक विद्यालय कार्यरत हैं। इन सभी शिक्षण संस्थानों के प्रधानाचार्यों, मुख्य अध्यापकों, खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारियों व प्रभारियों को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि विश्व पर्यावरण दिवस के आयोजन के मौके पर राज्य विज्ञान तकनीकी व पर्यावरण परिषद के सहयोग से इन सभी स्कूलों में चित्रकला व नारा लेखन प्रतियोगिताएं आयोजित करवाई जाएं।



प्रतियोगिताओं का विषय लैंड रेस्टोरेशन, डिजरटिफिकेशन और ड्राउट रिलायंस रहेगा। यह प्रतियोगिताएं छठी से आठवीं और नवमी से 12वीं दो समूहों में आयोजित होंगी। दोनों समूहों में पहले तीन स्थान प्राप्त करने वालों की प्रविष्टियां 27 मई तक जिला कार्यालय को सूचित करनी होगी जहां से 30 मई तक सर्वश्रेष्ठ पांच प्रविष्टियां परिषद को प्रेषित की जाएंगी।

इसके अलावा शिक्षण संस्थानों के मुखियाओं को यह भी निर्देश दिया गया है कि इस कार्यक्रम से संबंधित अन्य कार्यक्रम जैसे साफ सफाई, सेमिनार, प्राकृतिक सैर और जागरूकता इत्यादि भी आयोजित किए जाएं। (अनंत ज्ञान)

### आम नागरिकों को किया जाएगा जागरूक : विजय

**डिप्टी** डीईओ विजय गुप्ता ने ऐसे आदेश जारी होने की पुष्टि करते हुए कहा कि शिक्षण संस्थानों के माध्यम से पर्यावरण के प्रति आम नागरिकों को जागरूक किया जा सकता है। ऐसे में विभागीय आदेशों की अनुपालना सुनिश्चित कर मुखियाओं को कार्यवाही रिपोर्ट भेजने को कहा गया है।

# कार दुर्घटनाग्रस्त दो लोग घायल

**गोहर।** क्षेत्र के मशहूर देवस्थल बड़ा देव कमरुनाग के दर्शन कर वापस आ रहे श्रद्धालुओं की अल्टो कार दुर्घटना ग्रस्त हो गई। जानकारी अनुसार भोरंज क्षेत्र से कुछ दोस्त अलग-अलग तीन कारों पर बड़ा देव कमरुनाग के दर्शन करने पहुंचे थे, और वापसी में कार (एच पी74ए4502) शाला के नजदीक अनियंत्रित होकर लगभग 40-50 फुट गहरी खाई में लुढ़क गई। जिसमें चालक को छोड़ दो लोगों को गंभीर चोटें आई हैं।

घायलों में अजय कुमार पुत्र रणजीत सिंह तरक्काडी भोरंज और मनजीत सिंह पुत्र जीवन राम को अन्य दोस्त नागरिक स्वास्थ्य केंद्र गोहर ले आए। पुलिस थाना गोहर ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# राष्ट्रीय टीबी रोग उन्मूलन अभियान के तहत की बैठक



समीक्षा बैठक के दौरान मौजूद अधिकारी व अन्य।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

राष्ट्रीय टीबी रोग उन्मूलन अभियान के अंतर्गत मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन डॉ. नरेन्द्र कुमार भारद्वाज मुख्य चिकित्सा अधिकारी मंडी की अध्यक्षता में सभागार कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी मे संपन्न हुआ, जिसमें डॉ. धर्म सिंह चिकित्सा अधिक्षक, डॉ. अरिंदम राय जिला कार्यक्रम अधिकारी, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारियों व उनके सहयोगी स्टाफ ने भाग लिया।

उन्होंने बताया कि कुछ तकनीकी कारणों से टीबी दवाइयों की आपूर्ति बाधित हुई थी जो अब बहाल हो गई है, साथ ही जो टीबी रोग के नए मरीज पाए जा रहे हैं उन्हे तुरन्त पोर्टल पर दर्ज करें तथा इस बीमारी की रोकथाम के लिए व्यस्क बीसीजी टीकाकरण अभियान जारी है, उसमें उनका जल्द टीकाकरण किया जाए।

## न्यूज ब्रीफ

### लोगों को बताया मतदान का महत्व



**चंबा।** जिला स्वीप नोडल अधिकारी अरविंद सिंह चौहान ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन 2024 को लेकर मतदान प्रतिशतता बढ़ाने के लिए आयोजित की जा रही विभिन्न जागरूकता गतिविधियों की निरंतरता में आज जिला के सभी पांचों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के विभिन्न संस्थानों एवं औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में स्वीप टीम द्वारा मतदाता जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया।जागरूकता गतिविधियों में लोकतांत्रिक प्रक्रिया में मतदान के महत्व को लेकर जानकारी प्रदान की गई। अरविंद सिंह चौहान ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र भरमौर चंबा, भटियात, डलहौजी, चुराह के विभिन्न स्थानों पर गतिविधियों का आयोजन कर एक जून को मतदान मतदान करने का प्रभावी संदेश दिया गया।

### पंचायतों में नहीं एटीएम की सुविधा

**चंबा।** जिला मुख्यालय के साथ लगते साहो व इसके आसपास की करीब नौ पंचायतों में ग्रामीणों को एटीएम की सुविधा नहीं मिल पा रही है। इस अभाव ने विभिन्न क्षेत्रों के ग्रामीणों को और भी मुश्किल में डाल दिया है।

हालात यह है कि आपात स्थिति में लोगों को पैसे निकालने के लिए चंबा की ओर रूख करना पड़ रहा है, जिसमें मुख्यालय के बैंकों व एटीएम केंद्रों पर भारी भीड़ होने से कई ग्रामीणों को खाली हाथ ही घर लौटने सहित धन अभाव की परिस्थितियों से गुजरना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि मौजूदा समय में एसबीआई बैंक ही एटीएम बैंक सुविधा विस्तार कर रहा है, लेकिन बैंक की ओर से अभी ग्रामीण क्षेत्र में एटीएम सुविधा पूर्ण रूप से मुहैया नहीं करवाई जा रही है। स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द यहां पर एटीएम सुविधा प्रदान की जाए।

# डलहौजी अंग्रेजों का रहा है पसंदीदा स्थान

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

डलहौजी विश्व के प्रसिद्ध पर्यटक स्थलों की सूची में शुमार है। अंग्रेजों ने 1854 में इसे बसाया और विकसित किया तथा तत्कालीन वायसराय लॉर्ड डलहौजी के नाम पर इस जगह का नाम डलहौजी रखा गया।

हालांकि लॉर्ड डलहौजी कभी भी डलहौजी नहीं आए, लेकिन अंग्रेज सैनिक और नौकरशाह यहां अपनी गर्मी की छुट्टियां बिताने यहां जरूर आते थे। यानी अंग्रेजों ने भी गर्मियों में डलहौजी को अपनी आरामगाह माना था तब से लेकर आज तक डलहौजी की अपनी ही एक अहमियत या पहचान है। पांच पहाड़ियों में फैला यह शहर शांति और सुकून चाहने वाले पर्यटकों के लिए स्वर्ग है। ओस भरी पहाड़ियां, बर्फ से ढके चरागाह और औपनिवेशिक युग की वास्तुकला के साथ, डलहौजी में हर चीज बेहतरीन है। सांस्कृतिक और ऐतिहासिक रूप से महत्वपूर्ण स्थान, डलहौजी अपने शानदार परिदृश्यों को देखने और एक ऐसे अनुभव का आनंद लेने के लिए दुनिया भर से पर्यटकों को आकर्षित करता है जो उन्हें आश्चर्यचकित कर देता है। 1854 में स्थापित, डलहौजी शहर ब्रिटिश अधिकारियों के लिए ग्रीष्मकालीन विश्राम स्थल था

अपनी स्थापना के पांच साल बाद, शहर को गुरदासपुर जिले के एक हिस्से के रूप में मान्यता मिली। 1966 में, डलहौजी उत्तर भारतीय राज्य हिमाचल प्रदेश का एक प्रभाग बन गया।

### यहां मौजूद हैं 13 चर्च

डलहौजी में ही लगभग 13 चर्च निर्मित किए गए थे जो अंग्रेजों के लिए अलग और भारतीयों के लिए अलग थे, जो आज भी डलहौजी की खूबसूरती को चार चांद लगा रहे हैं।

इसके अलावा शहीदे आजम भगत सिंह के चाचा सरदार अजीत सिंह भी यही शहीद हुए थे जिनकी याद में आज भी स्थानीय क्षेत्रवासी हर वर्ष 15 अगस्त को मेल के रूप में मना कर उन्हें उन्हें याद करते हैं। आजादी की लड़ाई के महानायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने अपनी बीमारी काल का समय भी डलहौजी की हसीन वादियों में ही गुजारा है जिनकी यादों को आज भी डलहौजी अपनी यादों में संजोए हुए हैं। चंबा के पौराणिक इतिहास संस्कृति और रीति-रिवाज को जानना है तो भूरी सिंह संग्रहालय से उत्तम जगह कोई भी नहीं है। (अनंत ज्ञान)



### अंग्रेजों ने भूरी सिंह संग्रहालय चंबा का करवाया था निर्माण

**डलहौजी** से जुड़े इतिहास को जानने के मकसद से अंग्रेजों द्वारा 1908 में भूरी सिंह संग्रहालय चंबा का निर्माण करवाया गया, शुरूआत में चंबा की विरासत को इकट्ठा करने और संरक्षित करने के लिए स्थापित किया गया।

यह संग्रहालय तब से लेकर आज तक के इतिहास का पता लगाने के इच्छुक यात्रियों के लिए पर्यटक स्थल के रूप में भूरी सिंह संग्रहालय को विकसित किया गया।

### ये स्थान डलहौजी को लगा रहे चार चांद

**डलहौजी** में सुभाष चौक गांधी चौक, सतधारा, सुभाषबौली, पंचपुला, स्नो हिल, डायनकुंड, काला टॉप, लक्कड़ मंडी, जोत एवं खज्जियार जैसे अन्य कई ऐसे स्थान है जो इसकी खूबसूरती को चार चांद लगाते हैं। बताते चलें डलहौजी में तिब्बती और शरणार्थी कॉलोनी भी है।

# पंडोह डैम के गेट खुलने से ब्यास नदी में जलस्तर बढ़ा

**अनंत ज्ञान, पंडोह**

पंडोह डैम से पानी शनिवार तड़के ही छोड़ा गया, जिससे ब्यास नदी में पानी का जलस्तर बढ़ गया। ब्यास नदी के दूसरी ओर बदार घाटी की हजारों की आबादी पंडोह की मुख्यधारा से कट गई। अब ये लोग ब्यास पर बनी छोटी-छोटी पुलियों से आर-पार नहीं आ-जा सकेंगे।



अब इन्हें 10-12 किलोमीटर का अतिरिक्त सफर तय करना पड़ेगा। बता दें कि गर्मी बढ़ने से ग्लेशियर के पिघलने से ब्यास नदी में जलस्तर भी बढ़ेगा। अब नदी पार नहीं की जा सकेगी। बीबीएमबी के वरिष्ठ अधिशासी अभियंता विवेक चोपड़ा ने कहा कि पंडोह डैम के जलाशय में पानी का स्तर तेजी से बढ़ रहा है।

इसलिए हमें ओवरफ्लो पानी को ब्यास नदी में छोड़ना पड़ता है। पानी का स्तर कम या ज्यादा होता रहेगा। इसलिए कोई भी व्यक्ति व पर्यटक नदी के किनारे न जाएं।

### विश्व संग्रहालय दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**चंबा ।** भूरी सिंह संग्रहालय चंबा में विश्व संग्रहालय दिवस को लेकर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मठ स्कूल से आए विद्यार्थियों ने भाग लिया।

इस मौके पर संग्रहालय के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार और उपाध्यक्ष सुरेंद्र ठाकुर ने बच्चों को संग्रहालय के बारे में जानकारी दी और विश्व संग्रहालय दिवस का महत्व बताया। बच्चों को संग्रहालय में धरोहरों के बारे में अवगत करवाया और कहा कि इन धरोहारों से ही आज इतिहास से अवगत हो पा रहे है। इस मौके पर स्कूल के अध्यापक भी मौजूद रहे।

### अध्यापकों को दिए बेहतर ढंग से पढ़ाने के टिप्स

**चंबा।** बीआरसी कार्यालय में अध्यापकों के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के दूसरे दिन कैसे बच्चों के साथ पढ़ाई का माहौल बनाया जाए और कैसे अपने स्कूलों की शिक्षा को बेहतर बनाया जाए आदि पर जानकारी दी गई।

स्कूलों में बच्चों की संख्या बढ़ाने के लिए भी अध्यापकों को टिप्स दिए गए। कार्यशाला में अध्यापकों को विद्यार्थियों के प्रति व्यवहार पर भी जानकारी दी गई। इस कार्यशाला का उद्देश्य बच्चों को बेहतर शिक्षा मुहैया करवाना और उनकों हर क्षेत्र में आगे लाना है।

कार्यशाला में विभिन्न स्कूलों के 50 अध्यापकों में भाग लिया। बीआरसी जाफर खान ने कार्यशाला की जानकारी दी।

# बाथरी बाजार में जाम हुआ आम, लोग परेशान

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

उप मंडल डलहौजी के अंतर्गत एन एच 154ए पर स्थित गांव बाथरी बाजार में आए दिन आड़ी टेडी खड़ी गाड़ियों के कारण जाम की स्थिति पैदा हो रही है। बताते चलें की बाथरी बाजार क्षेत्र के ज्यादातर व्यस्त रहने वाले बाजारों में एक है जहां रोज सैकड़ों की संख्या में लोग खरीदारी करने बाथरी बाजार रुख करते हैं, लेकिन कई बार सड़क के दोनों और खड़ी गाड़ियां जाम की स्थिति उत्पन्न कर देती हैं जिसके कारण लोगों को अच्छी खासी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

इस बारे में जब व्यापार मंडल प्रधान से बात की गई तो उन्होंने बताया कि एनएच 154ए बाथरी बाजार के दोनों और से काफी चौड़ा है लेकिन बावजूद इसके भी बाहर से आने वाले ग्राहक एवं स्थानीय लोग अपनी गाड़ियां एनएच पर ही खड़ी करते हैं क्योंकि उनके पास दूसरा विकल्प शेष नहीं है।



सड़क पर खड़े वाहन जो जाम का कारण बन रहे हैं।

वहीं बनीखेत पुलिस प्रभारी कुलदीप सिंह ने बताया कि एनएच 154 ए राष्ट्रीय मुख्य मार्ग के दोनों और पीली पट्टी लगाई गई है जिसके अंदर ही वहां खड़े करने की इजाजत है। अगर सफेद पट्टी के बाहर यानी मार्ग पर वहां खड़े रहेंगे वो सीधे तौर पर कानूनी तौर पर गलत है जिसके लिए वाहन चालक पर कानूनी कार्यवाही या चालान बनता है।

काबिले गौर है कि यातायात पहले हेतु एनएच 154 ए पर स्थानीय पुलिस आए दिन गश्त पर रहती है और कानून की अवहेलना करने वालों पर उचित कार्यवाही भी अमल में लाई जाती है।

# अग्निहोत्री का भरमौर दौरा ठाकुर सिंह के लिए संजीवनी

**ओपी शर्मा भरमौर**

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री का जनजातीय क्षेत्र भरमौर का दौरा ठाकुर सिंह भरमौरी के लिए संजीवनी देकर गया है। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने जनता को संबोधित करते हुए ठाकुर सिंह भरमौरी को कांग्रेस का भरमौर से नेता बताते हुए कहा है कि ठाकुर सिंह भरमोरी ने भरमौर के लिए बहुत कुछ किया है और उन्हीं के प्रयासों के बदौलत आज भरमौर में तरक्की हुई है।

उन्होंने भरे मंच से ठाकुर सिंह भरमोरी की कार्यशैली की तारीफ करते हुए उनके बेटे अमित भरमौरी को भी बहुत ही संस्कारी और सुलझा हुआ कहा। उन्होंने जिस तरीके से ठाकुर सिंह भरमोरी की तारीफों के पुल बांधे उसे कार्यकर्ताओं में यह संदेश गया कि आने वाले समय में ठाकुर सिंह भरमौरी के हाथों में ही भरमौर की कमान होगी। हालांकि उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के भरमौर के मैहला दौरे को सफल बनाने में पूर्व वन मंत्री ठाकुर सिंह भरमौरी ने भी कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ी।



जनसभा के दौरा मौजूद स्थानीय लोग।

इस मौके पर ठाकुर सिंह भरमौरी के पुत्र अमित भरमौरी ने स्टेज पूरी तरह से संभाले रखा। बहरहाल शनिवार के दिन चंबा में दो बड़े नेताओं की रैली थी जिसमें काफी हद तक मैहला की कांग्रेस रैली सफल बनाने में अमित भरमौरी भी काफी सफल रहे। जिसको देखकर कांग्रेस के बड़े नेताओं जिसमें स्वयं प्रदेश के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने भी ठाकुर सिंह भरमौरी परिवार की खूब तारीफ की और उन्होंने भरमौर के विकास के लिए ठाकुर सिंह भरमौरी के योगदान को कभी भी न भुलाया जाने वाला कहा।

इस मौके पर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि नेता कोई एक दिन में नहीं बनता है और नेता बनने में काफी समय लगता है। कांग्रेस के अंदरुनी गुटबाजी के चलते कांग्रेस का कार्यकर्ता भी काफी हद तक हताश और निराश दिख रहा है। लेकिन उपमुख्यमंत्री के दौरे को सफल बनाने के लिए स्वयं पूर्व वन मंत्री ठाकुर सिंह भरमौरी और उनके पुत्र एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अमित भरमौरी ने खुद कमान संभाली हुई थी। जिसमें वह काफी हद तक सफल होते हुए भी नजर आए हैं।

हालांकि उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने मंच से ठाकुर सिंह भरमौरी को अगले 10 दिनों में यहां की कमान खुद संभालने के लिए कहा है और अधिक से अधिक वोटों से विक्रमादित्य सिंह को लोकसभा चुनाव में लीड देने का आह्वान किया है। अब देखना है की आने वाले समय में कौन किस पर भारी पड़ता है कि 4 जून को नतीजे आने के बाद ही पता चलेगा।

# विद्यार्थियों ने दिया मतदाता जागरूकता का संदेश

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

लोकसभा निर्वाचन-2024 के तहत जनजातीय उपमंडल मुख्यालय भरमौर के ऐतिहासिक चौरासी प्रांगण में स्वीप कार्यक्रम के तहत आज मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में राजकीय महाविद्यालय भरमौर एवं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कन्या तथा बाल के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।

इस दौरान विद्यार्थियों द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने के लिए रैली का आयोजन किया गया । रैली ऐतिहासिक चौरासी प्रांगण से शुरू होकर मुख्य बाजार होते हुए नए बस स्टैंड तक रवाना हुई।

शत-प्रतिशत मतदान को लेकर स्वीप के नोडल अधिकारी स्वरूप कुमार ने लोगों को लोकतांत्रिक देश का जिम्मेदार नागरिक होने के नाते अपने मत का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने मतदान के महत्व तथा निर्वाचन प्रणाली के संबंध में स्कूली विद्यार्थियों को विस्तृत जानकारी दी।



मतदान जागरूकता कार्यक्रम के दौरान मौजूद विद्यार्थी व अन्य।

उन्होंने छात्र-छात्राओं को अपने स्तर पर मतदाताओं को जागरूक करने के लिए अपनी सकारात्मक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित भी किया। उन्हें शपथ दिलाई गई कि वे लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें और साथ ही अपने घर-परिवार और आस-पड़ोस के लोगों को मतदान के लिए जागरूक करें।

इस अवसर पर क्षेत्र समन्वयक संजय कुमार, प्रधानाचार्य व अध्यापक, स्कूली बच्चे, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं और स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# चुनावी मेले में बच्चों ने रैली निकालकर दिया मतदान का संदेश

**अनंत ज्ञान, चुवाड़ी**

एसडीएम एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी भट्टियात पारस अग्रवाल की अध्यक्षता में स्वीप टीम द्वारा चुवाड़ी चौगान में चुनावी मेले का आयोजन किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य मतदाताओं को जागरूक करना व चुनाव को पर्व की तरह मनाना था।

पारस अग्रवाल ने मतदान के महत्व को लेकर विभिन्न जानकारियां साझा करते हुए सभी लोगों से एक जून को मतदान करने का आग्रह किया। स्कूली बच्चों ने रैली निकाल कर मतदान का प्रचार किया और भारत का नक्शा बनाकर आकर्षण प्रस्तुति दी ।

मेले में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चुवाड़ी, हिमालयन पब्लिक स्कूल, किड्स कैंप स्कूल, प्रियदर्शनी बीएड कॉलेज के छात्रों ने रैली में हिस्सा लिया।




जागरूकता कार्यक्रम के दौरान मौजूद गणमान्य लोग।

### हिमानी श्रीचामुंडा में बारिश से टपक रहीं छतें

**नगरोटा बगवां।** हिमानी चामुंडा मंदिर में मार्च महीने से शुरू यात्रा जुलाई तक चलती है। हिमानी श्रीचामुंडा मंदिर में सरायों की हालत खराब है। पहाड़ों पर स्थित मां के दरबार में हर समय मौसम बदलता रहता है, कभी धूप तो कभी बारिश शुरू हो जाती है। ऐसे में भक्तों को लंगर परोसने के लिए भी परेशानी आती है। भक्तों का कहना है कि प्रशासन और सरकार को चाहिए कि मंदिर परिसर में पक्की सरायों का निर्माण किया जाए।

मंदिर अधिकारी गिरिराज ठाकुर ने बताया कि मंदिर के भवन की असेस्मेंट के लिए पीडब्ल्यूडी की टीम दस दिन पहले गई थी। जैसे ही भवन के असेस्मेंट की रिपोर्ट पीडब्ल्यूडी द्वारा आ जाती है, तो काम शुरू कर दिया जाएगा।

# मतदान प्रक्रिया के लिए जल्द टीमें होंगी गठित : एसडीएम

**महापर्व में सभी से वोट करने की अपील**

**आशीष दमीर, कांगड़ा**

एसडीएम कांगड़ा इशांत जसवाल ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार लोकसभा चुनाव 2024 के लिए मतदान जल्द शुरू होने जा रहा है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार 16-कांगड़ा विधानसभा क्षेत्र में भी दिव्यांग और 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं को घर से मतदान करने की सुविधा दी जाएगी।

इस सुविधा का लाभ ऐसे दिव्यांग और 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाता ले पाएंगे जिन्होंने डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने का विकल्प चुना है। एआरो एवं एसडीएम कांगड़ा ने बताया कि मतदान की इस प्रक्रिया के लिए जल्द टीम गठित हो जाएंगी। इन टीम के माध्यम से यह मतदान 21-05-2024 से 27-05-2024 और निर्धारित कार्यक्रम के पूरा होने तक इसे किया जाएगा।

एआरो एवं एसडीएम कांगड़ा ने चुनाव के इस महापर्व में सभी से वोट करने की अपील की और साथ ही उन्होंने युवाओं से अपने आस-पास के लोगों को भी वोट करने के लिए जागरूक करके अपना सहयोग देने के लिए कहा है।

### सूडोकु 0067 (मध्यम)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु 0066 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 8 | 5 | 1 | 9 | 6 | 4 | 7 |
| 9 | 6 | 4 | 7 | 3 | 8 | 2 | 5 | 1 |
| 5 | 1 | 7 | 4 | 6 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 2 | 5 | 1 | 9 | 7 | 4 | 6 | 8 |
| 1 | 8 | 9 | 6 | 4 | 3 | 7 | 2 | 5 |
| 4 | 7 | 6 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 |
| 6 | 4 | 3 | 8 | 5 | 1 | 9 | 7 | 2 |
| 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 1 | 6 |
| 7 | 5 | 1 | 9 | 2 | 6 | 3 | 8 | 4 |

# जेपी नड्डा को सौंपा मांगों का ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, चंबा**

भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ चंबा व प्रेरणा द इंस्पिरेशन संस्था के सदस्यों के द्वारा हेलिपैड में भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को ज्ञापन सौंपा, जिसमें चंबा में मुख्य मुद्दे को उनके समक्ष रखा जिसमे पहला मुद्दा चंबा से चुवाड़ी टनल बनाने पर विशेष ध्यान दिया जाएं, जिससे चंबा से अन्य जिलों व राज्यों में कम समय लगेगा साथ ही चंबा मेडिकल कॉलेज से टांडा , आईजीएमसी शिमला, पीजीआई चंडीगढ़ रेफर हुए मरीज समय पर मेडिकल कॉलेज पहुंच पाएंगे।



नड्डा को ज्ञापन सौंपते संस्था सदस्य।

दूसरी मुख्य मांग चंबा मेडिकल कॉलेज व हॉस्पिटलों डॉ. लैब टेक्निशंस व एंबुलेंस की संख्या बढ़ाई जाना चाहिए और मेडिकल कॉलेज चंबा व हॉस्पिटल में दी जाने वाली दवाईया और अन्य उपकरणों की पूर्ति भी सुनिश्चित की जाए।

इस अवसर पर ओम गुलेरिया, लेख धीमान, लोकिंद्र शर्मा, टेक चंद, अशोक महाजन, आदित्य कपूर, दीपक भाटिया आदि मौजूद रहे।

# महंगाई से जनता परेशान : भवानी

**ज्वाली, अनिल छांगू**

रैहन फतेहपुर में भाजपा की रैली में बिजली की चोरी का मामला तूल पकड़ने लगा है। मामला सामने आने पर यहां विद्युत विभाग ने दस हजार उन्नीस रुपए का जुर्माना ठोक डाला।

वहीं स्थानीय विधायक एवं सुक्खू सरकार में योजना बोर्ड के उपाध्यक्ष भवानी सिंह पठानिया ने भाजपा को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि बड़ी शर्मा की बात है कि जिन्होंने देश के युवाओं का रोजगार चुरा लिया, किसानों और आम जानता का सुख चैन चुरा लिया। उन्हीं लोगों ने आज फतेहपुर में हमारी बिजली को भी नहीं बक्शा है। उन्होंने कहा कि महंगाई से जिन लोगों ने जनता का सुख चैन चुरा लिया उनके लिए यह कोई बड़ी बात नहीं है।

गौर रहे कि शनिवार को फतेहपुर के रैहन में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी की रैली थी जिसमें अवैध बिजली चोरी का मामला सामने आया ,और दिन सोशल मिडिया पर चर्चा का विषय बना रहा । जिस पर विभाग ने कार्यवाही लेते हुए जुर्माना वसूल किया।

## अनंत ज्ञान

# आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

19 मई, 2024, रविवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** वैशाख, **तिथि** एकादशीः (1:53) : **नक्षत्र :** हस्त (03:16), **पक्ष :** शुक्ल, **योगः** वज्र (11:23) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:50-12:44), **राहुकाल** (5:25 -7:07।

### विशेष दिन

- 19 मई 2024 : मोहिनी एकादशी आज।
- 20 मई 2024 : सोम प्रदोष व्रत कल।

**मेषः** कम समय में काम को पूरा करने में लगे रहेंगे। समय का सदुपयोग करें। विशेष महत्व के कार्य पूरा करने का प्रयास करें।

**वृषभः** समय अनुकूल नहीं है सतर्क रहें। कोई नया काम आरंभ करने में विलंब होगा। किसी अपने के प्रति शुभ भावनाओं का उदय होगा। आशाएं बलवती होंगी।

**मिथुनः** समय का सदुपयोग करें दोस्तों के साथ मिल कर कोई नया काम शुरू कर सकते हैं। विशेष लोगों से मुलाकात होगी। मन चाही कार्य सिद्धि होगी।

**कर्क :** अपनों की बातों से मन दुखी होगा। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। आश्वासन प्राप्त होंगे। कारोबार में सफलता मिलेगी।

**सिंहः** दिन की शुरुआत व्यस्ततापूर्वक रहेगी। देव दर्शन और निजी कार्यों में समय बीतेगा। कारोबार में सफलता मिलेगी। भाग्य में प्रबलता रहेगी।

**कन्या :** आध्यात्मिक तरक्की होगी। धन लाभ के लिए किए गए प्रयास सफल होंगे। परिजन का सहयोग मिलेगा। अनुबंधों की पूर्ति होगी।

**तुलाः** कारोबार का विस्तार के योग बन रहे हे। नई योजना का लाभ मिलेगा। परिजन का व्यवहार कमजोर रहेगा। दाम्पत्य संबंधों में मधुरता आएगी।

**वृश्चिकः** काम बहुत है आप अच्छे से कार्यनीति तय करें। काम आरंभ न करें। धैर्य से अपने कार्यों को समर्पित रहें। मध्यान्ह से कुछ राहत का अनुभव होगा।

**धनु :** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अनुकूल समय का सदुपयोग करें। महत्व के कार्यों को प्राथमिकता दें। अपनी संगत बदले।

**मकरः** शासन-प्रशासन का सहयोग न मिलने से कार्य बाधित होंगे। लंबित कार्यों में आशाएं बलवती होंगी। सामाजिक संबंधों में प्रगाढ़ता आएगी।

**कुंभ :** साझेदारी में किए कारोबार में तरक्की होगी। धन लाभ होता रहेगा। नया मकान दुकान खरीदने के योग हैं। धर्म-कर्म में रूचि बढ़ेगी। शुभ समाचार प्राप्त होंगे।

**मीनः** समय अनुकूल नहीं है निवेश से बचें। धैर्य से कार्य सम्पादन में लगे रहें। रुके कार्यों की पूर्ति होगी। शुभ कार्यों में मन लगेगा। विदेश जाने के योग बन रहे हैं।

**सख्ती** — बसों में ओवरलोडिंग रोकने के लिए सक्रिय हुआ पथ परिवहन निगम

# बस परिचालक पर गिरेगी ओवरलोडिंग की गाज

**आरके रांगड़ा, चंबा**

ओवरलोडिंग के कारण सड़क दुर्घटनाओं के ग्राफ पर नियंत्रण पाने के तहत हिमाचल पथ परिवहन निगम काफी सक्रिय दिख रहे हैं। परिवहन निगम द्वारा हाल ही में संयुक्त रूप से फैसला लेते हुए सर्वप्रथम निगम की बसों में ओवरलोडिंग समस्या को खत्म करने का निर्णय लिया है।

जिसके चलते यात्रियों को ही नहीं बल्कि अब बस परिचालक पर निगम अधिकारियों की ओवरलोडिंग नियमों की अवेहलना करने की गाज जुमार्ना राशि भरने के रूप में गिर सकती है। यही नहीं अगर एक रूट पर एक ही परिचालक बस ओवर लोडिंग नियम को लगातार तीन बार तोड़ता पकड़ा जाता है तो ऐसे परिचालक को निगम सस्पेंड भी कर सकता है।




वहीं परिचालक की हिदायतों सुना अनसुना करने वाले यात्री भी नए नियमों के तहत नपे जाएंगे। सरकार व निगम ने ओवरलोडिंग समस्या से निपटने का समाधान निकालते हुए निगम बसों में ओवरलोडिंग प्रथा बंद करवाने का निर्णय लिया। निगम औचक निरीक्षण अधिकारियों को टिकट जांच सहित बसों की ओवरलोडिंग भी चेक कर बस संबंधी परिचालक पर कार्रवाई करना सुनिश्चित किया गया है। जिसमें औचक निरीक्षक अधिकारी बस की छत पर सफर करने वाले यात्री को अब चेतावनी दे छोड़ने की बजाय बस परिचालक व यात्री दोनों को तत्काल जुर्माना किया जा सकता है।

बस के भीतर बस क्षमता से अधिक यात्री बैठने पर परिचालक पर यात्रियों के हिसाब से निगम अधिकारी जुर्माना वसूल करेंगे।

> हिप्र पथ परिवहन निगम द्वारा यात्रियों की सुरक्षा व सुविधा को ध्यान में रखते हुए गत वर्षों में निगम सेवा में कई आयाम स्थापित किए है, ताकि निगम की बसों में सफर करने वाले यात्रियों सुविधा सहित पूर्ण सुरक्षा मुहैया करवाई जा सके। जिसके लिए बसों में आवेरलोडिंग समस्या के चलते अधिकारियों से लेकर परिचालकों की जिम्मेदारी सुनिशित की है। वहीं परिचालक के मना करने के बावजूद भी बस की छत पर या बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्री पर भी कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।
>
> -शुगल सिंह, क्षेत्रीय प्रबंधक हिप्र , चंबा डिपो।

# अतिक्रमण के खिलाफ एनएचएआई व प्रशासन की कार्रवाई

## झीड़ी से लेकर मनाली तक फोरलेन से हटेंगे अस्थायी कब्जे, सड़क किनारे 163 स्थान किए चिन्हित

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

चंडीगढ़-मनाली नेशनल हाइवे पर झीड़ी से लेकर मनाली तक अतिक्रमण के खिलाफ एनएचएआई व प्रशासन ने कार्रवाई शुरू कर दी है। हाईकोर्ट के आदेश पर प्रशासन व एनएचएआई अब सक्रिय हो गया है और अब अस्थायी अवैध कब्जों को हटाने को लेकर अभियान शुरू कर दिया है।

यह अभियान दो चरणों में चलेगा, जिसके तहत पहले चरण में झीड़ी से लेकर मनाली तक फोरलेन किनारे अस्थायी अवैध कब्जे हटाए जाएंगे, जिसको लेकर एनएचएआई व जिला प्रशासन ने झीड़ी से रामशिला तक 64, जबकि झीड़ी से मनाली तक कुल 163 स्थान चिन्हित किए हैं। इसी कड़ी में पहले दिन शनिवार से एनएचएआई व जिला प्रशासन ने फोरलेन किनारे कब्जा हटाने की मुहिम की शुरुआत करते हुए कुल्लू के शांगरीबाग व भूतनाथ पुल के पास से फोरलेन किनारे से अस्थायी अवैध कब्जों को हटाया। फोरलेन में अस्थायी कब्जों के कारण झाने वाइडनिंग (चौड़ा) करने को लेकर जहां दिक्कत आ रही थी। वहीं, नदी किनारे भी विभिन्न गतिविधियां बढ़ रही थी, जिस कारण नदियां प्रदूषित हो रही थी। साथ ही फोरलेन किनारे इन अस्थायी कब्जों के कारण जहां ट्रैफिक प्रभावित हो रहा था। वहीं, हादसों की आशंका के चलते हाईकोर्ट ने एनएचएआई व जिला प्रशासन को शीघ्र इन कब्जों को हटाने के आदेश दिए हैं। हाईकोर्ट के निर्देशानुसार अब एनएचएआई व जिला प्रशासन कुल्लू ने अवैध कब्जे हटाने की दिशा में कार्य शुरू किया है। प्रशासन ने कब्जे हटाने को लेकर पहले ही नोटिस भी दिया था।

पहले फेज में झीड़ी से लेकर मनाली तक फोरलेन में कार्रवाई होगी और उसके बाद दूसरे चरण में जिले के अन्य स्थानों में सड़क किनारे से अवैध कब्जाधारियों को हटाया जाएगा। लिहाजा, कीरतपुर-मनाली फोरलेन में अवैध कब्जों के चलते हादसों की आशंका को देखते हुए प्रशासन ने कुल्लू में कार्रवाई शुरू कर दी है। पहले दिन पुलिस की मौजूदगी में कार्रवाई करते हुए 20 से अधिक कब्जों पर एनएचएआई व जिला प्रशासन का पीला पंजा चला है। इसमें पांच से छह झुग्गियां भी शामिल हैं। इन झुग्गियों में प्रवासियों ने लंबे समय से डेरा जमाया था। ये लंबे समय से उठने का नाम नहीं ले रहे थे। कुछ रेहड़ी फड़ी वालों ने फोरलेन किनारे कब्जा किया हुआ था। रामशिला में दोनों तरफ खड़ी गाड़ियों और कब्जों के चलते हादसों की आशंका बनी हुई थी। कुछ कब्जे घरों के आगे भी हटाए गए। शनिवार को प्रशासन ने पुलिस की मौजूदगी में कब्जे हटाने का क्रम शुरू किया, तो अफरा-तफरी मच गई। रामशिला में फोरलेन किनारे कब्जों के कारण हादसों की आशंका बनी हुई थी। (अनंत ज्ञान)




कुल्लू के शांगरीबाग व रामशिला में अवैध कब्जों को हटाते हुए ।

### राजनीति से प्रेरित होकर अमल में लाई कार्रवाई : रेणुका

उधर, भाजपा नेत्री रेणुका डोगरा ने इस कार्रवाई पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि यह राजनीति से प्रेरित होकर अमल में लाई गई है, जिसमें हमारे शांगरीबाग स्थित मकान और जमीन की बाउंड्री को भी नुकसान पहुंचाया गया है, जिसके चलते यह कार्रवाई पूरी तरह से कांग्रेस के नेताओं के इशारे पर की गई है। इस कार्रवाई को लेकर हमें न तो नोटिस दिया गया और न ही पूर्व सूचना दी गई थी।

> हाईकार्ट के आदेशानुसार फोरलेन किनारे से अस्थायी अवैध कब्जों को हटाने को लेकर मुहिम शुरू की गई है। कब्जा करने वाले लोगों को नोटिस देकर कब्जा हटाने के लिए कहा था। कब्जे न हटाने की सूरत में यह कार्रवाई अमल में लाई गई है। झीड़ी से लेकर मनाली तक कुल 163 स्थान चिन्हित किए गए हैं, जहां पर कब्जे हैं। कब्जा करने वालों के खिलाफ इस तरह की सख्ती जारी रहेगी।
>
> **विकास शुक्ला, एसडीएम कुल्लू।**

# यातायात के लिए मनाली-लेह मार्ग बहाल

## बारालाचा दर्रा मार्ग का एक लंबा हिस्सा बर्फ के कारण अभी वन-वे

**अनंत ज्ञान, केलांग**

सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण एवं देश का सबसे लंबा मनाली-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग आखिर छह महीने बाद वाहनों की आवाजाही के लिए बहाल हो गया है। हालांकि बारालाचा दर्रे में हालात सामान्य होने तक मार्ग एक तरफा वाहनों के लिए बहाल हुआ है। लाहौल-स्पीति प्रशासन ने मार्ग बहाली की अधिसूचना जारी कर दी है। 19 मई से मनाली-लेह सड़क मार्ग पर वाहनों की आवजाही शुरू होगी। दारचा से सरचू के लिए सुबह सात से दोपहर 12 बजे तक वाहन छोड़े जाएंगे। वाहनों को एक दिन सरचू और दूसरे दिन सरचू से दारचा की तरफ छोड़ा जाएगा। डीसी लाहौल-स्पीति ने बताया कि वर्तमान सड़क की स्थिति के कारण अगले आदेश तक दारचा से सरचू तक यातायात को वैकल्पिक दिवस के अनुरूप ही नियंत्रित कर वाहनों का संचालन किया जाएगा। बारालाचा दर्रा मार्ग का एक बड़ा हिस्सा बर्फ के कारण अभी वन-वे है, जिस कारण प्रत्येक तरफ से वैकल्पिक दिनों में वाहनों की आवाजाही की अनुमति दी जाएगी। 19 मई रविवार को वाहनों को दारचा से सरचू की ओर जाने की अनुमति होगी, जिसमें फोर वाई फोर वाहन, चेन वाले फोर वाई टू और भारी वाहन यानी ट्रकों को केवल सुबह 7 बजे से 12 बजे तक अनुमति दी जाएगी।



### समय सारिणी का सख्ती से करें पालन

डीसी ने वाहन चालकों से आग्रह किया कि इस समय सारिणी का सख्ती से पालन किया जाएगा, ताकि ट्रैफिक जाम न हो और किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। वाहनों की आवाजाही मौसम और सड़क की स्थिति पर निर्भर करेगी।

### साइकिल और छोटे वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित

फिलहाल बर्फीली सड़क की स्थिति के कारण मोटर साइकिल और छोटे फोर वाई टू वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित रहेगी। अगले दिन 20 मई को सरचू से दारचा-लाहौल की ओर से ही वाहनों की आवाजाही की अनुमति होगी। सुचारू रूप से यातायात प्रवाह सुनिश्चित करने व समन्वय तथा सहायता करने के लिए पुलिस कर्मी मौजूद रहेंगे।

# लाहौल-स्पीति में फुलगोभी की रोपाई का कार्य जारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

जिला लाहौल-स्पीति में इन दिनों जहां आलू की बिजाई अपने चरम पर पहुंच चुकी है। इसके साथ ही लाहौल में फुलगोभी की रोपाई का कार्य भी जोर पकड़ चुका है। हांलाकि लाहौल की बहुत से क्षेत्रों में रोपाई का कार्य खत्म हो चुका है, लेकिन सिस्सू ओर कोकसर के क्षेत्रों में लोग अब भी फुलगोभी की पनीरी की रोपाई खेतों में कर रहे हैं।

घाटी में पिछले दिनों मौसम का कुचक्र जिस तरह से हावी रहा, उससे सभी क्षेत्रों में बिजाई और रोपाई का कार्य विलंब से शुरू हुआ है। लाहौल और जिला कुल्लू की घाटी में नेपालियों मजदूर ही अब तक सेब, आलू और अन्य सब्जियों का उत्पादन कर दोनों जिलों की आर्थिकी को सुदृढ़ करने में मशक्त कर रहे हैं। नेपाली मूल के ये मजदूर अगर कुल्लू और लाहौल में न आए तो कुल्लू का सेब ओर लाहौल का आलू, गोभी और अन्य सब्जियां सब्जी मंडियों तक नहीं पहुंच पाती। किंतु कुछ वर्षों से ऐसा भी देखने को मिल रहा है कि बहुत से नेपाली जो कभी मजदूरी करने आते थे, मगर आज वह लाहौल के लोगों के खेतों को किराए पर लेकर सब्जी उत्पादक बन गए हैं। यहां पर यह नेपाली मूल के लोग पांच लाख से लेकर 50 लाख तक में भूमि को किराये पर ले रहे हैं। लाहौल में इस वक्त तकरीबन 90 प्रतिशत जमीन पर नेपाली लोग खेती कर रहे हैं। इसी तरह से कुल्लू घाटी में यही हाल हो चुका है और अब नेपाली मजदूर की सेब की तुड़ान, स्प्रे व ढुलान कर इसे सब्जी मंडियों तक पहुंचाने का सभी कार्य कर रहे हैं। लाहौल घाटी में पहले आलू को ही मुख्य फसल के रूप में जाना जाता था, किंतु वक्त के साथ अब लोगों ने कैश क्रॉप के लिए फुलगोभी व एग्जोटिक वैजिटेबल में ब्रोकली, आईस बर्ग व मटर की खेती कर रहे हैं।

कोकसर में फुलगोभी व आलु उत्पादक इंद्र थापा, चंदन, तारा, सुमन ओर राम बहादुर ने बताया कि वह इस क्षेत्र में पिछले आठ सालों से सब्जी व **आलू** का उत्पादन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि अब वह फुलगोभी की ओर अग्रसर हैं क्योंकि इसका स्पॉट पर कैश मिलता है। लाहौल की फुलगोभी का रेट अधिकतम 45 रुपए प्रति किलो रहता और मटर का रेट भी 100 से 120 रुपए प्रति किलो बिकता है।



लाहौल में आलू और गोभी की रोपाई के बाद खेत कुछ इस तरह से दिखने लगे हैं।

### तीसरी सांस्कृतिक संध्या में पहाड़ी गीतों का दर्शकों ने उठाया लुत्फ

# कुशल व नीरू के गानों पर नाचा बंजार

**शीला कौल, बंजार**

जिला स्तरीय बंजार मेले की तीसरी सांस्कृतिक संध्या कुशल वर्मा, नीरू चांदनी व प्रदीप शर्मा के नाम रही।

इस संध्या के मुख्यातिथि डीएसपी बंजार शेर सिंह ठाकुर व अधिशाषी अभियंता लोनिवि बंजार विनय हाजरी बंजार, रामलाल ठाकुर सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग रहे। मेला कमेटी के सदस्यों ने उनका स्मृति चिन्ह और टोपी पहनाकर स्वागत किया। तीसरी सांस्कृतिक संध्या में कई कलाकारों ने बेहतरीन गीत गाकर उपस्थित लोगों का मनोरंजन किया। वहीं, तीसरी सांस्कृतिक संध्या का कार्यक्रम का आगाज मोगली और निर्मल सोनी ने अपनी सुरीली आवाज से पहाड़ी तरानों को गाकर किया। इसके बाद रजनीश ठाकुर ने देवता श्रृंगा ऋषि का गीत गाया। इसी के साथ देवेंद्र ने पहाड़ी गीत गाकर उपस्थित श्रोताओं का मनोरंजन किया। उसके बाद खूब राम और मान चंद ने तेरे आए हो पाहुणे बेलोए और फिल्मी गीत गाकर लोगों का मनोरंजन किया। तत्पश्चात ज्ञान इना वडीयां जो तुड़का लाए हो, पहाड़ी गीत गाकर लोगों का मनोरंजन किया। तीसरी सांस्कृतिक संध्या के दूसरे स्टार कलाकार कुशल वर्मा और प्रदीप शर्मा ने रंग बरसे दो चार रेलमां रंग बरसे रोहड़ू जाना मेरी अमिया ए आए कोडके ये आए सराजी बोतला फूटी हाय रे नातिया बोतला फटी हो। इस मौके पर मेला कमेटी के अध्यक्ष कमलेश ठाकुर, उपाध्यक्ष इंद्रदेव शर्मा, देवता कमेटी पंचायत समिति तथा अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)



बंजार मेले की तीसरी सांस्कृतिक संध्या में लोकगायक कुशल वर्मा प्रस्तुति देते हुए।

# दिनेश बने छात्र संघ केंद्रीय विद्यालय के अध्यक्ष

**कुल्लू।** कुल्लू छात्र संघ केंद्रीय विद्यालय की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। शनिवार को कुल्लू छात्र संघ केंद्रीय विद्यालय की नई कार्यकारिणी के गठन के दौरान धर्मशाला कैंपस, देहरा कैंपस और शाहपुर कैंपस के सभी छात्र विशेष रूप से उपस्थित रहकर नई कार्यकारिणी के गठन की प्रक्रिया का हिस्सा बने। नई कार्यकारिणी का गठन रोहित ठाकुर के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान सर्वसम्मति से दिनेश ठाकुर को अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई, जबकि सचिव की जिम्मेदारी राहुल नागा को दी गई। इसके साथ ही उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी प्रशांत ठाकुर को दी गई और साथ ही तीनों परिसरों के तीन सदस्यों को सह सचिव का दायित्व सौंपा गया है। इसके साथ ही सभी छात्रों को विभिन्न प्रकार के दायित्व सौंपे गए हैं।

# 'एकल नाटक' में कैलसंग रहा प्रथम



**मनाली।** डीएवी पब्लिक स्कूल मनाली में शनिवार को प्रात: कालीन सभा में 'एकल नाटक' प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा छठी से लेकर नवीं के छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सभी छात्रों ने एक से बढ़कर एक अभिनय कर दर्शकों को खूब लुभाया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर आठवीं कक्षा का कैलसंग, द्वितीय स्थान पर आठवीं कक्षा का गौरव तथा तृतीय स्थान पर नवीं कक्षा की श्रीजा रही। स्कूल के प्रधानाचार्य आरएस राणा ने सभी प्रतिभागियों की प्रस्तुति की सराहना की तथा प्रत्येक गतिविधि में अपने आत्मविश्वास को बनाए रखने के लिए छात्रों को प्रोत्साहित किया। प्रधानाचार्य आरएस राणा ने प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पर रहे छात्रों को प्रमाण पत्र तथा उपहार देकर सम्मानित किया।

# लरी से शुरू हुई ब्लू शिप की जनगणना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा**

जिला लाहौल-स्पीति के वन्य प्राणी मंडल स्पीति के फील्ड स्टाफ और एनसीएफ के स्टाफ ने ब्लू शिप और हिमालयन आईबेक्स की संख्या गिनती का कार्य शुरू कर दिया है।

डीएफओ मानेद्र जावड़े ने कहा कि यह कार्य प्रति वर्ष किया जाता है, ताकि ब्लू शिप और आईबेक्स की संख्या का अनुमान लगाया जा सके और इन प्रजातियों के संवर्धन के लिए योजना बनाई जा सके। इस वर्ष इन वन्य प्रजातियों की संख्या गणना पूरे स्पीती घाटी में की जाएगी और इस गणना में स्थानिक लोगों को भी शामिल किया जाएगा। यह गणना 15 दिनों तक की जाएगी। ब्लू शिप (भरल) और हिमालयन आईबेक्स (तंगरोर) हिम तेंदुए के प्रमुख खाद्य हैं और हिम तेंदुए के संवर्धन के लिए इन दोनों प्रजातियों का अधिक तादाद में होना अति आवश्यक है। इन प्रजातियों की गणना डबल ऑब्जर्वर सर्वे के माध्यम से की जाती है, जिसमें 2 निरीक्षक एक साथ वन्य प्राणियों की गणना करते हैं और कोई भी निरीक्षक दूसरे को प्राणियों के स्थान के बारे में नहीं बताता।



लरी में ब्लू शिप (भरल) और आईबेक्स (तंगरोर) की जनगणना करते हुए टीम।

# कुल्लू में कोई व्यक्ति हाथ से मैला उठाने के कार्य में शामिल नहीं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

**15 दिन के भीतर दर्ज करवा सकते हैं अपनी आपत्ति : डीसी**

डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश ने कहा है कि सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार व हाथ से मैला उठाने वाले कार्मिकों के नियोजन का प्रतिषेध और उनका पुनर्वास अधिनियम के तहत कुल्लू में मैनुअल स्केवेंजरों का एक व्यापक सर्वेक्षण स्थानीय स्तर पर 15 से 14 अप्रैल तक करवाया गया।

कुल्लू में कोई भी व्यक्ति हाथ से मैला उठाने के कार्य में शामिल नहीं पाया गया और न ही कोई अस्वच्छ या शुष्क शौचालय पाया गया। कुल्लू के लोगों से आग्रह किया है कि इस सर्वेक्षण के बारे में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस नोटिस के जारी होने के 15 दिन के भीतर अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकते हैं यदि 15 दिन के भीतर कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती है, तो कुल्लू को हाथ से मैला उठाने के कार्य में मुक्त घोषित कर दिया जाएगा।




# रफ्तार बने जिला भाजपा उपाध्यक्ष

**कुल्लू।** जिला भाजपा कुल्लू ने अपनी कार्यकारिणी का विस्तार किया है। इसी कड़ी में भाजपा आनी मंडल और जिला भाजपा के विभिन्न पदों पर कार्य करने वाले आनी भाजपा मंडल से संबंध रखने वाले वरिष्ठ भाजपा नेता रफ्तार ठाकुर को जिला भाजपा अध्यक्ष अरविंद चंदेल ने प्रदेश शीर्ष नेतृत्व से विचार-विमर्श करने के उपरांत जिला भाजपा उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। जिला भाजपा अध्यक्ष अरविंद चंदेल ने बताया कि यह नियुक्ति तुरन्त प्रभाव से लागू होगी।उन्होंने बताया कि रफ्तार ठाकुर की नियुक्ति से भाजपा संगठन को मजबूती मिलेगी।

# पूजा ने गीतों से किया मनोरंजन

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**

रूपी वैली छात्र संगठन ने धूमधाम के साथ अपना वार्षिक समारोह मनाया। शनिवार को कुल्लू के ढालपुर में स्थित लाल चंद प्रार्थी कलाकेंद्र में रूपी वैली छात्र संगठन ने वार्षिक समारोह मनाया।

रूपी वैली के वार्षिक समारोह में बतौर मुख्यातिथि ब्लॉक एलिमेंट्री एजुकेशन ऑफिसर डीआर आनंद उपस्थित रहे। साथ ही दा ग्रेट हिमालयन विलेज कसोल के एमडी अमन सिंह सूद विशेष अतिथि के रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती वंदना के साथ की गई। इसके बाद समारोह में उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत रूपी वैली छात्र संगठन के पदाधिकारियों ने कुल्लवी परंपरा के अनुसार टोपी ओर शॉल पहनाकर किया। इसके बाद रूपी वैली छात्र संगठन के समारोह की शोभा बढ़ाने के लिए कई रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस दौरान साधली ठाकुर ने डायनामिक ग्रुप (इंडो वेस्टर्न), कुल्लवी नाटी, अस्मिता और निशा की जोड़ी नृत्य, कशिश ने एकल नृत्य, कुणाल कौशल, सान्या और मैथेली की जोड़ी, शैला ने सोलो, सुरेश/सरताज ने अपनी गायकी से सबको प्रभावित किया। इसके साथ ही आस्था और अंशिका की जोड़ी ने अपनी प्रस्तुति दी। इसके बाद हिमाचल प्रदेश के लोकगायक सोहन सागर और पूजा आर्या ने अपने गीतों से सभी का भरपूर मनोरंजन किया। (अनंत ज्ञान)



रूपी वैली छात्र संगठन के वार्षिक समारोह में नाटी पेश करते कलाकार।

# स्कूल प्रबंधन समिति ने की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

परी एंजल स्कूल लरांकेलो स्कूल प्रबंधन समिति की इस वर्ष की पहली बैठक का आयोजन शनिवार को स्कूल में किया गया।

इस दौरान स्कूल प्रबंधन समिति की बैठक में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विभिन्न मुद्दों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक में स्कूल के अध्यक्ष नरेश चौधरी और उपाध्यक्ष गंगा देवी भी उपस्थित रहीं। बैठक के दौरान पिकनिक, शैक्षणिक भ्रमण, परीक्षा, हॉस्टल की सुविधा, गतिविधियों पर आधारित शिक्षा और खेलकूद के बारे में विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सदस्य और स्कूल के प्रधानाचार्य व शिक्षक भी उपस्थित रहे।






**वाकयुद्ध** कांग्रेस व सीपीआईएम की संयुक्त प्रेस वार्ता, दोनों दलों के नेता केंद्र सरकार पर बरसे

# केंद्र व पूर्व प्रदेश सरकार ने कुल्लू के साथ किया भेदभाव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

कुल्लू जिला कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष सेस राम आजाद, सीपीआईएम के मंडी संसदीय क्षेत्र के प्रभारी प्रेम गौतम ने कहा है कि केंद्र सरकार व पूर्व की प्रदेश सरकार ने कुल्लू जिले के साथ भेदभाव किया है।

शनिवार को कुल्लू के ढालपुर स्थित प्रेस क्लब सभागार में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कुल्लू जिला कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष सेस राम आजाद, सीपीआईएम के मंडी संसदीय क्षेत्र के प्रभारी प्रेम गौतम ने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने कुल्लू जिले के लिए मेडिकल कॉलेज नहीं दिलवा पाए हैं, जबकि जेपी नड्डा केंद्र में स्वास्थ्य मंत्री भी रहे। वहीं, संस्कृत क्षेत्र में भी केंद्र सरकार ने कोई विकास नहीं किया है। इस अवसर पर उन्होंने कुल्लू जिले से ताल्लुक रखने वाले पूर्व मंत्री गोविंद ठाकुर भी कुल्लू को मेडिकल कॉलेज दिलवाने में नाकाम रहे। केंद्र में भाजपा की सरकार 2014 से लेकर 24 तक रही, लेकिन 2010 में कांग्रेस सरकार द्वारा केंद्र को भेजा गया ब्यास नदी के तटीकरण का प्रोजेक्ट पास नहीं कर पाए हैं, जबकि उस समय इस प्रोजेक्ट की लागत 700 करोड रुपए थी, जो बढ़कर पहले 14 करोड रुपए पहुंची और अब 2000 करोड़ से भी अधिक हो गई है। अगर केंद्र सरकार ने इस प्रोजेक्ट को पहले मंजूर किया होता, तो 2023 में आने वाली बाहर से ब्यास नदी इतना नुकसान न पहुंच पाती।




कुल्लू जिला कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष सेस राम आजाद, सीपीआईएम के मंडी संसदीय क्षेत्र के प्रभारी प्रेम गौतम प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए।

### भाजपा देश को बांटने वाली पार्टी

सीपीएम नेता प्रेम गौतम ने भाजपा पर आरोप लगाया है कि इस पार्टी ने एक सूत्रीय कार्यक्रम चला रखा है चंदा दो और धंधा लो के आधार पर कंपनियों को काम दिया जा रहा है, जबकि केंद्र सरकार ने जनता के हित में कोई योजनाएं नहीं चलाई हैं चाहे अग्निवीर योजना की बात हो वह युवाओं के साथ पूरी तरह खिलवाड़ करने वाली योजना है। भाजपा ने सिर्फ हिंदू मुसलमान, मंगलसूत्र की राजनीति की है। भाजपा देश को बांटने वाली पार्टी है, जिसे सत्ता से बाहर करना बहुत जरूरी हो गया है इसी बात को देखते हुए सीपीएम और कांग्रेस पार्टी सहित अन्य राजनीतिक दलों ने संगठित होकर काम करने का निर्णय लिया है।

# ब्यास में फंसे व्यक्ति को ट्रैक्टर से किया रेस्क्यू

**कुल्लू।** जिला कुल्लू के बजौरा में फ्लाईओवर के नीचे ब्यास नदी में फंसे एक व्यक्ति को ट्रैक्टर से रेस्क्यू किया गया।

व्यक्ति की पहचान आसिफ निवासी बजौरा, जिला कुल्लू के रूप में हुई है। घटना की सूचना पुलिस और अग्निशमन विभाग को दी कि एक व्यक्ति ब्यास में फंस गया है। इरफान निवासी बजौरा जिला कुल्लू ने पुलिस को बताया कि उसका भाई आसिफ ब्यास के किनारे लकड़ियां लाने गया था और इसी बीच वह नदी में फंस गया। स्थानीय लोगों की मदद से ट्रैक्टर की सहायता से उसे सुरक्षित निकाल लिया गया है।



# रबोन-आंजी के लोग मूलभूत सुविधाओं से वंचित

## सीवरेज और ड्रेनेज न होने से घरों में आ रही सीलन, ड्रेनेज की समस्या से बढ़ रहे आपसी विवाद

आर मोहन चौहान, सोलन

नगर निगम सोलन में विलय ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को निगम बनने के पौने तीन वर्ष बाद भी मूलभूत सुविधाओं को तरसना पड़ रहा है।

निगम में विलय वार्ड-16 के रबोन और आंजी में सीवरेज और ड्रेनेज की समस्या अधिक है।

इस बार अत्यधिक बारिश ने तो लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं इससे जहां घरों में बने सीवरेज के सेप्टिक टैंक लीक होकर अन्य घरों की तरफ लीक हो रहे हैं। इससे लोगों के घरों में सीलन की समस्या भी हो चुकी है। साथ ही ड्रेनेज की व्यवस्था नहीं होने से छतों से बहता बारिश का पानी पड़ोसियों के घरों को नुकसान पहुंचा रहा है, जबकि सड़कों में डाली छतों की डाउन पाइपों से बह रहा बारिश का पानी अन्य घरों के लिए खतरा बनता जा रहा है। ड्रेनेज की समस्या से लोगों के आपसी विवाद भी बढ़ गए हैं। (अनंत ज्ञान)

### बनाई जाएगी योजना



विलय किए गए क्षेत्रों में सड़कों और बिजली के बुनियादी ढांचे में सुधार किया जा रहा है। जल्द सीवरेज और ड्रेनेज की कारगर योजना बनाई जाएगी।
उषा शर्मा, महापौर नगर निगम सोलन।



नगर निगम में विलय ग्रामीण क्षेत्र।

### एक करोड़ की राशि की थी स्वीकृत

निगम के लिए अभी भी इन क्षेत्रों में घर-घर कचरा संग्रहण, नियमित जल आपूर्ति, पार्किंग क्षेत्र, पार्क और बेहतर सड़कें बनाना चुनौती बना हुआ है। यह तभी होगा जब क्षेत्रों के विकास को कोई बड़ी योजना बनेगी। 2020 में प्रत्येक नवनिर्मित नगर निगम को एक करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की गई थी। इस राशि का उपयोग विभिन्न कार्यों में किया जाता था, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में विकास के लिए कोई विशेष राशि निर्धारित नहीं की गई।

### विकास होना बाकी

नगर निगम बार-बार बजट न होने का आलाप करता, जबकि नए क्षेत्रों में विकास की गति को तेज करने की शर्त के साथ निकाय में विलय किया गया था। निगम में शामिल नए क्षेत्रों के विकास को वित्तीय वर्ष में करीब 2 करोड़ 80 लाख की राशि जारी की है पर अभी विकास होना बाकी है।

### बुनियादी ढांचे के सुधार को फंड नहीं

नगर निगम सोलन (एमसी) को अपग्रेड करने के लिए शहर से सटी आठ पंचायतों के कुछ क्षेत्रों को निगम में शामिल किया गया है पर यहां के नागरिक सुविधाओं में सुधार की प्रतीक्षा कर रहे हैं। अक्तूबर 2020 में सोलन नगर परिषद में विलय 8 पंचायतों की आबादी करीब 8,162 है। सूरतेहाल यह है कि आंजी, कोठो, चंबाघाट, सपरून, पड़ग, बसाल, सलोगड़ा और कथेड़ पंचायतों से अलग कर निगम में विलय किए गए क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। यहां तक कि विलय से पहले की तरह जलापूर्ति विभाग द्वारा जल आपूर्ति की व्यवस्था की जा रही है। लोक निर्माण विभाग अब सड़कों की मरम्मत नहीं कर रहा है, जबकि नगर निगम के पास बुनियादी ढांचे के सुधार को इतना फंड नहीं है।

## हिमाचल-हरियाणा को जोड़ने वाला पुल तैयार, 11 माह बाद फिर दौड़ेंगे वाहन

# बालद नदी पर नया पुल बनकर तैयार

अनंत ज्ञान, बीबीएन

हिमाचल-हरियाणा को जोड़ने वाला बालद नदी पर बना पुल रविवार दोपहर बाद सभी तरह के वाहनों के लिए खोल दिया जाएगा। लंबे अरसे के बाद पुल का निर्माण कार्य पूरा हुआ है, अब वाहन चालकों को नदी के रास्ते से नहीं आना-जाना पड़ेगा और जाम की समस्या से भी निजात मिल सकेगी। एनएचएआई व पटेल इंफ्रा कंपनी के अधिकारी रविवार दोपहर दो बजे पुल से वाहनों को हरी झंडी देकर शुरू करवाएंगे।

पिंजौर-नालागढ़ फोरलेन का निर्माण कर रही पटेल इंफ्रा कंपनी ने बीते वर्ष बरसात में बालद पुल के गिरने के बाद पुल का निर्माण कार्य शुरू किया था, जिसके बाद अस्थायी तौर पर वाहनों की आवाजाही के लिए एनएचएआई ने कंपनी के द्वारा अस्थायी कॉज-वे तैयार किया, ताकि वाहनों की आवाजाही को चलाया जा सके और कंपनी बालद नदी के पुल को तैयार करने में जुट गई थी। बीते वर्ष हुई बरसात में बालद नदी का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त होकर गिर गया था,



जिसके बाद एनएचएआई ने नदी के रास्ते अस्थायी मार्ग तैयार किया, लेकिन खड्ड से होकर रोजाना जाम की स्थिति पैदा होती थी और इंडस्ट्री की मूवमेंट सबसे अधिक प्रभावित होती थी, लेकिन अब वाहनों की आवाजाही प्रभावित नहीं होगी।

### आज दोपहर बाद होगा शुरू : सतेंद्र कुमार

पटेल इंफ्रा कंपनी के पिंजौर-नालागढ़ फोरलेन के प्रोजेक्ट मैनेजर सतेंद्र कुमार ने बताया कि रविवार दोपहर करीब 2 बजे के बाद पुल को सभी तरह से वाहनों के लिए खोल दिया जाएगा। वाहनों को नदी के रास्ते नहीं आना-जाना पड़ेगा और जाम से भी निजात मिलेगी। अब हरियाणा सीमा के मढांवाला पुल के निर्माण को भी तेजी से पूरा किया जाएगा।

### एनएचएआई का दावा पूरा

एनएचएआई ने बरसात से पहले मई तक बालद नदी पर बने पुल को शुरू करने का दावा किया था। एनएचएआई व पटेल इंफ्रा ने तय अवधि में पुल के निर्माण कार्य को पूरा कर दिया है। सबसे ज्यादा राहत सुबह व शाम को आवाजाही करने वाले वाहन चालकों को मिलेगी क्योंकि सुबह व शाम के समय रोजाना बालद नदी के अस्थायी मार्ग पर जाम लगता था।

## न्यूज ब्रीफ

### सीएम पंजैहरा में आज जनसभा को करेंगे संबोधित : बावा

**बीबीएन।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू रविवार को नालागढ़ के पंजैहरा में विशाल चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। इस दौरान शिमला संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी विनोद सुल्तानपुरी भी मौजूद रहेंगे। कांग्रेस के प्रदेश महासचिव हरदीप सिंह बावा ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू 19 मई को नालागढ़ के पंजैहरा में विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। हरदीप बावा ने बताया कि इस जनसभा में नालागढ़ हल्के के हर गांव व शहर से लोग पहुंचेंगे और केंद्र की जनविरोधी सरकार को उखाड़ फैंकने का संकल्प लेंगे। बावा ने कहा कि केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों से जनता तंग आ चुकी है और इस बार केंद्र में बदलाव के लिए वोट करेगी। प्रदेश में भाजपा ने सतारूढ़ कांग्रेस सरकार को अस्थिर करने के लिए जो खेल खेला है जनता उसका भी वोट की ताकत से लोकसभा व आगामी विस उपचुनावों में करारा जवाब देगी।

### शिक्षा में भी अव्वल इंडियाज बेस्ट ड्रामेबाज का सेमीफाइनलिस्ट



**सोलन।** सोलन के सोहम वर्मा ने बाल्य काल में ही अपनी अभिनय प्रतिभा का झंडा मुंबई में गाड़ दिया था। आठवीं की परीक्षा के बाद एक्टिंग से विश्राम लेकर पढ़ाई में मन लगाया और इस बार दसवीं की परीक्षा में 96.8 फीसदी अंक लेकर अपने स्कूल में तीसरा स्थान हासिल किया। सोहम सोलन के सेंट ल्यूक्स स्कूल का छात्र है और जितनी अच्छी वह एक्टिंग करता है, उतना ही होनहार छात्र भी है। सोहम पढ़ाई में भी हमेशा अव्वल रहता है। परिजनों को भी अपने लाड़ले पर नाज है। सोलन जैसे छोटे शहर से मुंबई का सफर इतना आसान नहीं था, लेकिन सोहम के हुनर ने उसे सुगम बना दिया। सोहम वर्मा छोटी स्क्रीन पर अपनी अभिनय प्रतिभा का लोहा मनवा चुके हैं। जीटीवी के तीसरे रियलिटी शो इंडियाज बेस्ट ड्रामेबाज में सोहम सेमीफाइनलिस्ट रहे थे।

### ओल्ड एज सोसायटी बुजुर्गों के लिए बनी वरदान

**सोलन।** ओल्ड एज हेल्पलाइन सोसायटी की मासिक बैठक अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह कंवर की अध्यक्षता में हुई। कंवर ने कहा कि ओल्ड एज हेल्पलाइन सोसायटी एक ऐसा संस्थान है, जो बुजुर्गों को एक सक्रिय, स्वस्थ और सम्मानित जीवन जीने में सहायता करती है। सोसायटी के माध्यम से बुजुर्गों को रोजमर्रा के जीवन में इस्तेमाल होने वाले तकनीकी के बारे में जागरूक किया गया। बैठक में सोसायटी की विभिन्न गतिविधियों पर सारगर्भित चर्चा की गई। इस अवसर पर हेल्पेज इंडिया संस्था के शिमला में निदेशक राकेश ठाकुर ने 'हेल्पेज इंडिया-वृद्धजनों के लिए डिजिटल सुरक्षा प्रशिक्षण गाइड' का वितरण भी किया।

### रानीताल बाग की सफाई कर दिया स्वच्छता का संदेश

**नाहन।** शहर के कार्मल कॉन्वेंट स्कूल के छात्रों ने ऐतिहासिक रानीताल बाग की सफाई की। स्कूल के 7वीं व 8वीं के छात्रों ने बैगलेस-डे पर इस सफाई अभियान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। पर्यावरण समिति के अध्यक्ष डॉ. सुरेश जोशी की अगुवाई में छात्रों ने रानीताल बाग के कोने-कोने की सफाई की। इस दौरान छात्रों ने बाग में जगह-जगह फैंके गए प्लास्टिक को बैगों में एकत्रित कर कूड़ेदान में डाला। साथ ही मंदिर के आसपास व कैफे में झाड़ू लगाकर गंदगी को साफ किया। सफाई अभियान के दौरान छात्रों का जोश देखते ही बन रहा था। पर्यावरण समिति के अध्यक्ष डॉ. सुरेश जोशी ने छात्रों को पानी, जंगल व पेड़-पौधों के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही सफाई अभियान को लेकर बच्चों को गाइड भी किया। छात्रों ने नाहन शहर हमारा है-प्राणों से भी प्यारा है, जन-जन का यही नारा, स्वच्छ रहे नाहन हमारा के नारे लगाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।

### बद्रिका आश्रम आरंभ करेगा निशुल्क बीसीए कोर्स

**राजगढ़।** बद्रिका आश्रम सिरमौर हिमाचल प्रदेश की गरीब छात्राओं को मुफ्त में बीसीए कोर्स करने के लिए एक अनूठी पहल की जा रही है, जिससे विशेषकर राजगढ़ क्षेत्र के युवाओं को घरद्वार पर यह सुविधा उपलब्ध होंगी। उन्होंने बताया कि राजगढ़ के समीप स्थित श्री बद्रिका आश्रम के द्वारा नवगुरुकुल और एटर्नल यूनिवर्सिटी के सहयोग से हिमाचल की छात्राओं के लिए शैक्षिक वर्ष 2024-25 से बीसीए प्रोग्राम आरंभ की जा रही है। यह कोर्स पूर्णतः वित्तपोषित होगा तथा जमा 2 पास मेधावी छात्राओं के लिए पूरी तरह से वरदान होगा। इस तीन वर्षीय आवासीय प्रोग्राम के दौरान विशेष आर्थिक आवश्यकताओं वाली छात्राओं को वर्तमान समय के बाजार की मांग के अनुसार रोजगारोंमुखी कोर्स निशुल्क करवाने की पेशकश की जा रही है, जिसमें जमा 2 (किसी भी विषय में) पास छात्राएं भाग ले सकती हैं। इस तीन वर्षीय आवासीय कोर्स में प्रवेश प्राप्त करने की इच्छुक छात्राओं के प्रवेश के समय अगले तीन वर्ष के लिए रजिस्ट्रेशन, यूनिफार्म परीक्षा शुल्क के तौर पर मात्र 23,500 रुपए का भुगतान करना होगा, तदपश्चात अगले तीन वर्ष तक छात्राओं से किसी प्रकार का कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा।

### बड़ू साहिब में धूमधाम से मनाया दीक्षांत समारोह

**राजगढ़।** आधुनिक एवं आध्यात्मिक शिक्षा के केंद्र कलगी धर ट्रस्ट बड़ू साहिब द्वारा संचालित कन्या इंटरनल विश्व विद्यालय बड़ू साहिब ने आज 11वां दीक्षांत समारोह पच्छाद विधानसभा क्षेत्र की शांत पहाड़ियों में बसे बड़ू साहिब में स्थापित विश्वविद्यालय के सुरम्य परिसर में धूमधाम से मनाया गया। इस समारोह में गणमान्य व्यक्तियों, सभी संकाय सदस्यों, उनके परिजनों व क्षेत्र के शिक्षाविदों ने भाग लिया। इस समारोह का शुभारंभ पारंपरिक वाद्ययंत्रों की धूनों के साथ हुआ। समारोह के दौरान, कुल 266 स्नातक, 54 स्नातकोत्तर और 4 पीएचडी छात्रों को डिग्री प्रदान की गई। यहां स्नातक, स्नातकोत्तर और पीएचडी कार्यक्रमों सहित विभिन्न विषयों में अपनी कड़ी मेहनत से अर्जित डिग्री प्राप्त की। अंशिका पंवर को बीएड में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए स्वर्ण पदक मिला।

## अर्की कॉलेज का निरीक्षण करने पहुंची टीम

# कॉलेज के डिनोटिफाई होने के खतरे पर जताई चिंता



अर्की कॉलेज का निरीक्षण करते अधिकारी।

अनंत ज्ञान, अर्की

विश्वविद्यालय से निरीक्षण दल अर्की कॉलेज का निरीक्षण करने पहुंचा, जिसमें प्रोफेसर ममता मोकटा, प्रोफेसर उषा रानी तथा डॉक्टर सिमरन घिल्डयाल मौजूद रहे।

इस दौरान अर्की कॉलेज ने पिछले दो वर्षों के शैक्षणिक सत्रों का ब्योरा प्रस्तुत किया। कॉलेज के बच्चों का पंजीकरण, विभिन्न क्लब्स के द्वारा करवाई गई गतिविधियां, यूनिवर्सिटी डेवलपमेंट फंड का विवरण, पिछली निरीक्षण की कंप्लायंस रिपोर्ट जैसे दस्तावेज इस दल के सामने प्रस्तुत किए गए। इसके बाद कॉलेज प्रशासन के साथ उन्होंने समस्याओं पर विस्तृत वार्तालाप किया। निरीक्षक दल ने भवन की कमी, कमरों की जर-जर हालत, पुस्तकालय के अभाव और भविष्य में कॉलेज के डिनोटिफाई होने के खतरे पर चिंता प्रकट की।

# स्वीप टीम ने बताया मतदान का महत्व



स्वीप टीम के अधिकारी लोगों को मतदान के लिए जागरूक करते हुए।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन

उपमंडलीय निर्वाचन कार्यालय पच्छाद ने विधानसभा क्षेत्र 55-पच्छाद के अंतर्गत सराहां विकास खंड के लिए गठित स्वीप टीम ने शनिवार को ग्राम पंचायत लाना बांका, बागथन तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक उत्कृष्ट विद्यालय ब्वॉयज सराहां में लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया।

प्रात: 11 बजे स्वीप टीम ने पंचायत घर लाना बांका में लोगों के लिए जागरूकता शिविर लगाया। तत्पश्चात 12:30 बजे पंचायत घर बागथन तथा 2:30 बजे राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक उत्कृष्ट विद्यालय सराहां में जागरूकता शिविर लगाया। स्वीप नोडल अधिकारी दिनेश कुमार तथा सहायक नोडल अधिकारी दिनेश शर्मा व सुरेश कमल ने लोगों व विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि हिमाचल में लोकसभा चुनाव के लिए 1 जून को मतदान होगा। मतदान का समय सुबह सात से शाम 5 बजे तक रहेगा। 85 वर्ष से अधिक आयु वाले मतदाता व दिव्यांग मतदाताओं के लिए निर्वाचन आयोग ने घर पर ही मतदान के लिए विशेष व्यवस्था की है। लोकतंत्र के महत्व को बताते हुए उन्होंने बताया कि सरकार बनाने का यह सबसे उत्तम माध्यम है इसलिए अधिक से अधिक संख्या में लोग वोट डालने के लिए निकलें और सशक्त सरकार का निर्माण करें। पंचायतों में शिविर के दौरान ग्राम पंचायत प्रधान, सचिव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा वर्कर्स तथा सिलाई अध्यापिकाएं के अतिरिक्त गांव के लोगों ने भी भागीदारी की। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक उत्कृष्ट विद्यालय सराहां में विद्यार्थियों व अध्यापकों ने भागीदारी की। तीनों जगहों के शिविरों में लगभग 300 लोगों ने भागीदारी की। शिविर के दौरान उपस्थित जनसमूह को मतदान गीत, ऑडियो क्लिप व मतदाता शपथ के माध्यम से जागरूक करने का प्रयास किया गया। इसके अतिरिक्त सेल्फी पॉइंट पर लोगों ने सेल्फियां भी खिंचवाई।

### ओडिशा में दौड़ स्पर्धा में नितिका ने जीता सिल्वर

**नाहन।** ओडिशा के भुवनेश्वर में हुई सीनियर नेशनल प्रतियोगिता में सिरमौर की बेटी नितिका शर्मा ने दौड़ स्पर्धा में सिल्वर मेडल जीता है।



सीनियर नेशनल दौड़ प्रतियोगिता में नितिका का यह पहला मेडल है। नितिका ने 1500 मीटर की दौड़ में भाग लिया। बता दें नितिका शर्मा हिमाचल प्रदेश के सिरमौर के गांव गुड्डी मानपुर की रहने वाली है। अब तक निकिता करीब एक दर्जन राष्ट्रीय स्तर के मेडल जीत चुकी है। बता दें कि बीते दिनों नितिका ने बेंगलुरु के साई एनएसएससी में प्रवेश पाया है, जहां पर वह नामी प्रशिक्षकों से तैयारी कर रही हैं।

# जागरूकता रैली से मतदान का दिया संदेश

अनंत ज्ञान, अर्की



अर्की स्कूल में मतदान को लेकर विशेष जागरूकता अभियान में हिस्सा लेते छात्र।

विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र अर्की की सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता (स्वीप) टीम ने एक जून को होने वाले लोकसभा चुनाव के मतदान को ध्यान में रखकर चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान के तहत शहीद कैप्टन विजयंत थापर राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला अर्की में विशेष जागरूकता अभियान चलाया।

स्वीप नोडल अधिकारी प्रो. यशपाल शर्मा और डॉ. हेमराज सूर्य ने बताया कि निर्वाचन विभाग अर्की मतदाता जागरूकता के लिए सतत प्रयास कर रहा है। उन्होंने अर्की क्षेत्र के सभी मतदाताओं से मतदान में भाग लेने की अपील की। इसके साथ ही छात्राओं ने जागरूकता रैली निकालकर नारे और पोस्टर द्वारा अभिभावकों, दुकानदारों और अपने आस-पड़ोस के मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया। स्वीप सहायक अधिकारी प्रो. योगेश कुमार ने जागरूकता गीत के माध्यम से मतदान का संदेश दिया। इस मौके पर स्कूल की प्रधानाचार्या बिमला वर्मा, ई एलसी प्रभारी कांशी राम, भारतेंदु भार्गव, एसएमसी प्रधान रोशन लाल वर्मा, बीएलओ शकील कुरैशी, मतदान केंद्र की बीएलओ राम प्यारी आदि उपस्थित रहीं।

### मतदान के लिए करेंगे जागरूक

**दाड़लाघाट।** राजकीय उच्च विद्यालय हनुमान बड़ोग में स्वीप अभियान के अंतर्गत एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता मुख्याध्यापक पीसी बद्दू ने की। कार्यक्रम समन्वयक पुष्पेंद्र शर्मा ने स्वीप की जानकारी साझा की तथा इसका उद्देश्य बताया। भारत का लोकतंत्र और मतदान विषय पर एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता सदनानुसार में करवाई गई, जिसमें उच्च विद्यालय के तीन सदन सावित्रीबाई फुले सदन, दादा अच्छू महाराज सदन और सरदार पटेल सदन के साथ प्राथमिक विद्यालय की एक टीम ने भाग लिया। सभी बच्चों ने इस में भाग लिया। सावित्री बाई फूले सदन प्रथम, पटेल सदन द्वितीय और प्राथमिक विद्यालय तीसरे स्थान पर रहे।

# ओल्ड स्टूडेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष बने चुन्नू, प्राची उपाध्यक्ष



रेणुका कॉलेज में ओल्ड स्टूडेंट्स एसोसिएशन की अस्थायी कार्यकारिणी के गठन पर मौजूद सदस्य।

अनंत ज्ञान, रेणुका जी

राजकीय महाविद्यालय रेणुका में ओल्ड स्टूडेंट्स एसोसिएशन ने अस्थायी कार्यकारिणी का गठन किया, जिसकी अध्यक्षता कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. पवन कुमार ने की।

इस कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया, जिसमें ओल्ड स्टूडेंट्स एसोसिएशन का अध्यक्ष चुन्नू, उपाध्यक्ष प्राची शर्मा, सचिव आकृतिका, अंजलि को सह-सचिव और मोनिका को कोषाध्यक्ष चुना गया। कॉलेज के प्राचार्य ने अस्थायी ओल्ड स्टूडेंट्स एसोसिएशन के नवनिर्वाचित सदस्यों को बधाई दी। इस अवसर पर प्रो. नीलम कुमारी, प्रो. दिनेश कुमार, प्रो. रमेश कुमार, सुरमया गुसाई, प्रो. बबीता मेहता तथा लिपिक सुरेंद्र कुमार उपस्थित रहे।

# तारुवाला स्कूल के स्टूडेंट्स ने यमुना रिवरफ्रंट नेचर पार्क का किया दौरा



तारुवाला स्कूल के स्टूडेंट्स रिवरफ्रंट नेचर-वन विहार में भ्रमण करते।

अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब

तारुवाला स्कूल के 30 छात्रों ने वन विभाग के अधिकारियों के साथ रिवरफ्रंट नेचर-वन विहार का दौरा कर प्रकृति संरक्षण की बारिकियां जानी।

हरित भविष्य की ओर प्रवाहित होना, यमुना धरोहर, यमुना एक योद्धा और पर्यावरण संरक्षण के तहत बच्चों को भविष्य में सशक्त बनाने के लिए वन विभाग द्वारा यह पहल की गई है, जिसके अंतर्गत स्कूली बच्चों पर लक्षित एक जागरूकता कार्यक्रम यमुना हमारी धरोहर के रूप में प्रस्तावित है। पांवटा साहिब में वन विभाग यमुना नदी के पास बंजार भूमि और डंपिंग यार्ड की बहाली की दिशा में सचेत प्रयास कर रहा है। यमुना नदी उत्तरी भारत की जीवन रेखा है और गंगा नदी की सबसे बड़ी सहायक नदी है, जो उत्तराखंड में हिमालय से निकलने के बाद पांवटा साहिब से होकर गुजरती है।

### मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

**सोलन।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी सोलन मनमोहन शर्मा तथा पुलिस अधीक्षक गौरव सिंह ने विभिन्न क्रिटिकल मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया और लोगों को विशेष तौर पर कमजोर वर्गों से संबंधित मतदाताओं को उनके मताधिकारी के प्रति जागरूक किया।

उन्होंने कसौली विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धर्मपुर में स्थापित स्ट्रांग रूम का औचक निरीक्षण किया तथा वहां सुरक्षा उपायों सहित विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसके उपरांत उन्होंने कमजोर वर्गों सहित अन्य लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया।

# लोगों से मतदान करने का किया आग्रह

अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन





एमआरए डीएवी पब्लिक स्कूल सोलन में मतदान जागरूकता का संदेश देते बच्चे।

सुव्यवस्थित मतदाता जागरूकता एवं निर्वाचक शिक्षा (स्वीप) कार्यक्रम के अंतर्गत निर्वाचन विभाग की टीम द्वारा एमआरए डीएवी पब्लिक स्कूल सोलन में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता उपनिदेशक (उच्चतर शिक्षा) सोलन डॉ. जगदीश चंद नेगी ने की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पात्र मतदाता का मत लोकतंत्र को मजबूत करने में सहायक बनता है। उन्होंने सभी पात्र मतदाताओं से मतदान करने का आग्रह किया। उन्होंने भारत चुनाव आयोग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न गतिविधियों जैसे मतदाताओं के पंजीकरण की प्रक्रिया, आम मतदाता, पात्र दिव्यांगजनों और 85 वर्ष से अधिक के आयु के मतदाताओं को पोलिंग बूथ पर दी जाने वाली विशेष सुविधाओं आदि के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर नोडल अधिकारी स्वीप डॉ. बीएन कमल द्वारा 1951 से लेकर आज तक के हुए निर्वाचन पर प्रकाश डाला। स्कूल की प्रधानाचार्य द्वारा निर्वाचन विभाग की टीम का स्वागत व धन्यवाद किया गया तथा उन्होंने आश्वासन दिया कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पूर्ण प्रयास करेंगे। इस अवसर पर नोडल अधिकारी स्वीप हेमेंद्र शर्मा, एमआरए डीएवी स्कूल का समस्त स्टाफ, अध्यापक-अभिभावक संघ के सदस्य व लगभग 300 विद्यार्थी उपस्थित थे।

**दावानल** 1 लाख 39 हजार हेक्टेयर में से इस बार केवल 38 हेक्टेयर क्षेत्र में ही सामने आई आग की घटनाएं

# सिरमौर का वन विभाग वन संपदा को बचाने में रहा सफल

अनंत ज्ञान, नाहन

फायर सीजन में जिला सिरमौर वन विभाग की नई रणनीति और कर्मचारियों का हाई अलर्ट इस बार वन संपदा को आग से बचाने में कामयाब हुआ है। 1 लाख 39 हजार हेक्टेयर वन क्षेत्र में से केवल 38 हेक्टेयर जंगल आग की भेंट चढ़ा है।

बड़ी बात तो यह है कि डीप फॉरेस्ट की जगह ऐसा फॉरेस्ट एरिया आग की भेंट चढ़ा है, जो सड़क अथवा गांव के साथ सटा हुआ था। इसमें बड़ी वजह आते-जाते वाहन चालकों के द्वारा बिना भुजाई हुई बीड़ी अथवा सिगरेट और शादी के दौरान हवाई आतिशबाजी कारण बनी है।

जारी समर सीजन में वन वृत्त नाहन के द्वारा जंगल की आग की 20 घटनाएं दर्ज हुई हैं, जिसके अंतर्गत 38 हेक्टेयर वन क्षेत्र आया है। विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार 95 फायर वॉर्चर्स सहित तमाम वन अधिकारी हाई अलर्ट पर हैं। विभाग के द्वारा सभी कर्मचारियों की छुट्टियां भी रद्द कर दी गई हैं। बीते वर्ष समर और विंटर सीजन में 659 जंगल की आग की घटनाएं हुई थीं, जिसमें गर्मियों में 95 तथा सर्दियों में 564 अग्निकांड की घटनाएं हुई थी।

### सैटेलाइट से पकड़ा जाएगा आग लगाने वाला

वन विभाग मौजूदा समय पूरी तरह से ही हाइटेक टेक्नोलॉजी से जुड़ चुका है। सैटेलाइट सेंसर सिस्टम के अंतर्गत फॉरेस्ट इंटेलिजेंस रिपोर्ट इंजन यानी एफआईआरई ने एक ऐसा खोजा सिस्टम है, जो आग से पहले धुंआ दिखते ही संबंधित बीट के वन अधिकारी को सूचित कर देगा। यही नहीं सैटेलाइट सर्च सिस्टम में आग लगने वाला अपराधी भी वन विभाग के रडार पर होगा।

### जिले में 216 वन बीट

**सिरमौर** वन विभाग के द्वारा फायर सीजन को देखते हुए 37 क्रॉस फायर क्षेत्र तैयार किए गए हैं। विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार, जिले में 216 वन बीट हैं, जिसमें 140 सेंसिटिव बीट मानी गई हैं। विभाग के द्वारा सेंसिटिव क्षेत्र में 24 घंटे सातों दिन नजर बनाई जा रही है।

### महत्वपूर्ण योगदान दें

खबर की पुष्टि नाहन वृत्त फॉरेस्ट कंजर्वेटर वसंत किरण बाबू के द्वारा की गई है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि वनों को आग से बचने के लिए वह अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। उन्होंने सड़क अथवा गांव के आसपास क्षेत्र में धूम्रपान करने वालों से भी अपील करते हुए कहा कि वह बीड़ी अथवा सिगरेट को पूरी तरह बुझाकर ही फेंकें। शादी अथवा उत्सव में हवाई आतिशबाजी से परहेज करें।

### खेल छात्रावास के लिए हितेश का चयन

**सोलन।** सोलन क्षेत्र के चंडी गांव के रहने वाले हितेश ठाकुर का चयन खेल छात्रावास पपरोला (बास्केटबॉल) के लिए हुआ।



हितेश की इस उपलब्धि पर माता-पिता व क्षेत्र के लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई।

मूलत: चंडी गांव के रहने वाले हितेश ललित मोहन ठाकुर व पूनम ठाकुर के पुत्र हैं, अभी तक हितेश स्थानीय स्कूल टैगोर वनस्थली वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल के छात्र हैं। इनका परीक्षण 4 में 2024 को पपरोला छात्रावास में ही हुआ।


अनंत ज्ञान
सुपर मॉल
डिस्प्ले क्लासिफाइड
छोटा विज्ञापन बड़ा व्यापार

फिक्स साइज

| Size | Rate |
|---|---|
| 3x4 cm | Rs. 300 |
| 4x4 cm | Rs. 400 |
| 5x4 cm | Rs. 500 |

विज्ञापन के लिए संपर्क करें
शिमला : 94180-00783 कुल्लू : 97360-75360 बिलासपुर : 82191-97014
सोलन : 70187-16514 हमीरपुर : 94180-03422 धर्मशाला : 70188-16794
मंडी : 94189-80288 ऊना : 98163-96500 चंबा : 94186-03787

# राजेंद्र गर्ग ने किया डोर-टू-डोर प्रचार

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी अनुराग ठाकुर के पक्ष में पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग लगातार फील्ड में जुटे हैं। गर्ग ने घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र की अधिकांश पंचायतों का दौरा कर जहां नुक्कड़ सभाओं को संबोधित किया।

वहीं डोर-टू-डोर जाकर लोगों को केंद्र की मोदी सरकार की उपलब्धियों तथा जनकल्याण कारी नीतियों से अवगत करवाया। पूर्व मंत्री ने कोठी, लंझता, अमरपुर, सेऊ, कसारू, दधोल, हटवाड़, गाहर, करलोटी, कपाहड़ा, पलासला, पपलाह व दाबला सहित अन्य पंचायतों के गांवों में जाकर चुनाव प्रचार किया। इस दौरान करीब तीन दर्जन से अधिक परिवारों ने भाजपा का दामन थामा।


प्रचार के दौरान राजेंद्र गर्ग के साथ मौजूद कार्यकर्ता।

### कांग्रेस को लिया आड़े हाथ

**गर्ग** ने कहा कि सेवा, सुशासन गरीब कल्याण भाजपा की पहचान है। दूसरी ओर विपक्ष की पहचान भयए भ्रम और भ्रष्टाचार है। यूपीए का नाम इंडी गठबंधन रख लेने से जनता के बीच उनका चेहरा नहीं बदला है। उन्होंने कहा कि अपनी झूठी गारंटियों से माताओं बहनों, किसानों, गरीबों और एससी, एसटी, ओबीसी को ठगने के बाद अब कांग्रेस हमारे संतानों को भी ठगने की प्लानिंग कर रही है। एक ओर यह ठग हैं और दूसरी ओर मोदी जी हैं जिन्होंने जो कहा, सो किया। भाजपा गारंटी के पूरे होने की गारंटी है इसीलिए भारतीय जनता पार्टी पूर्ण बहुमत के साथ तीसरी बार मोदी के नेतृत्व में एक मजबूत सरकार बनाएगी।

# 25 मई को बिलासपुर पहुंचेगी आंध्र प्रदेश की पुलिस फोर्स

## लोकसभा चुनाव को लेकर एक हजार पुलिस व होमगार्ड जवान जिले के विभिन्न स्थानों पर किए जाएंगे तैनात

**शुभम राही, बिलासपुर**

25 मई को आंध्रप्रदेश पुलिस फोर्स के एक हजार जवान बिलासपुर पहुंचने जा रहे हैं। लोकसभा चुनावों के चलते सुरक्षा व शांतिपूर्व तरीके से चुनाव हो, इसके लिए यह फोर्स बिलासपुर पहुंच रही है।

इस फोर्स के रहने और उनको उनकी जिम्मेदारी सौंपने के लिए बिलासपुर पुलिस पूरी तरह से तैयार हो गई है और इसके लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा डीएसपी मुख्यालय को बतौर नोडल अधिकारी भी नियुक्त कर दिया गया है। पहली मई को प्रदेश में होने जा रहे लोकसभा चुनावों के चलते फोर्स जिला के विभिन्न स्थानों पर तैनात रहेगी। जिला की प्रत्येक गतिविधि और वोटिंग एरिया में तैनात रहेगी। खबर की पुष्टि करते हुए बिलासपुर एसपी विवेक चहल ने बताया कि 25 मई को बिलासपुर में आंध्रप्रदेश की फोर्स पहुंच रही है और 26 मई को वह बिलासपुर पुलिस को रिपोर्ट करेगी। इसके लिए पुलिस प्रशासन की पूरी तैयारियां हो चुकी है। लोकसभा चुनावों को शांतिपूर्व तरीके से करवाने के लिए पुलिस दल विशेष रूप से तैनात किया जा रहा है। वहीं, जिला के विभिन्न स्थानों पर पुलिस प्रशासन द्वारा प्रतिदिन नाके भी लगाए गए हैं। जहां पर आने जाने वाले प्रत्येक वाहनों की जांच की जा रही है। एसपी ने बताया कि आंध्रप्रदेश से आने वाली फोर्स में एक हजार के करीब जवान होंगे। यह जवान जिला के विभिन्न स्थानों पर तैनात रहेंगे। इसके लिए पुलिस ने पूरी प्लान तैयार कर लिया है। इसी के साथ उन्होंने यह भी बताया कि अभी उतराखंड में हुए चुनावों में बिलासपुर पुलिस व होमगार्ड के जवानों की भी ड्यूटी लगाई गई थी। इसमें पुलिस व होमगार्ड के जवानों ने बेहतर और शांतिपूर्व चुनाव करवाने में अपनी अहम भूमिका निभाई हैं। (अनंत ज्ञान)

### चुनावों को लेकर बिलासपुर पुलिस तैयार

**एसपी** बिलासपुर विवेक चहल ने कहा कि 25 मई को आंध्रप्रदेश से फोर्स बिलासपुर पहुंच रही है। डीएसपी मुख्यालय को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। पुलिस प्रशासन लोकसभा चुनावों को लेकर पूरी तरह से तैयार है।



### चौकसी बढ़ाई

**वहीं,** अवैध शराब और नशीले पदार्थों की तस्करी न हो इसके चलते बार्डर एरिया में बैरियर पर चैकसी बढ़ाई गई है। बिलासपुर जिला की बात करें तो यहां पर पंजाब के साथ लगता जिला है। प्रवेश द्वारों पर गाड़ियों को चैकिंग के बाद ही प्रवेश करने दिया जा रहा है। बिलासपुर में आने जाने वालों पर पुलिस की नजरें हैं। ऐसे में गड़ामोड़ और नयनादेवी क्षेत्र के साथ लगते कुछ एरिया में नाके लगाए हुए हैं। वहीं, बिलासपुर पुलिस ने अभी तक काफी मात्रा में अवैध शराब भी पकड़ी है।

## न्यूज ब्रीफ

### आज इन क्षेत्रों में बंद रहेगी बिजली

**रिकांगपिओ।** अधिशाषी अभियंता विद्युत उपमंडल रिकांगपिओ टशी नेगी ने कहा कि 22 के वी भोक्टू-रिकांगपिओ फीडर, 22 केवी भोक्टू-कल्पा फीडर, 22 केवी ओल्ड किन्नौर फीडर तथा 22 केवी न्यू किन्नौर फीडर में विद्युत लाइनों में मरम्मत कार्य के चलते रिकांगपिओ, कल्पा, कोठी, शुद्धारंग, युवारंगी, ब्रेलंगी, पांगी, बारंग, रली व पूर्वनी में 19 मई को प्रातः नौ से सायं पांच बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

### स्टेट आइकन जसप्रीत पाल पहुंचे नाको

**रिकांगपिओ।** राज्य निर्वाचन आयोग के स्टेट-आइकन एवं साइकिलिंग चैंपियन जसप्रीत पाल आज किन्नौर जिला के पूह विकास खंड की ग्राम पंचायत नाको पहुंचे। उन्होंने स्थानीय लोगों को भारतीय संविधान एवं लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए उन्हें मतदान के प्रति जागरूक किया। वहीं, इस दौरान उन्होंने देश के प्रथम मतदाता स्वर्गीय श्याम सरण नेगी के परिजनों से भेंट की और देश के प्रथम मतदाता को श्रृद्धांजलि अर्पित की।

### छात्रों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

**बिलासपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कोठीपुरा में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को जागरूक करने हेतु एक रैली का आयोजन किया गया। रैली की अध्यक्षता प्रधानाचार्या निर्मला ठाकुर ने की। उन्होंने रैली को हरी झंडी दिखा कर स्कूल प्रांगण से रवाना किया। यह रैली कोठीपुरा बाजार तक निकाली गई। रैली के दौरान विद्यार्थियों ने छोड़ो अपने सारे काम पहले चलो करें मतदान, भारत देश महान है करते सब मतदान है, प्रजातंत्र से नाता है भारत के मतदाता हैं, चुनाव आयोग का है आह्वान सबको करना है मतदान, सबका यह अरमान है करना अब मतदान है, मतदान हमारा अधिकार है इससे बनती सरकार है आदि नारे लगाएं।

### बिलासपुर कॉलेज में 21 मई को होगी कार्यशाला

**बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में नेक एक्रीडिटेशन प्रक्रिया के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन दिनांक 21 मई को किया जा रहा है। इस कार्यशाला के मुख्य वक्ता के तौर पर डॉ. रमेश ठाकुर (डायरेक्टर आइक्यूएसी एचपीयू शिमला ) शिरकत करेंगे। महाविद्यालय के कार्यकारी प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल ने बताया कि शिक्षण संस्थानों में शिक्षा की गुणवत्ता की जांच के लिए नेक कमेटी का गठन किया जाता है। इसमें महाविद्यालय बिलासपुर लीड कॉलेज के तौर पर और जिले के बाकी महाविद्यालय क्लस्टर कॉलेज के तौर पर शिरकत करेंगे। इस कार्यशाला का आयोजन महाविद्यालय बिलासपुर में सुबह 10:30 बजे शुरू किया जाएगा। इस कार्यशाला के अध्यक्ष डॉक्टर पीएस कटवाल रहेंगे। संयोजक डॉ. रितु शर्मा व आयोजन सचिव डॉक्टर विजय रहेंगे।

### स्टूडेंट ट्रेनिंग डेवलपमेंट प्रोग्राम का हुआ आगाज

**बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश बगदुर एसोसिएशन द्वारा जिला बिलासपुर मुख्यालय स्थित ब्रिज मार्शल अकादमी में राज्य स्तरीय बगदुर (मार्शल आर्ट ) रेफरी सेमिनार और स्टूडेंट ट्रेनिंग डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया गया। सेमिनार की अध्यक्षता हिमाचल प्रदेश बगदुर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष मृदुल शर्मा, राज्य महासचिव सराज अख्तर एवं टेक्निकल डायरेक्टर बृजलाल चौहान ने की। जबकि मुख्यातिथि के रूप में सर्वधर्म समभाव राष्ट्रीय मंच की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विभूति चौधरी ने शिरकत की। हिमाचली परंपरा अनुसार मृदुल शर्मा, सराज अख्तर एवं टेक्निकल डायरेक्टर बृजलाल चौहान ने मुख्यातिथि विभूति चौधरी को हिमाचली टोपी हिमाचली शॉल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। मुख्यातिथि सर्वधर्म समभाव राष्ट्रीय मंच के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विभूति चौधरी ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल जीवन में अनुशासन लाते हैं। यह निश्चित रूप से समर्पण और धैर्य के मूल्य सिखाता है। खेल लोगों को असफलता से निपटना भी सिखाते हैं।

### जीतराम कटवाल ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश

**झंडूता।** विकसित भारत संकल्प पदयात्रा के तहत शनिवार को झंडूता के धणी, पपलोआ व कुलज्यार पंचायतों में आयोजित कार्यक्रमों में जीतराम कटवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों के सपने पूरे करने का संकल्प लिया है। गरीब, दलित और वंचित लोग दशकों से कई तरह की समस्याओं से जूझ रहे थे। मोदी ने 10 वर्षों में उन समस्याओं का समाधान करके इन वर्गों को गरीबी और अन्याय के अंधेरे से निजात दिलाई है। उन्होंने कहा कि भाजपा अपने सहयोगी दलों के साथ 400 से अधिक सीटें जीतकर मोदी के नेतृत्व में फिर से सरकार बनाएगी।

### पेंशनर्स को एरियर देने पर जताया आभार

**सुन्नी।** हमाचल प्रदेश पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन यूनिट सुनी की कोर कमेटी की बैठक पेंशन कार्यालय सुनी में संगठन के अध्यक्ष रितुराज शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों व सदस्यों का अध्यक्ष द्वारा स्वागत किया गया और गत माह में हुई बैठक में पारित प्रस्ताव पर चर्चा हुई। बैठक में राज्य कार्यकारिणी का भी धन्यवाद किया गया। इसके सफल प्रयास से सभी पेंशन भोगियों को क्रमवध से एरियर मिला। संगठन ने हिमाचल प्रदेश सरकार का भी सभी पेंशनर्ज को एरियर देने के लिए धन्यवाद किया।

# सीएमओ के पास आई रिपोर्ट में मिलीं कई खामियां

## घुमारवीं अस्पताल में वरिष्ठ नागरिक के इलाज न करने की सीएमओ को मिली थी शिकायत

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**

अनंत ज्ञान फॉलोअप

नागरिक अस्पताल घुमारवीं में बीते 24 अप्रैल को अस्पताल में कार्यरत स्वास्थ्य कर्मचारियों द्वारा वरिष्ठ नागरिक का इलाज करने से इंकार किए जाने की शिकायत पर बिठाई गई जांच कमेटी द्वारा उच्च अधिकारियों के समक्ष पेश की गई और जांच रिपोर्ट में कई खामियां पाई गई है।

इसके बाद अस्पताल द्वारा इस मामले पर गठित की गई कमेटी की कार्यप्रणाली पर ही सवालिया निशान लग गया है। जांच रिपोर्ट में खामियां पाई जाने के बाद उच्च अधिकारियों द्वारा रिपोर्ट को दोबारा बनाकर देने के लिए घुमारवीं अस्पताल वापस भेजा गया है।


फाइल फोटो

शिकायतकर्ता उपमंडल घुमारवीं की ग्राम पंचायत तकरेड़ा के 71 वर्षीय वरिष्ठ नागरिक जगदीश ने वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी घुमारवीं को दी गई अपनी लिखित शिकायत में बताया था कि 24 अप्रैल सुबह करीब 6:00 बजे वह अपने घर से खेतों में घास काटने गया तो वहां घास काटते हुए दराती से उसकी उंगली कट गई। अपनी कटी उंगली का इलाज करवाने सुबह 7:00 बजे सिविल अस्पताल घुमारवीं में पहुंचे थे। अस्पताल पहुंचने के बाद वह तुरंत आपात ड्यूटी रुम में पहुंचे जहां पर कुछ महिला स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थी। उन्होंने वहां पर मौजूद स्वास्थ्य कर्मी से पर्ची बनाकर उनका इलाज करने का आग्रह किया। लेकिन वहां पर मौजूद कर्मियों द्वारा इलाज करने से इंकार कर उन्हें 9:30 बजे के बाद अस्पताल आने का फरमान जारी कर दिया गया। शिकायतकर्ता का आरोप था कि इसके बाद वह अपने घर वापस आ गए तथा घर के नजदीक बने हेल्थ सेंटर पहुंचे। लेकिन वहां पर भी दोपहर 11:00 तक ताला लटका हुआ था तथा कोई भी स्वस्थ्य कर्मी हेल्थ सेंटर में मौजूद नहीं था। जिसके बाद वह अपनी कटी उंगली को लेकर शाम को करीब 3:00 बजे दोबारा हेल्थ सेंटर पहुंचे तो वहां फिर ताला पाया गया इसके बाद वह शाम को सिविल अस्पताल घुमारवीं पहुंचे तब जाकर उनका इलाज संभव हो पाया। (अनंत ज्ञान)

### घुमारवीं अस्पताल प्रबंधन पर उठ रहे सवाल

### रिपोर्ट को दोबारा बनाने के दिए आदेश

**शिकायतकर्ता** ने अपनी लिखित शिकायत में सारे मामले की जांच की मांग करते हुए स्वस्थ कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। लिखित शिकायत मिलने के बाद वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी घुमारवीं द्वारा इस मामले में एक जांच कमेटी बनाकर पूरे मामले की जांच निष्पक्षता से करवाने की बात कही गई थी। लेकिन ऐसा लगता है कि अस्पताल प्रबंधन द्वारा अपनी कमियों को छुपाने के लिए आधी-अधूरी रिपोर्ट बनाकर उच्च अधिकारियों को भेजी गई थी। इसके बाद उच्च अधिकारियों द्वारा रिपोर्ट को वापस कर दोबारा बना कर देने के आदेश जारी किए हैं।

> जांच रिपोर्ट की कॉपी कार्यालय में पहुंची थी। लेकिन इस रिपोर्ट में कई कमियां पाई गई थी। इसके बाद इसे दोबारा घुमारवीं अस्पताल भेज कर दोबारा से जांच रिपोर्ट बना कर भेजने के आदेश जारी किए गए हैं।
>
> **-डॉ. प्रवीण चैधरी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, बिलासपुर।**

# बैरकोट के जंगल में भड़की आग

## जाइका और वन विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद बुझाई आग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में इन दिनों फायर सीजन यौवन पर है और हर रोज सौ से अधिक घटनाएं सामने आ रही है। फोरेस्ट सर्वे ऑफ इंडिया के फायर अलर्ट पोर्टल से सेटेलाइट के द्वारा आग लगने की घटनाएं चिन्हित हो रही हैं।


जंगल में आग बुझाते लोग।

जिला मंडी के बलद्वाड़ा फोरेस्ट रेंज के तहत बैरकोट जंगल में भीषण आग लगने की सूचना उस वक्त मिली जब शनिवार सुबह ग्राम वन विकास समिति सरोवा की बैठक चल रही थी। उसी वक्त वीएफडीएस के सभी सदस्य एक किलोमीटर पैदल चल कर मौके पर पहुंचे। जाइका वानिकी परियोजना और वन विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग बुझाने में सफलता हासिल की। वन मंडल सुकेत के तहत जाइका प्रोजेक्ट में सेवारत हिमाचल प्रदेश वन सेवा से सेवानिवृत्त अधिकारी वीपी पठानिया, एसएमएस सुकेत विजय कुमार, वीएफडीएस सरोवा के प्रधान रोशन लाल की टीम मौके पर पहुंची। टीम के सदस्यों ने बताया कि कई घंटों तक मशक्कत के बाद आग बुझाई। बता दें कि फायर सीजन के दौरान आग पर काबू पाने के लिए वन विभाग और जाइका प्रोजेक्ट की टीम हर वक्त मुस्तैद है।

### टीम की सराहना

**सीपीडी** जाइका समीर रस्तोगी ने जंगलों में आग पर काबू पाने के लिए जाइका और वन विभाग की टीम के कार्यों की सराहना की।




**बरठीं।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सलवाड़ में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए एक रैली का आयोजन किया गया। पाठशाला के बच्चों को बताया कि मतदान है सबकी जिम्मेदारी मतदान देना है अपना अधिकार, इसके लिए मत लो उपहार लोकतंत्र की सुनो पुकार, मत छोड़ना अपना अधिकार, जैसे नारों के माध्यम से मतदाताओं से तमाम कार्य छोड़कर मतदान करने का आह्वान किया।

# प्रदेश में कुल 57,11,969 मतदाता पंजीकृत : मनीष गर्ग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अनुमोदित कार्यक्रम के अनुसार राज्य के चारों संसदीय क्षेत्रों के लिए फोटोयुक्त मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्य पहली अप्रैल की अर्हता तिथि के आधार पर निर्वाचक पंजीकरण अधिकारियों द्वारा मतदाता सूची को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया को 14 मई को पूरा कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि 14 मई को मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के अनुसार प्रदेश में कुल 5711969 मतदाता पंजीकृत हैं, जो पांच जनवरी 2024 को किए गए अंतिम प्रकाशन से 89212 अधिक हैं।

उन्होंने कहा कि निर्वाचन विभाग द्वारा किए गए निरंतर प्रयासों के कारण 18-19 वर्ष आयु वर्ग के मतदाताओं में वर्ष 2019 की तुलना में 19285 की वृद्धि दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2019 में इस आयु वर्ग के 152390 मतदाता थे, जो वर्तमान में अब बढ़कर 171675 हो गए हैं। उन्होंने कहा कि कुल मतदाताओं की तुलना में इस आयु वर्ग के मतदाताओं की वर्ष 2019 में प्रतिशतता 2.8 थी, जबकि अब यह प्रतिशतता बढ़कर 3.10 हो गई है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2019 के कुल 5330154 मतदाताओं के मुकाबले अब 381815 मतदाताओं की बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जो इस समयावधि में 7.16 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। मनीष गर्ग ने कहा कि अब राज्य में कुल 5645579 सामान्य मतदाता हैं, जिनमें 2848326 पुरुष, 2797218 महिलाएं और 35 ट्रांसजेंडर मतदाताओं के अलावा 66390 सर्विस मतदाता भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2019 में दिव्यांगजन मतदाताओं की कुल संख्या 37852 थी, जो अब बढ़कर 57775 हो गई है, जिनमें 52.63 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है।

### लिंगानुपात बढ़कर 982 तक पहुंचा

**इस** अवधि के दौरान कुल मतदाताओं में दिव्यांगजन (पीडब्ल्यूडी) मतदाताओं की प्रतिशतता 0.71 प्रतिशत से बढ़कर 1.01 प्रतिशत हो गई है। उन्होंने कहा कि राज्य के कुल जनसंख्या लिंगानुपात के मुकाबले वर्ष 2019 में 976 की तुलना में मतदाताओं का लिंगानुपात 980 था, जो अब बढ़कर 982 हो गया है।

# हिमाचलियों को जकड़ रहा सिर व गर्दन का कैंसर

## हर साल आ रहे 2000 से अधिक नए मरीज; घबराएं नहीं, इलाज करवाएं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



कैंसर की बीमारी ने अब हिमाचलियों की चिंता बढ़ा दी है। ज्यादातर हिमाचलियों को सिर व गर्दन का कैंसर जक्कड़ रहा है। आपको यह जानकर हैरानी होगी की वातावरण दूषित व तंबाकू के सेवन करने से एक साल में 2000 हिमाचलियों को कैंसर हो रहा है। इनमें महिलाएं व पुरुष शामिल है।

पुरुषों में लंग कैंसर तो महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर अधिक हो रहा है। आईजीएमसी कैंसर अस्पताल शिमला में सिर और गर्दन के कैंसर के मरीज आ रहे है। 2020 में सिर और गर्दन में कैंसर के मरीज 405 आए। 2021 में इनकी संख्या बढ़कर 412 हो गई। 2022 में 450 नए मरीज सिर और गर्दन के कैंसर के आए। वहीं, 40 साल से नीचे वाली 30 प्रतिशत महिलाएं ब्रेस्ट कैंसर की शिकार हो रही है। डॉक्टर का कहना है की लोगों में जैसे ही इसके लक्षण दिखाई दे तो वह अस्पताल में आकर अपना उपचार करवाए। कैंसर का उपचार अस्पताल में है और लोग ज्यादा घबराएं नहीं। समय से इसका इलाज हो जाए तो यह संभव है। एक साल के अंदर लगभग 650 के करीब ब्रेस्ट कैंसर के मरीज आ जाते हैं। ब्रेस्ट कैंसर होने का मुख्य कारण जब किसी महिलाओं के स्तन की कोशिकाओं का विकास असामान्य रूप से हो जाता है, तो यह स्तन कैंसर का कारण बन सकता है और कुछ महिलाओं में स्तन कैंसर का कारण उनके शरीर में होने वाले हॉर्मोन बदलाव हो सकते हैं। वहीं स्तन कैंसर का प्रमुख करण जीवन शैली का अनियमित होना, जिसका बजन बहुत अधिक होता है, उसमें स्तन कैंसर होने की संभावना बढ़ जाती है, क्योंकि अधिक वजन ब्लड शुगर लेवल को प्रभावित कर सकता है। वहीं, बताया जा रहा है कि बीते एक साल के मुताबिक 25 प्रतिशत से अधिक महिलाओं में स्मोकिंग करने से कैंसर हुआ है।

### कितने प्रकार का होता है कैंसर

**शरीर** में कोशिकाओं के समूह की अनियंत्रित वृद्धि कैंसर है । जब ये कोशिकाएं टिश्यू को प्रभावित करती हैं, तो कैंसर शरीर के अन्य हिस्सों में फैल जाता है। कैंसर किसी भी उम्र में हो सकता है, लेकिन यदि कैंसर का सही समय पर पता न लगाया गया और उसका उपचार न हुआ तो इससे मौत का जोखिम बढ़ सकता है। कैंसर के सौ से भी अधिक रूप है। इनमें स्तन कैंसर, सर्वाइकल कैंसर, ब्रेन कैंसर, बोन कैंसर, ब्लैडर कैंसर, पेंक्रियाटिक कैंसर, प्रोस्टेट कैंसर, गर्भाशय कैंसर, किडनी कैंसर, लंग कैंसर, त्वचा कैंसर, स्टमक कैंसर, थायरॉड कैंसर, मुंह का कैंसर, गले का कैंसर इत्यादि।

### कैंसर के लक्षण

**कैंसर** कई तरह का होता है और हर कैंसर के होने के अलग-अलग कारण हैं, लेकिन कुछ मुख्य कारण ऐसे भी हैं, जिनसे कैंसर होने का खतरा किसी को भी हो सकता है। इनमें वजन बढ़ना या मोटापा अधिक शारीरिक सक्रियता ना होना, एल्कोहल और नशीले, पदार्थों का अधिक मात्रा में सेवन करना, कैंसर में पौष्टिक आहार न लेना, अपनी दिनचर्या में व्यायाम को शामिल न करना इत्यादि है। इसके अलावा कैंसर के अन्य कारण भी है। किसी गंभीर बीमारी के कारण भी आपको कैंसर हो सकता है।

### राष्ट्रीय संगोष्ठी में 60 विद्वानों ने लिया भाग

**शिमला।** भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान (आईआईएएस) में भारतीय विद्या एवं विकास शिक्षा और विकास का अन्वेषण विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का सफलतापूर्वक समापन हुआ। इस संगोष्ठी में भारत भर से लगभग 60 विद्वानों ने भाग लिया और पारंपरिक भारतीय ज्ञान प्रणालियों (भारतीय विद्या) तथा समकालीन विकास अवधारणाओं (विकास) के प्रतिच्छेदन पर गहन चर्चा की। यह कार्यक्रम 17 मई को दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ आरंभ हुआ। चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ के पूर्व कुलपति और संगोष्ठी के संयोजक प्रो. एनके तनेजा ने उद्घाटन भाषण दिया। राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान (एनआईईपीए) की कुलपति प्रो. शशिकला वंजारी ने मुख्य भाषण प्रस्तुत किया, जिसमें संगोष्ठी के उद्देश्यों को रेखांकित किया गया। आईआईएएस की शासी निकाय की अध्यक्ष प्रो. शशि प्रभा कुमार ने आभासी रूप से अध्यक्षीय भाषण दिया, जिसमें उन्होंने प्राचीन भारतीय शैक्षिक दर्शन की समग्र प्रकृति और आधुनिक चुनौतियों के प्रति उनकी प्रासंगिकता पर बल दिया।

# वीकेंड पर हिल्स क्वीन पर्यटकों से गुलजार होटलों में ऑक्यूपेंसी 70 प्रतिशत तक बढ़ी

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

वीकेंड पर हिल्स क्वीन पर्यटकों से गुलजार हो गई है। होटलों में शनिवार को ऑक्यूपेंसी 70 प्रतिशत बढ़ गई है। ऐसे में होटल कारोबारियों के भी चहरे खिल गए हैं। पर्यटक रिज मैदान, कुफरी सहित मालरोड में घूमने का आनंद उठा रहे है।

वहीं, शिमला में वाहनों की भी काफी संख्या बढ़ चुकी है। शिमला में बहुत से लोग परिवार के साथ शिमला घूमने पहुंच रहे हैं। वहीं, शिमला में सैलानियों की भारी संख्या के शिमला के पर्यटन कारोबारी खुश है। पिछले वर्ष जहां पर्यटन सीजन में मंदी के कारण सैलानियों को मायूस होना पड़ा था, तो वहीं इस बार पर्यटन कारोबारी खुश है। पिछले कुछ दिनों से हर सप्ताहांत पर शिमला में सैलानियों की काफी संख्या में शिमला पहुंच रहे हैं। (अनंत ज्ञान)



### पर्यटक बढ़ने से बढ़ती है जाम की समस्या

**शहर** में पर्यटकों की संख्या बढ़ने के साथ-साथ वाहनों की संख्या भी बढ़ चुकी है। ऐसे में शहर में जाम की समस्या भी विक्राल हो चुकी है। लोगों को मिनटों का सफर घंटों में तय करना पढ़ रहा है। इस बार प्रशासन भी जाम से निजात दिलाने के लिए कुछ सख्त कदम उठाते नजर नहीं आ रहा है।

### अभी और ज्यादा आएंगे पर्यटक

**होटल** स्टेक होल्डर महेंद्र सेठ ने कहा कि शिमला में वीकएंड पर होटलों में 60 से 70 प्रतिशत ऑक्यूपेंसी बढ़ी है। उम्मींद है कि कल तब पर्यटक इससे भी ज्यादा बढ़ सकते है। होटलों में पर्यटकों को किसी भी प्रकार की कोई दिक्कतें नहीं आ रही है। अगर कोई भी पर्यटक शिमला आना चाहते है तो वह आए और घूमने का आनंद उठाए। होटलों में अभी ऑक्यूपेंसी है।

### पीएम राम के नाम पर कर रहे राजनीतिः नरेश

**शिमला।** कांग्रेस उपाध्यक्ष नरेश चौहान ने केंद्र की बीजेपी सरकार पर हमला बोला हैं। नरेश चौहान ने शिमला आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि राम मंदिर आस्था का विषय हैं, लेकिन पीएम मोदी का बयान कांग्रेस की सरकार सत्ता में आई तो राम मंदिर पर बुलडोजर चला देंगे दुर्भाग्यपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि देश की जनता ने बदलाव का मन बना लिया हैं। हिमाचल प्रदेश में चार लोकसभा और छह उपचुनाव में माहौल कांग्रेस के पक्ष में हैं। नरेश चौहान ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दस साल पहले जिस तरह से देश के अच्छे दिन आने की बात कही थी वे अब बताएं की देश किस दिशा मे जा रहा है। भाजपा का ये कहना की अगर केंद्र मे कांग्रेस पार्टी की सरकार आएगी तो रामलला फिर से टेंट मे जाएंगे ये बयान हास्यास्पद हैं।

**जागरूकता** बिलासपुर में अतिरिक्त उपायुक्त ने हरी झंडी दिखाकर रैली को किया रवाना

# मतदाताओं को जागरूक करने को निकाली बाइक रैली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

जिला बिलासपुर में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाताओं को जागरूक करने के लिए शनिवार को उपायुक्त कार्यालय के परिसर से बाइक एवं स्कूटी रैली निकाली गई।

रैली को अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. निधि पटेल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली का संचालन एसडीएम सदर अभिषेक गर्ग और डीएसपी मुख्यालय मदन धीमान ने किया उसके अतिरिक्त जिला यातायात प्रभारी कुलदीप सिंह और आरक्षी संजीव कुमार ने भी ट्रैफिक का संचालन करते हुए रैली में मुख्य रूप से भाग लिया। इस रैली में बिलासपुर कॉलेज और आईटीआई बिलासपुर के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। रैली उपायुक्त कार्यालय परिसर से होते हुए कॉलेज चौक, गुरुद्वारा चौक, छात्र स्कूल बिलासपुर, गर्ल्स स्कूल बिलासपुर से होते हुए हॉटस्पॉट से बामटा चौक पहुंची, जिसके बाद बामटा चौक से वापस आकर बस स्टैंड बिलासपुर होते हुए डीयारा सेक्टर से लखनपुर होते हुए वापस उपायुक्त कार्यालय परिसर में रैली का समापन हुआ। इस दौरान लोग मतदाता जागरूकता संबंधी नारे भी लगाए गए।

रैली में लोकतंत्र वाहन के द्वारा मेरा वोट, मेरी ड्यूटी गाने के माध्यम से लोगों को पहली जून को होने वाले लोकसभा चुनाव में वोट डालने के लिए जागरूक किया गया।


रैली को हरी झंडी दिखातीं एडीसी डॉ. निधि पटेल।

### स्वीप कार्यक्रमों से लोगों को कर रहे जागरूक

**इस** अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. निधि पटेल ने बताया कि जिला प्रशासन बिलासपुर लोगों को शत-प्रतिशत मतदान के लिए विभिन्न स्वीप कार्यक्रमों के माध्यम से जागरूक करने का लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि बाइक और स्कूटी रैली के माध्यम से लोगों को पहली जून के दिन मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस रैली में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग में कार्यरत सहायक सूचना अधिकारी राज कुमार, तकनीकी सहायक जसवंत सिंह, सुभाष चंद और स्वीप सेल में कार्यरत अमन और दीपक ने भी भाग लिया।

## न्यूज ब्रीफ

### 25 दिन बाद घर लौटे तारक मेहता के 'सोढ़ी'



**नई दिल्ली।** तारक मेहता का उल्टा चश्मा में रोशन सोढ़ी का किरदार निभाने वाले गुरुचरण सिंह पिछले 25 दिनों से गायब थे और उनका कुछ अता-पता नहीं चल रहा था। इसी बीच वह खुद से ही घर लौट आए हैं। उनकी वापसी पर सबसे ज्यादा खुश उनके घरवालें हैं। पुलिस ने उनसे पूछताछ की कि वह इतने दिनों तक कहां थे और क्या रहे थे। इस पर गुरुचरण ने बताया कि वह धार्मिक यात्रा पर थे और अलग-अलग शहरों के गुरद्वारों में अपना वक्त बीता रहे हैं। उनके लौटने पर अब शो में उनकी पत्नी का किरदार निभाने वाली जेनिफर मिस्त्री का बयान सामने आया है और वे काफी भड़की हुई हैं।

### रूस ने दुनिया को फिर दिखाई परमाणु ताकत



**मॉस्को।** रूस और यूक्रेन का युद्ध चल रहा है। इस बीच पुतिन ने पश्चिमी देशों को अपनी मिलिट्री पावर दिखाई है। यार्स न्यूक्लियर मिसाइल की ड्रिल देखी गई है। पश्चिमी देशों के साथ भारी तनाव के बीच रूस ने अपने परमाणु शस्त्रागार दिखाए हैं। वह भी ऐसे समय जब रूस के शीर्ष राजनयिक कहते हैं कि अमेरिका आग से खेल रहा है। रूसी रक्षा मंत्रालय ने पश्चिमी रूस के योश्कर-ओला में हुए युद्ध ट्रेनिंग का खुलासा किया है। मिसाइल इकाइयों को रूस के शहरों की सड़कों पर युद्धाभ्यास करते देखा जा सकता है। जमीन आधारित मिसाइल सिस्टम के काफिले अज्ञात सड़ों से निकलते दिखाई दिए।

### किर्गिस्तान में विदशी छात्रों की लिचिंग पर भारत अलर्ट



**बिश्केक।** किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक में अंतरराष्ट्रीय छात्रों को निशाना बनाया जा रहा है। उनपर हमले किए जा रहे हैं। हिंसा के बीच भारत और पाकिस्तान ने अपने छात्रों को 'घरों में रहने' की सलाह दी है। मध्य एशियाई देश में स्थित भारतीय दूतावास ने कहा कि वह भारतीय छात्रों के संपर्क में हैं और स्थिति अब शांत है। मिशन ने शहर में रह रहे भारतीय छात्रों को घर के अंदर रहने का परामर्श दिया है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भारतीय छात्रों को भारतीय दूतावास के साथ नियमित संपर्क में रहने की सलाह दी।

### स्पाइसजेट को राहत, 579 करोड़ देने का आदेश रद्द



**नई दिल्ली।** न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा एवं न्यायमूर्ति रविंद्र डुडेजा की पीठ ने इसके साथ ही एकल पीठ के 31 जुलाई 2023 के आदेश को चुनौती देने वाली कंपनी व सिंह की अपील को स्वीकार कर लिया। पीठ ने कहा कि यह अपील स्वीकार की जाती है। नतीजतन 31 जुलाई 2023 का (एकल पीठ का) आदेश रद्द किया जाता है। यह मामला जनवरी 2015 का है जब सिंह ने संसाधनों की कमी के कारण महीनों तक बंद रहने के बाद एयरलाइन को मारन से वापस खरीद लिया था। न्यायाधिकरण ने मारन को निर्देश दिया था कि सिंह व एयरलाइन को दंडात्मक ब्याज के रूप में 29 करोड़ रुपए का भुगतान करे। वहीं सिंह को ब्याज के साथ 579 करोड़ रुपए वापस करने को कहा था।

### बिना वीजा रूस जा सकेंगे भारतीय, समझौते की संभावना

**मॉस्को।** रूस भारतीय पर्यटकों को आकर्षित करना चाहता है और इसके लिए वह भारतीयों को वीजा फ्री आगमन की अनुमति देने जा रहा है। दोनों देशों के बीच इस साल के अंत तक समझौता होने की संभावना है। एक-दूसरे देश के नागरिकों को वीजा फ्री आवागमन की सुविधा देने को लेकर भारत और रूस के उच्च अधिकारियों की एक दिन पहले कजान शहर में बैठक हुई है। बहुत संभव है कि इस साल के अंत में जब दोनों देशों के शीर्ष नेताओं की बैठक हो तब समझौता हो। भारत के प्रधानमंत्री और रूस के राष्ट्रपति के बीच सालाना बैठक होती है। हालांकि 2022 व 2023 में यह नहीं हुई। दोनों तरफ से इस साल बैठक कराने की योजना है।

### धावक रॉजर्स क्वेमोई पर छह साल का प्रतिबंध



**नैरोबी।** केन्याई ओलंपियन और पूर्व अंडर-20 विश्व 10,000 मीटर चैंपियन रॉजर्स क्वेमोई पर एथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट (एआईयू) ने रक्त डोपिंग के लिए छह साल का विस्तारित प्रतिबंध लगाया है। क्वेमोई को अपने एथलीट जैविक पासपोर्ट (एबीपी) में असामान्यताओं के कारण अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाने के लिए रक्त बूस्टर का उपयोग करने का दोषी पाया गया था। 27 वर्षीय धावक को पोलैंड में 2016 विश्व अंडर-20 चैंपियनशिप में शानदार जीत के बाद पूर्वी अफ्रीकी देश में लंबी दूरी की ट्रैक दौड़ का भविष्य माना जाता था। लंदन में डेविड शार्प की अध्यक्षता वाले तीन-न्यायाधीशों के पैनल ने उन्हें रक्त डोपिंग का दोषी ठहराया।

### सुनील गावस्कर ने सराही रोहित की पारी



**मुंबई।** मुंबई इंडियंस के लिए रोहित शर्मा देर से फॉर्म में लौटे, लेकिन महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर का मानना है कि अगले महीने होने वाले टी-20 विश्व कप से पहला उनका फॉर्म में आना उनके और भारतीय टीम के लिए अच्छा संकेत है। आईपीएल के इस सत्र के पहले चरण में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ नाबाद 105 रन बनाने वाले रोहित सात में से चार मैचों में दोहरे अंक तक नहीं पहुंच सके। उन्होंने हालांकि आखिरी मैच में लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ 38 गेंद में 68 रन बनाए।

### भारत का कोच बनना बड़ी जिम्मेदारी : लैंगर



**मुंबई।** भारत का कोच बनना क्रिकेट जगत की सबसे बड़ी जिम्मेदारियों में से एक है और ऑस्ट्रेलिया के पूर्व मुख्य कोच जस्टिन लैंगर का मानना है कि अगर टाइमिंग सही नहीं हो तो यह काफी थकाऊ काम हो सकता है। आईपीएल के इस सत्र में लखनऊ सुपर जाइंट्स के कोच रहे लैंगर से कई बार पूछा गया कि क्या वह भारत का कोच बनने के इच्छुक हैं चूंकि राहुल द्रविड़ का कार्यकाल टी20 विश्व कप के बाद खत्म हो रहा है।

### इटालियन फाइनल में ज्वेरेव का सामना जेरी से



**रोम।** पांचवीं रैंकिंग वाले अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने चिली के अलेजांद्रो ताबिलो को 1-6, 7- 6, 6-2 से हराकर इटालियन ओपन टेनिस के फाइनल में प्रवेश कर लिया। फाइनल में उनका सामना चिली के ही निकोलस जेरी से होगा, जिन्होंने टॉमी पॉल को हराया है। रोम में ज्वेरेव का यह तीसरा फाइनल है । उन्होंने 2017 में नोवाक जोकोविच को हराकर पहला मास्टर्स सीरिज खिताब जीता था । इसके एक साल बाद वह रफेल नडाल से हार गए । महिला फाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त इगा स्वियातेक का सामना दूसरी रैंकिंग वाली एरिना सबालेंका से होगा।

### अपनी तकदीर का खुद मालिक है रोहित : बाउचर



**मुंबई।** मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच मार्क बाउचर ने कहा कि रोहित शर्मा अपनी तकदीर के खुद मालिक है और आईपीएल के अगले सत्र से पहले मेगा नीलामी से पूर्व मुंबई के सबसे सफल कप्तान की भविष्य की योजनाओं के बारे में उन्हें जानकारी नहीं है ।भारतीय टीम के कप्तान रोहित को इस साल मुंबई की कप्तानी से हटाकर हार्दिक पंड्या को कमान सौंपी गई थी।

### अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतर सका : रोहित



**मुंबई।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने स्वीकार किया कि आईपीएल के मौजूदा सत्र में वह अपने मानदंडों के अनुरूप बल्लेबाजी नहीं कर सके, लेकिन उन्होंने इस पर ज्यादा माथापच्ची करने की बजाय सकारात्मक सोच के साथ गलतियों पर काम करने पर फोकस किया। एक बल्लेबाज के तौर पर मैं जानता हूं कि अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतर सका, लेकिन इतने साल खेलने के बाद मुझे इतना पता है कि जरूरत से ज्यादा सोचूंगा तो अच्छा नहीं खेल पाऊंगा ।

# 34 विद्रोहियों ने भारत-म्यांमार बॉर्डर पर किया सरेंडर, असम राइफल्स के सामने डाले हथियार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

मणिपुर में घुसपैठ की कोशिश कर रहे नॉर्थ ईस्ट के सबसे पुराने विद्रोही दलों में से एक यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट पांबेई के 34 कैडरों ने असम राइफल्स के सामने शुक्रवार को सरेंडर कर दिया।

ऑटोमैटिक हथियारों से लैस इन विद्रोहियों की इनके म्यांमार के प्रतिद्वंद्वियों से गोलीबारी चल रही थी। इसी गोलीबारी से बचने के लिए विद्रोहियों ने मणिपुर में घुसने की कोशिश की थी। यूएनएलएफ-पी ने 29 नवंबर 2023 को केंद्र और मणिपुर सरकार के साथ युद्धविराम समझौता किया था। यूएनएलएफ सहित नॉर्थ ईस्ट के अधिकांश विद्रोही समूहों ने म्यांमार में अपना ठिकाना बना रखा है। वे भारत से कैडरों की भर्ती करते हैं और म्यांमार कैंप लगाकर उन्हें ट्रेनिंग देते हैं।

इन विद्रोही समूहों के मास्टरमाइंड भी अक्सर म्यांमार में रहकर ही ऑपरेट करते हैं।



## भाजपा हेडक्वार्टर आ रहा हूं, हम सबको जेल में डाल दो : केजरीवाल

**एजेंसी, नई दिल्ली**



आम आदमी पार्टी की सांसद स्वाति मालीवाल के साथ कथित मारपीट और बदसलूकी के मामले के बीच दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बीजेपी पर निशाना साधा। केजरीवाल ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस की और कहा, कि प्रधानमंत्री जी, यह एक-एक करके क्या आप हम लोगों को गिरफ्तार कर रहे हैं? एक साथ सभी को गिरफ्तार कर लीजिए।

इस बीच तीस हजारी कोर्ट ने विभव कुमार की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आप देख सकते हैं कि वह 'आप' कि पीछे कैसे हैं... मैं प्रधानमंत्री को बताना चाहूंगा कि आप यह जेल का खेल खेल रहे हैं। कल, मैं दोपहर 12 बजे आम आदमी पार्टी के सभी नेता, सांसद और विधायकों के साथ बीजेपी हेडक्वार्टर आ रहा हूं, आप जिसे चाहें, उसे जेल में डाल सकते हैं।

## उत्तर कोरिया ने सामरिक बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण किया

**नई दिल्ली।** उत्तर कोरिया लगातार अपनी सैन्य शक्ति को मजबूत करने में लगा हुआ है। ऐसे में शुक्रवार को उत्तर कोरिया ने एक फायर बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण भी किया। अब खबर है कि राष्ट्रपति किम जोंग ने न्यूक्लियर पावर को और मजबूत करने के लिए ठोस कदम उठाने पर जोर दिया है। राज्य की मीडिया केसीएनए ने शनिवार को कहा कि उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन ने देश की परमाणु शक्ति को और अधिक तेजी मजबूत करने के लिए ज्यादा उत्पादन का आदेश दिया। केसीएनए ने कहा कि एक हथियार कारखाने का दौरा करते समय किम ने परमाणु शक्ति और मजबूत करने को कहा। इस दौरान किम ने कहा, उत्तर कोरिया की परमाणु शक्ति से दुश्मन डर जाएगा। इस दौरान बैलिस्टिक मिसाइलों का परीक्षण भी किया गया। अधिकारियों ने नई ऑटोनोमस नेविगेशन सिस्टम के सटीक होने और विश्वसनीयता का आकलन करने के लिए जापान सागर में इसका सफल परीक्षण किया। राष्ट्रपति उन ने मिसाइल परीक्षण को लेकर खुशी जताई है।

# लोकसभा चुनाव के छठे चरण का मतदान 25 को

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**8 राज्यों की 58 सीटों पर 889 उम्मीदवार मैदान में**

लोकसभा चुनाव के छठे चरण में दिल्ली, हरियाणा सहित आठ राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों की 58 सीटों पर 25 मई को मतदान होगा। इस चरण में 889 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं।

इसमें एक अनंतनाग-राजौरी सीट भी है, जहां तीसरे चरण के स्थान पर छठे चरण में मतदान होगा। चुनाव आयोग के मुताबिक दिल्ली, हरियाणा, बिहार, उत्तर प्रदेश, झारखंड समेत सात राज्यों की 57 लोकसभा सीटों के लिए 1978 नामांकन प्राप्त हुए थे। वहीं केंद्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर की अनंतनाग-राजौरी सीट पर मतदान को 7 मई के स्थान पर अब छठे चरण में 25 मई को कराया जा रहा है। छठे चरण के लिए 6 मई नामांकन की अंतिम तारीख थी। सभी नामांकन की जांच के बाद 900 नामांकन वैध पाए गए। अनंतनाग सीट पर 28 नामांकन किए गए थे, जिसमें से 21 वैध पाए गए। छठे चरण में उत्तर प्रदेश की 14 सीटों के लिए सबसे अधिक 470 नामांकन प्राप्त हुए हैं।

हरियाणा की 10 सीटों के लिए 370 नामांकन किए गए हैं। रांची लोकसभा सीटों के लिए 70 और नॉर्थ ईस्ट दिल्ली सीट के लिए 69 नामांकन प्राप्त हुए थे। इस चरण में औसतन 15 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। बिहार की 8 सीटों के लिए 86, हरियाणा की 10 के लिए 223, जम्मू-कश्मीर की एक के लिए 20, झारखंड की चार सीटों के लिए 93, दिल्ली की 7 सीटों के लिए 162, ओडिशा की 6 सीटों के लिए 64, उत्तर प्रदेश की 14 सीटों के लिए 162 और पश्चिम बंगाल की 8 सीटों के लिए 69 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं।

## स्पेशल ट्रेडिंग सेशन में शेयर बाजार मजबूत, 74 हजार के पार बंद हुआ सेंसेक्स

**एजेंसी, मुंबई**

डिजास्टर रिकवरी साइट की टेस्टिंग के लिए शनिवार को घरेलू शेयर बाजार के स्पेशल ट्रेडिंग सेशन के दौरान सेंसेक्स और निफ्टी बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स एक बार फिर 74 हजार अंक के स्तर को पार करके और निफ्टी 22,500 अंक के ऊपर बंद हुआ।



अगले सप्ताह के पहले कारोबारी दिन यानी 20 मई को मुंबई में वोटिंग होने की वजह से शेयर बाजार में छुट्टी रहेगी। शेयर बाजार में किसी भी इमरजेंसी की स्थिति का सामना करने के लिए की गई तैयारी को टेस्ट करने के इरादे से शनिवार को स्पेशल ट्रेडिंग सेशन का आयोजन किया गया था। इस तरह के स्पेशल ट्रेडिंग सेशन में शेयर बाजार के कारोबार को प्राइमरी साइट से डिजास्टर रिकवरी (डीआर) साइट पर शिफ्ट किया जाता है। शनिवार का कारोबार दो अलग-अलग सत्र में किया गया। बीएसई के सेंसेक्स ने 4.43 अंक की मामूली बढ़त के साथ 73,921.46 अंक के स्तर से पहले सत्र के कारोबार की शुरुआत की। इस सत्र के कारोबार में शेयर बाजार 158 अंक उछलने में सफल रहा, जबकि दूसरे सत्र में ये सूचकांक 245.73 अंक उछल कर 74,162.76 अंक तक पहुंच गया। दोनों सत्रों का कारोबार खत्म होने के बाद सेंसेक्स 88.91 अंक की मजबूती के साथ 74,005.94 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

## चुनाव लड़ रहे अजय राय को हाईकोर्ट से झटका



**नई दिल्ली।** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा। अजय राय द्वारा वाराणसी के चेतगंज थाने में दर्ज गैंगस्टर केस में चल रहे ट्रायल पर रोक लगाने और आपराधिक कार्रवाई को रद्द करने की मांग की गई थी। जिस पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने अपराधिक को रद्द करने और ट्रायल पर रोक लगाने की मांग को खारिज कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि ट्रायल पर रोक लगाने का कोई वैधानिक आधार नहीं है।

## प्रकृति प्रेमियों के लिए एक जून से खुलेगी फूलों की घाटी

**एजेंसी, गोपेश्वर**



उत्तराखंड के चमोली जिले में स्थित विश्व प्रसिद्ध फूलों की घाटी ट्रेक एक जून से 30 अक्तूबर तक पर्यटकों के लिए खोल दी जाएगी। यहां पांच सौ से अधिक प्रजाति के रंग-बिरंगी फूल खिलते हैं।

प्रकृति प्रेमियों के लिए फूलों की घाटी से टिपरा ग्लेशियर, रताबन चोटी, गौरी और नीलगिरी पर्वत के बिहंगम नजारे भी देखने को मिलते है। उपवन संरक्षक बीबी मर्तोलिया ने बताया कि फूलों की घाटी के लिए पर्यटकों का पहला दल एक जून को घांघरिया बेस कैंप से रवाना किया जाएगा। पर्यटकों को फूलों की घाटी का ट्रैक करने के बाद उसी दिन बेस कैंप घांघरिया वापस आना होगा। बेस कैंप घांघरिया में पर्यटकों के ठहरने की समुचित व्यवस्था है। उन्होंने बताया कि वैली ऑफ फ्लावर ट्रैकिंग के लिए देशी नागरिकों को दो सौ रुपए तथा विदेशी नागरिकों के लिए आठ सौ रुपए ईको ट्रेक शुल्क निर्धारित किया गया है।

# दूसरा स्थान पक्का करने उतरेगी राजस्थान रॉयल्स टीम

### आईपीएल : कोलकाता नाइट राइडर्स टीम 19 अंक के साथ शीर्ष पर, रॉयल्स के 16 अंक

**एजेंसी, गुवाहाटी**

**राजस्थान** रॉयल्स चार मैचों के हार के सिलसिले को तोड़कर रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग के अहम मैच में चोटी की टीम कोलकाता नाइट राइडर्स को हराकर शीर्ष दो में जगह पक्की करने उतरेगी।



सोलह अंक लेकर प्लेऑफ में जगह बना चुके रॉयल्स लगातार चार मैच हार चुके हैं। पिछले दो मैचों में टीम 150 के पार भी नहीं पहुंच सकी और अब इंग्लैंड के स्टार सलामी बल्लेबाज के स्वदेश लौटने के बाद उसकी राह और कठिन हो गई है। ऐसे में यशस्वी जायसवाल, कप्तान संजू सैमसन और स्थानीय हीरो रियान पराग को अतिरिक्त जिम्मेदारी निभानी होगी। प्लेऑफ में शीर्ष दो में रहकर जाने से उनके पास फाइनल में पहुंचने के दो मौके रहेंगे। केकेआर के 19 अंक है और उसका शीर्ष पर रहना तय है। अहमदाबाद में गुजरात टाइटंस के खिलाफ पिछला मैच बारिश में धुलने से उसे एक अंक मिला। केकेआर के खिलाड़ियों के हौसले बुलंद हैं, लेकिन उसे आत्ममुग्धता से बचना होगा। मुंबई इंडियंस के खिलाफ 11 मई को ईडन गार्डंस पर हुए मुकाबले के बाद से केकेआर ने बारिश की भेंट हुए इस मैच के अलावा कोई मुकाबला नहीं खेला है ।

### अय्यर और रसल पर बल्लेबाजी का दारोमदार

**फॉर्म** में चल रहा इंग्लैंड का सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट भी नहीं है, जो पाकिस्तान के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के लिए स्वदेश लौट चुके हैं। केकेआर के दो सलामी बल्लेबाजों साल्ट और सुनील नारायण ने मिलकर इस सत्र में सात अर्धशतक और एक शतक समेत 182 से अधिक के स्ट्राइक रेट से 897 रन बनाए हैं। साल्ट की जगह रहमानुल्लाह गुरबाज ले सकते हैं, लेकिन मैदान पर उतरते ही साल्ट की तरह आक्रामक खेलने की उनसे उम्मीद नहीं की जा सकती।

## हार्दिक पर एक मैच का निलंबन, 30 लाख जुर्माना

**एजेंसी, मुंबई**



**अगला मैच नहीं खेल पाएंगे**

**मुंबई** इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या पर आईपीएल के इस सत्र में धीमी ओवरगति के तीसरे अपराध के लिए एक मैच का निलंबन और 30 लाख रुपए जुर्माना लगाया है।

लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ शुक्रवार को आखिरी लीग मैच के साथ ही इस सत्र में मुंबई का अभियान खत्म हो गया यानी पंड्या अगले सत्र में पहला मैच नहीं खेल सकेंगे। यह आईपीएल की आचार संहिता के तहत धीमी ओवरगति का मुंबई इंडियंस का तीसरा अपराध था, लिहाजा हार्दिक पंड्या पर 30 लाख रुपए जुर्माना और अगले मैच के लिए निलंबन लगाया गया है। इंपैक्ट खिलाड़ी रोहित शर्मा समेत टीम के बाकी सदस्यों पर मैच फीस का 50 प्रतिशत या 12 लाख रुपए में से जो कम हो, जुर्माना लगाया है।

## थाईलैंड ओपन के फाइनल में पहुंचे सात्विक-चिराग

**बैंकॉक।** विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर काबिज सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल ने शनिवार को यहां चीनी ताइपे के लू मिंग-चे और तांग काई-वेई की जोड़ी पर सीधे गेम में आसान जीत के साथ थाईलैंड ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता सात्विक और चिराग को सुपर 500 स्तर के इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल को जीतने में महज 35 मिनट का समय लगा। उन्होंने 21-11 21-12 से आसान जीत दर्ज की।

## इंपैक्ट खिलाड़ी के नियम ने खेल का संतुलन बिगाड़ा : कोहली

**एजेंसी, बेंगलुरु**



**विराट** कोहली ने इंपैक्ट खिलाड़ी के नियम की आलोचना करते हुए कहा कि इससे खेल का संतुलन बिगड़ रहा है।

आईपीएल के पिछले सत्र से पारी के बीच में स्थानापन्न खिलाड़ी को उतारने का नियम शुरू हुआ है, जिस पर रोहित ने भी नाराजगी जताई थी ।मैं रोहित का समर्थन करता हूं। मनोरंजन खेल का एक पहलू है, लेकिन संतुलन भी होना चाहिए। इससे खेल का संतुलन बिगड़ा है। आईपीएल के इस सत्र में आठ बार 250 रन से अधिक का स्कोर बना और कोहली गेंदबाजों का दर्द समझते हैं। गेंदबाजों को लग रहा है कि हम क्या करें। मैने कभी ऐसा नहीं देखा जब गेंदबाजों को लगता है कि वे हर गेंद पर चार या छह रन देंगे। हर टीम के पास बुमराह या राशिद खान तो है नहीं।

# टी-20 विश्व कप के लिए कुछ खिलाड़ी 25 को न्यूयॉर्क होंगे रवाना

**एजेंसी, नई दिल्ली**



भारत के अधिकांश क्रिकेटर और सहयोगी स्टाफ टी-20 विश्व कप के लिए 25 मई को न्यूयॉर्क रवाना होगा जबकि और बाकि 26 मई को आईपीएल फाइनल के बाद जाएंगे। इससे पहले आईपीएल प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई नहीं कर सकी। टीमों के सदस्यों को 21 मई को रवाना होना था, लेकिन बाद में योजना में बदलाव हुआ। अब वे 25 मई को रवाना होंगे।

रोहित शर्मा, हार्दिक पंड्या, सूर्यकुमार यादव, जसप्रीत बुमराह, ऋषभ पंत, अर्शदीप सिंह, अक्षर पटेल और सहयोगी स्टाफ 25 मई को रवाना होंगे। आईपीएल फाइनल खेलने वाले खिलाड़ी 27 मई को रवाना होंगे। भारत को पहला मैच पांच जून को आयरलैंड से और नौ जून को पाकिस्तान से खेलना है।

### भारतीय टीम

रोहित शर्मा (कप्तान ), हार्दिक पंड्या, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, संजू सैमसन, शिवम दुबे, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज।

## गेट टेस्फॉ ने 1,500 मीटर रेस में बनाया विश्व रिकॉर्ड

**एजेंसी, कोबे**



**इथियोपियाई** पैरा एथलीट यायेश गेट टेस्फॉ ने शनिवार को पैरा एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप में महिलाओं की 1,500 मीटर टी11 फाइनल में एक नए विश्व रिकॉर्ड के साथ जीत हासिल की।

सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, दृष्टिबाधित धावक ने मध्य जापानी बंदरगाह शहर कोबे के यूनिवर्सिएड मेमोरियल स्टेडियम में 4 मिनट 31.77 सेकेंड का समय निकाला, जो पिछले रिकॉर्ड से लगभग छह सेकेंड कम है। चीन की ही शानशान को 4:34.12 के नए एशियाई रिकॉर्ड के साथ रजत पदक मिला। दक्षिण अफ्रीका की लुजैन कोएत्जी ने कांस्य पदक जीता।

पहली बार पूर्वी एशिया में आयोजित और पेरिस 2024 पैरालंपिक खेलों के लिए एक महत्वपूर्ण क्वालीफायर, कोबे 2024 पैरा एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप में 168 स्पर्धाओं में 100 देशों और क्षेत्रों के 1,000 से अधिक एथलीट प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। कोबे 2024 पैरा एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप का 11वां संस्करण है,जो 25 मई तक चलेगा

**टूर्नामेंट** तीन गोलों के अंतर से था जीतना जरूरी, जाम्बिया पर 1-0 से दर्ज कर पाई जीत

# फीफा कप में क्वालीफाई नहीं कर पाई युगांडा की टीम

**एजेंसी, कंपाला**

फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप क्वालीफायर 2024 के तीसरे दौर के दूसरे चरण में जाम्बिया पर 1-0 से मिली जीत बावजूद युगांडा टीम 2-1 के कुल स्कोर से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गई।

जाम्बिया ने पिछले रविवार को नेशनल हीरोज स्टेडियम में रूथ मुकोमा और नमुते चिलेशे के गोलों की बदौलत क्वालीफायर के तीसरे दौर के पहले चरण में 2-0 से जीत दर्ज की थी। युगांडा को आगे बढ़ने के लिए इस मैच को 3 गोलों के अंतर से जीतना था, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। सेंट मैरीज स्टेडियम, किटेन्डे में खेले गए मैच में पहला हाफ गोलरहित रहने के बाद, मेजबान युगांडा ने दूसरे हाफ में दबाव बनाया और 73वें मिनट में सिल्विया काबेने ने गोल कर टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। युगांडा की युवा महिला टीम ने इसके बाद गोल करने के और प्रयास किए, लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली और टीम क्वालीफायर से बाहर हो गई। जाम्बिया की कप्तान जांगोज़ जुलु ने भी स्पष्ट किया कि उन्होंने युगांडा से आगे निकलने के लिए एक टीम के रूप में कड़ी मेहनत की है। जुलू ने कहा किअपने सभी साथियों को कड़ी मेहनत के लिए धन्यवाद देती हूं।



### टीम ने किया अच्छा प्रदर्शन : कैरोल

मैच के बाद जाम्बिया के कोच कैरोल कान्येम्बा ने मेजबान टीम के दबाव को झेलकर अच्छा प्रदर्शन करने के लिए अपनी टीम की प्रशंसा की। कान्येम्बा ने कि मुझे खुशी है कि हमने चौथे दौर के लिए क्वालीफाई कर लिया है और हमें कड़ी मेहनत करते रहने की जरूरत है, क्योंकि हम विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने के लिए भूखे हैं।